सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:05

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.4 न्यू | 19.5 अधि |
| धर्मशाला | 10.6 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,328 |
| निफ्टी | 24,176 |

सोना 1,51,000 चांदी 2,55,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 9 मई 2026 | 26 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 130, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अब एटीएम और यूपीआई से निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अब कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) का पैसा जल्द ही एटीएम और यूपीआई के जरिए आसानी से निकाला जा सकेगा। जानकारी के अनुसार, इस सुविधा की शुरुआत मई के अंत तक किए जाने की संभावना है, जिससे पीएफ खाताधारकों को बड़ी राहत मिलेगी। ईटी नाउ के सूत्रों के मुताबिक, ईपीएफओ डैशबोर्ड पर करीब 7 करोड़ 98 लाख 24 हजार 491 सदस्य जुड़े हुए हैं। इनमें से 7.74 करोड़ से अधिक सदस्यों की आधार केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिससे डिजिटल लेनदेन और तेज व आसान हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बिहार में पुलिस ने शिक्षक अभ्यर्थी दौड़ा-दौड़ाकर पीटे

**एजेंसी, पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार बनते ही एक बारे फिर राजधानी पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों ने अपनी मनाग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शुक्रवार को सम्राट सरकार की पुलिस ने शिक्षक अभ्यर्थियों पर बेरहमी की तरह लाठीचार्ज किया। पुलिस की इस कार्रवाई में कई शिक्षक अभ्यर्थी बूरी तरह से घायल हो गए। कई लोगों को सिर में चोटें आईं, जबकि कुछ अन्य बेबस होकर जमीन पर गिर पड़े। इस मामले में अब केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। (अनंत ज्ञान)

### लखीमपुर केस में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रहे अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पिछले दो महीनों से किसी गवाह का बयान दर्ज नहीं हुआ है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की स्टेटस रिपोर्ट को निराशाजनक बताया। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को गवाहों की मौजूदगी सुनिश्चित करने और मुकदमे की सुनवाई तय समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव के चलते लीट पैट परीक्षाएं जून में

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय और पंचायतीराज चुनावों के चलते तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने लीट और पैट प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया है। पहले ये परीक्षाएं 17 और 24 मई को प्रस्तावित थीं, लेकिन अब इन्हें जून में आयोजित किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने नई तिथियों को लेकर प्रस्ताव तकनीकी शिक्षा निदेशालय को भेज दिया है। चुनावी व्यस्तता और शिक्षण संस्थानों पर पड़ने वाले दबाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें



- पटवारी करेंगे नशा कारोबारियों की रिपोर्ट -पेज 2
- कांगड़ा संग्रहालय में जल्द ऐतिहासिक वस्तुओं को निहार पाएंगे पर्यटक -पेज 5
- सुंदरनगर में टिप्पर और कार में टक्कर, पांच लोग घायल -पेज 9


# हिमाचल में जिला परिषद और बीडीसी चेयरमैन चुनाव की टाइम लिमिट खत्म

## सरकार ने बदला एक्ट, कहा-7 दिन में चयन जरूरी नहीं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जिला परिषद (जेडपी) और पंचायत समिति (बीडीसी) चेयरमैन व वाइस चेयरमैन चुनने के लिए अब टाइम लिमिट की कोई बंदिश नहीं रही। राज्य सरकार ने पंचायतीराज एक्ट में संशोधन कर समय सीमा की शर्त हटा दी है। अब डीसी अपने हिसाब से कभी भी जेडपी और बीडीसी चेयरमैन का चयन कर सकेंगे।



जानकारों की मानें तो टाइम लिमिट खत्म होने के बाद चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के चयन में छह महीने से एक साल भी लग सकता है। इससे सरकारी कामकाज प्रभावित होंगे। जब तक चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चयन नहीं होगा, तब तक जेडपी और बीडीसी की बैठकें नहीं बुलाई जा सकेंगी।

इन बैठकों में पंचायतों की योजनाएं, सड़क, पेयजल, बजट अनुमोदन जैसे विकास कार्यों की मंजूरी लाई जाती है। जनता ने जिस राजनीतिक माहौल में वोट दिया, लंबे इंतजार के बाद समीकरण बदल सकते हैं। अन्य राज्यों की तरह सदस्यों को 'सेफ लोकेशन' या होटल/रिसॉर्ट में रखने जैसी राजनीति पंचायत स्तर तक आ सकती है।

वहीं, हिमाचल हाईकोर्ट के एडवोकेट पवन शर्मा ने कहा कि टाइम लिमिट खत्म करने से जिला परिषद और बीडीसी की हॉर्स ट्रेडिंग (खरीद-फरोख्त) होगी। राजनीतिक दलों को इसके लिए पर्याप्त समय मिलेगा। धनबल का प्रयोग बढ़ेगा। लोकतंत्र के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है।

उधर, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि जिला परिषद और बीडीसी चेयरमैन चुनने की टाइम लिमिट हटा दी गई है। इसके लिए एक्ट में अमेंडमेंट लाई गई है। हॉर्स ट्रेडिंग जैसी कोई बात नहीं होगी।

### टाइम लिमिट खत्म करने का क्या असर होगा?

**जिला** परिषद और बीडीसी चेयरमैन व वाइस चेयरमैन चुनने की टाइम लिमिट खत्म करने से प्रमुख राजनीतिक दलों में टकराव बढ़ेगा। विपक्ष इसके संकेत दे चुका है। यदि किसी दल के पास बहुमत नहीं होगा तो वह बैठक को टालने के लिए दबाव बनाएगा। इससे चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चयन लटक जाएगा। हालांकि, जिला परिषद और बीडीसी के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं होते। फिर भी एक्ट को बदलकर नई बहस को जन्म दिया गया है।

# सीएम से मुलाकात की प्रक्रिया हुई आसान, डिजिटल पास प्रणाली शुरू

## अब आधार फेस ऑथेंटिकेशन और ओटीपी से होगी एंट्री व बैठक प्रबंधन



बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री से भेंट की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सचिवालय में डिजिटल गेट पास प्रणाली शुरू की गई है। इस ऑनलाइन व्यवस्था से अब डाउनलोड करने योग्य गेट पास स्वतः तैयार होगा, जिससे कागजी प्रक्रिया की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

बिना पूर्व अनुमति आने वाले आगंतुकों के लिए स्वागत कक्ष से सीधे डिजिटल गेट पास जारी किया जा सकेगा। इसमें ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण और आधार फेस ऑथेंटिकेशन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं शामिल की गई हैं। सुरक्षा कर्मी बारकोड स्कैन कर प्रवेश सत्यापित करेंगे।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'यूनिफाइड डिजिटल कैलेंडर एंड अप्वॉइंटमेंट मैनेजमेंट सिस्टम' भी लॉन्च किया, जो मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए प्रमुख डिजिटल इंटरफेस के रूप में काम करेगा। यह प्रणाली सरकारी विभागों को बैठक अनुरोध भेजने और स्वीकृति के बाद स्वतः डिजिटल कैलेंडर में अपडेट की सुविधा देगी।

इससे सरकार और जनता के बीच संवाद अधिक तेज और प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री ने हिमाचल भवन, दिल्ली और चंडीगढ़ में सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा हिमाचल भवन दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने को कहा। उन्होंने हिमाचल निकेतन परियोजना को 15 जून से पहले पूरा करने और बुकिंग में क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने के निर्देश भी दिए।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर अब 8 विमान सेवाएं

अनंत ज्ञान



**गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे पर विमान सेवाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पर्यटन सीजन और आईपीएल मैचों के चलते शनिवार से स्पाइसजेट की दिल्ली-गगल रूट पर दो अतिरिक्त उड़ानें शुरू हो रही हैं, जिससे अब इस रूट पर कुल चार सेवाएं हो जाएंगी।

जानकारी के अनुसार, धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों और धौलाधार की वादियों में घूमने आने वाले पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एयरलाइंस ने यह कदम उठाया है। इससे बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों और क्रिकेट दर्शकों को सीधा लाभ मिलेगा। इन उड़ानों के शुरू होने से होटल, टैक्सी और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इसके साथ ही एलाइंस एयर भी शिमला से गगल के लिए अपनी उड़ान सेवा दोबारा शुरू करने जा रही है। वर्तमान में इंडिगो की तीन और स्पाइसजेट की दो उड़ानें दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए संचालित हो रही हैं। नई सेवाओं के बाद गगल एयरपोर्ट से कुल उड़ानों की संख्या बढ़कर 8 हो जाएगी।

### मेक्सिको में कॉन्सर्ट के दौरान भीषण आग, 5 लोगों की मौत

**एजेंसी, टैबास्को।** मेक्सिको में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। यह घटना एक फेयरग्राउंड में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां हजारों लोग मौजूद थे। आग लगते ही कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा फेयरग्राउंड उसकी चपेट में आ गया। हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट या स्टेज पर इस्तेमाल किए गए तकनीकी उपकरणों को आग लगने की वजह माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक जांच अभी जारी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर की बमबारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**◆ ट्रंप बोले-डील नहीं की तो और हमले करेंगे, होर्मुज में 1500 जहाज फंसे**



अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है।

ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रंप ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था।

इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी आईएमओ के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज ने कहा है कि होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं। इन जहाजों के साथ लगभग 20 हजार नाविक भी फंसे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### केरल में जल्द दस्तक देगा मॉनसून: मौसम विभाग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच राहत की खबर है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून जल्द ही केरल पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में शुष्क मौसम की पकड़ मजबूत होने और एशियाई मॉनसून के भारत की ओर बढ़ने से यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि मानसूनी गतिविधियां अब दक्षिणी गोलार्ध से उत्तर की ओर शिफ्ट हो रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई मौसम ब्यूरो ने 2025-26 के बारिश मौसम के समाप्त होने की घोषणा की है, जिसे मौसम विशेषज्ञ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बड़े बदलाव की शुरुआत मान रहे हैं। इसके बाद केरल में लगभग 1 जून के आसपास मॉनसून के समय पर पहुंचने की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण भारत के कई राज्यों केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। वहीं, उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में कहीं तेज गर्मी तो कहीं बारिश और ओलावृष्टि से मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

# भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड बम किट 'तारा' की सफल उड़ान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने ओडिशा तट पर 'टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन' यानी 'तारा' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण कर देश की सामरिक क्षमता को नई मजबूती दी है। इसे भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रणाली भविष्य के युद्धक्षेत्र में भारतीय वायु सेना की सटीक हमला क्षमता को कई गुना बढ़ा सकती है। यह प्रणाली भारतीय सेना के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। यह कम लागत में पुराने हथियारों को आधुनिक बनाकर बड़े पैमाने पर सटीक हमले की क्षमता प्रदान करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता को स्वदेशी रक्षा तकनीक के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया, जबकि डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामत ने वैज्ञानिकों, वायु सेना और उद्योग भागीदारों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### 'तारा' ग्लाइड बम किट?

**'तारा'** एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है, जिसे सामान्य और बिना दिशा-निर्देशन वाले बमों को प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। यह तकनीक पुराने बमों को भी स्मार्ट और अत्यधिक सटीक हमला करने योग्य बना देती है, जिससे कम लागत में अधिक प्रभावी सैन्य क्षमता मिलती है।

### इंडोनेशिया: माउंट डुकोनो ज्वालामुखी फटने से 3 मरे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के नॉर्थ हलमहेरा इलाके में स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में शुक्रवार सुबह विस्फोट हो गया। हादसे में 2 विदेशी नागरिकों समेत 3 ट्रैकर्स की मौत हो गई। सभी ट्रैकर्स प्रतिबंधित क्षेत्र में मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक ज्वालामुखी फटने के समय कुल 20 ट्रैकर्स पहाड़ पर थे। इनमें 9 सिंगापुर के नागरिक और बाकी इंडोनेशियाई थे। अब तक 15 लोगों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं।



विस्फोट के बाद ज्वालामुखी से करीब 10 किलोमीटर ऊंचाई तक राख और धुएं का गुबार उठा। अधिकारियों ने आसपास के इलाकों में राख गिरने की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है। इंडोनेशिया की ज्वालामुखी निगरानी एजेंसी ने दिसंबर से ही क्रेटर के 4 किलोमीटर दायरे में जाने पर रोक लगा रखी थी। (अनंत ज्ञान)

# सुवेंदु बंगाल के नए सीएम, शपथ आज

## शाह ने गले लगाया, बोले-ममता राज में अपराधी बने राजनेता

**एजेंसी, कोलकाता**



सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। वहीं, सरकार में दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। डिप्टी सीएम पद के लिए रूपा गांगुली के नाम पर सहमति बन चुकी है, जबकि दूसरा उपमुख्यमंत्री दार्जिलिंग क्षेत्र से किसी पुरुष विधायक को बनाया जा सकता है।

शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी। ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। कुछ ही महीनों में यह सब खत्म हो जाएगा।

शाह ने कहा कि बंगाल की जनता ने हमें जन समर्थन दिया। उसका आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है।

उन्होंने कहा कि सुवेंदु शनिवार सुबह 10 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वह नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं। (अनंत ज्ञान)

# एक्टर विजय होंगे तमिलनाडु के सीएम

## राज्यपाल को सौंपा 118 विधायकों का समर्थन पत्र

**एजेंसी, चेन्नई**



तमिलनाडु में टीवीके चीफ और एक्टर विजय लगातार तीसरे दिन लोकभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिले। उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। विजय को लेफ्ट पार्टियों, सीपीआई और सीपीआई (एम) ने समर्थन देने की घोषणा कर दी है। दोनों के पास 2-2 विधायक हैं। विजय के पास कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन पहले से है।

टीवीके ने चुनाव में 108 सीटें जीती हैं। विजय दो सीटों पर जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 118 है। ऐसे में विजय को और 11 विधायक चाहिए। कांग्रेस के 5 और लेफ्ट पार्टियों के 4 विधायकों के समर्थन के बावजूद विजय के पास 116 विधायक ही होंगे। उन्हें सरकार बनाने के लिए दो और विधायकों का साथ चाहिए होगा। सूत्रों का दावा है कि विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) अपने दो विधायकों के साथ विजय को समर्थन देने के लिए तैयार है। हालांकि, पार्टी ने अबतक औपचारिक घोषणा नहीं की है। विजय ने 6 और 7 मई को भी राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था, लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाइए तभी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**योजना** लुहणु-बंदला रोपवे प्रोजेक्ट फिर चर्चा में, एडवेंचर टूरिज्म हब बनने की उम्मीद

# बिलासपुर में पर्यटन को बड़ा बूस्ट देने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में पर्यटन और कनेक्टिविटी को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार की 'पर्वतमाला योजना' के तहत प्रस्तावित लुहणु-बंदला रोपवे प्रोजेक्ट एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले समय में इस परियोजना को गति देने की दिशा में गतिविधियां तेज हो सकती हैं।





बंदला की वह पहाड़ी जहां से रोपवे लगेगा।

करीब 3 किलोमीटर लंबे इस प्रस्तावित रोपवे की अनुमानित लागत लगभग 150 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह परियोजना केंद्र की पर्वतमाला योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में शामिल है। इस रोपवे के बनने से बिलासपुर शहर और बंदला क्षेत्र के बीच आवागमन आसान होगा, जबकि पर्यटन गतिविधियों को भी बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। गोबिंदसागर झील और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों के दृश्य इस परियोजना को और अधिक आकर्षक बना सकते हैं। खास बात यह है कि बंदला क्षेत्र को पहले ही पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के लिए मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में पर्यटन विभाग इसे भविष्य में एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर सकता है।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश सरकार रोपवे आधारित पर्यटन और एडवेंचर गतिविधियों को प्राथमिकता दे रही है। हाल ही में एरियल रोपवे नियमों में संशोधन के बाद निजी निवेशकों की रुचि भी बढ़ी है। स्थानीय लोगों और व्यापारिक वर्ग का मानना है कि यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है तो बिलासपुर में पर्यटन, रोजगार और स्थानीय कारोबार को नई गति मिल सकती है, खासकर युवाओं के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स और पर्यटन से जुड़े स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### क्या कहते हैं उपायुक्त राहुल कुमार



**इस** संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि लुहणु से बंदला रोपवे के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'पर्वतमाला योजना' के तहत किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन पर्यटन और एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न संभावनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंदला क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को लेकर सकारात्मक पहल हुई है और भविष्य में इससे पर्यटन को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# पटवारी करेंगे नशा कारोबारियों की रिपोर्ट

## डीसी अनुपम कश्यप ने जानकारी जुटाकर एसडीएम को रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** नशे के खिलाफ शिमला प्रशासन अब केवल पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहता। गांवों में जमीन और लोगों की जानकारी रखने वाले पटवारी भी अब इस अभियान का हिस्सा होंगे। प्रशासन ने फैसला लिया है कि पटवारी अपने क्षेत्रों में नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की जानकारी जुटाकर एसडीएम को रिपोर्ट भेजेंगे, जिससे नशे से अर्जित संपत्तियों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक में नशे के खिलाफ अभियान को और सख्त बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी एसडीएम और डीएसपी ने पिछले एक महीने में नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि अब गांव स्तर तक नशे के कारोबार पर नजर रखी जाएगी और पटवारियों को ऐसे लोगों की रिपोर्ट एसडीएम को भेजनी होगी, ताकि नशे से अर्जित संपत्तियों की जांच कर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है, जिससे पड़ोसी राज्यों से जुड़े नशा तस्करों में भी डर का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि अब नशे के कारोबार से अर्जित संपत्तियों की जांच पर विशेष फोकस रहेगा। इसके लिए राजस्व विभाग, पुलिस और अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस को जरूरी जानकारी तुरंत उपलब्ध करवाई जाए, ताकि कार्रवाई में देरी न हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को स्कूलों और कॉलेजों तक और व्यापक बनाया जाएगा। विद्यार्थियों को 'ड्रग फ्री हिमाचल' मोबाइल ऐप की जानकारी दी जाएगी और नशा विरोधी गतिविधियों का पूरा रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। प्रशासन का मानना है कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून से ही नहीं, समाज की भागीदारी से ही जीती जा सकती है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को देखते हुए प्रशासन ने अवैध शराब की बिक्री और स्टॉकिंग पर भी सख्ती के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने आबकारी विभाग से कहा कि चुनाव के दौरान विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि शराब और नशे के जरिए चुनाव प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव पूरे होने तक लगातार विभागीय बैठकें आयोजित कर जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

बता दें कि शिमला जिला में नशे का जाल बढ़ता जा रहा है। इस साल पिछले चार महीनों में पुलिस ने एनडीपीएस के 111 मामलों में 235 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

235 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सप्लाई चैन को ध्वस्त करने के लिए बैकवर्ड लिंकेज मे 30 आरोपियों को विभिन राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, केरल, भारत नेपाल बॉर्डर आदि से गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त 35 आदतन अपराधों को जेल भेजा गया है।

### नशा गिरोहों का भंडाफोड़ कर रही पुलिसः एसएसपी

**शिमला** के एसएसपी गौरव सिंह ने कहा कि पुलिस एनडीपीएस मामलों में तेजी से कार्रवाई कर रही है और अंतर्राज्यीय नशा गिरोहों का लगातार भंडाफोड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों के दौरान नशा कारोबार से जुड़े लोगों पर विशेष नजर रखी जाएगी, क्योंकि ऐसे लोग चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नशे से जुड़े मामलों में वित्तीय जांच अभी धीमी है, लेकिन राजस्व विभाग की मदद मिलने से इसमें तेजी आएगी।

# चिट्टा तस्करी के आरोपी को नहीं मिली राहत, कोर्ट में जमानत याचिका खारिज

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद किया था 14 ग्राम चिट्टा

अनंत ज्ञान




**शिमला।** शिमला जिला में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रामपुर में चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए एक आरोपी को अदालत से राहत नहीं मिली है। जिला पुलिस शिमला की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार थाना रामपुर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। पुलिस के मुताबिक थाना रामपुर में दिनांक 19 नवंबर 2025 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान 27 वर्षीय गुलशन पुत्र चमन लाल निवासी गांव निरसू, डाकघर दत्तनगर, तहसील रामपुर बुशहर, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी 19 नवंबर 2025 से न्यायिक हिरासत में है। मामले में आरोपी की ओर से विशेष न्यायाधीश-II किन्नौर डिवीजन अदालत में जमानत याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर वीरवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान थाना रामपुर पुलिस ने मामले की गंभीरता, बरामद मादक पदार्थ की मात्रा और जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों को अदालत के सामने रखा। पुलिस ने अदालत में जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मामला गंभीर प्रकृति का है और जांच में पर्याप्त तथ्य सामने आए हैं। अभियोजन पक्ष की दलीलों और पुलिस द्वारा पेश किए गए तथ्यों से सहमत होते हुए अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद आरोपी को फिलहाल राहत नहीं मिल सकी है और वह हिरासत में ही रहेगा। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने कहा है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

उनका कहना है कि ऐसे मामलों में मजबूत जांच और प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा रही है ताकि नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

# रामपुर में बेकाबू होकर खाई में गिरी गाड़ी, युवक घायल

अनंत ज्ञान



**रामपुर बुशहर।** शिमला के रामपुर की उपइकाई के 12/20 क्षेत्र बर्कल से सटे शील गांव में एक गाड़ी के खाई में गिरने से एक युवक घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रामपुर के खनेरी अस्पताल रेफर किया गया है। घायल युवक की पहचान नरेश कुमार पुत्र पन्ना लाल के रूप में हुई है, जो दरशाल गांव, डाकघर तकलेच का निवासी है। जानकारी के अनुसार, नरेश कुमार 12/20 क्षेत्र के कमसारी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात जब वह अपने घर लौट रहा था, तो रास्ते में उसकी गाड़ी बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तकलेच पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें महात्मा गांधी चिकित्सा परिसर खनेरी, रामपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### हायर सेंटर रेफर, शादी समारोह से लौट रहा था

# मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में 73.92 लाख का अंशदान

## सीएम सुक्खू बोले-वंचितों के उत्थान में मददगार बनेगा यह प्रयास

अनंत ज्ञान



सीएम सुक्खू को संजय गुप्ता 73.92 लाख रुपए का चेक भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में उभर रही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना को शुक्रवार को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब मशोबरा रिजॉर्ट लिमिटेड ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए 73.92 लाख रुपए का अंशदान प्रदान किया। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने यह चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। मशोबरा रिजॉर्ट लिमिटेड वह सरकारी उपक्रम कंपनी है, जिसे ऐतिहासिक वाइल्डफ्लावर हॉल के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस अवसर पर कहा कि समाज के जरूरतमंद, बेसहारा और वंचित वर्गों के उत्थान में इस प्रकार के योगदान की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी कानूनी लड़ाई लड़कर मशोबरा रिजॉर्ट लि. को नई मजबूती प्रदान की है, जिसके परिणामस्वरूप आज यह संस्थान लाभकारी इकाई के रूप में सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इस आय का लाभ सीधे समाज के कमजोर तबकों तक पहुंचे।

### वाइल्डफ्लावर हॉल बना राज्य सरकार की आय का सशक्त स्रोत

लगभग 120 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक वाइल्डफ्लावर हॉल लग्जरी होटल संपत्ति लगभग तीन दशकों तक कानूनी विवादों में घिरी रही। सीएम सुक्खू के हस्तक्षेप के बाद राज्य सरकार ने प्रभावी तरीके से मुकदमा लड़ने के लिए कानूनी विशेषज्ञों की सेवाएं लीं, जिसके परिणामस्वरूप इस मामले में बड़ी सफलता प्राप्त हुई। सर्वोच्च न्यायालय ने 20 फरवरी, 2024 को इस संपत्ति का कानूनी अधिकार राज्य सरकार को सौंप दिया तथा 31 मार्च, 2025 को इसका भौतिक कब्जा भी राज्य सरकार को मिल गया। इस अवसर पर प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार तथा मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर भी उपस्थित रहे।

# ठाकुर सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट ने करवाया गरीब कन्या का विवाह

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** ठाकुर सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से एक गरीब कन्या का विवाह धूमधाम से संपन्न करवाया गया। ट्रस्ट के सचिव विनय शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद गरीब कन्याओं के विवाह करवाए जाते हैं। इसके एवज में वर व वधू पक्ष से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, जबकि विवाह में कन्या को घरेलू सामान के अलावा स्वर्ण आभूषण भी प्रदान किए जाते हैं।

विवाह की सारी रस्में वैदिक विधि विधान से संपन्न करवाई जाती हैं। विनय शर्मा ने बताया कि अभी तक ट्रस्ट द्वारा 54 विवाह संपन्न करवाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य में आम जन का सहयोग भी रहता है। इस कार्य को संपन्न करने में समाजसेवी बदन भारती का विशेष सहयोग रहता है। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

### अब तक 54 कन्याओं की करवाई शादी

# भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा: प्रो. महावीर

## विश्व में भारतीय अर्थव्यवस्था की भूमिका पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला में नए वैश्विक आर्थिक क्रम में भारत की अर्थव्यवस्था की दिशा को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। यह सम्मेलन कोटशेरा कॉलेज शिमला और देश भगत यूनिवर्सिटी, मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शुरू हुआ। सम्मेलन में देश और विदेश से पहुंचे अर्थशास्त्री, शोधार्थी और शिक्षाविद भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश शिमला विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह लक्ष्य केवल सामूहिक प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और आर्थिक, पर्यावरणीय तथा तकनीकी चुनौतियां लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में विशेषज्ञों के सुझाव और शोध देश की आर्थिक नीतियों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन युवाओं और शोधार्थियों को वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों को समझने का अवसर देते हैं। साथ ही इससे भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नई कार्ययोजनाएं तैयार करने में भी मदद मिलेगी।

सम्मेलन में रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के महानिदेशक सचिन शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में दुनियाभर में आर्थिक और वित्तीय हालात तेजी से बदले हैं, जिसका असर भारत पर भी पड़ा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां हैं, लेकिन भारत लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रहा है और इसके लंबे समय में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। सचिन शर्मा ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन इसके लिए सरकार, शिक्षण संस्थानों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा।

इस मौके पर कोटशेरा कॉलेज के प्रधानाचार्य गोपाल चौहान, जेएनयू दिल्ली की प्रोफेसर नंदन नॉन और देश भगत यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर हर्ष सदावर्ती ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि बदलते वैश्विक आर्थिक माहौल में भारत के लिए नई नीतियों, तकनीक और शोध आधारित विकास पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

# चुनावी ड्यूटी वाले कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्य सरकार ने चुनाव ड्यूटी के दौरान दिए जाने वाले मानदेय, डाइट मनी और अन्य खर्चों की दरों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में लागू होंगी, जिससे चुनावी जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिलेगी। अब पोलिंग पार्टी और सुरक्षा कर्मियों को मतदान दिवस के लिए प्रति व्यक्ति 225 रुपए डाइट मनी दी जाएगी। पहले यह राशि 100 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित थी। इसी प्रकार मतगणना कर्मियों को भी 225 रुपए प्रति व्यक्ति दिए जाएंगे। हालांकि निर्देश दिए गए हैं कि यदि मतगणना चार घंटे से कम समय में पूरी हो जाती है तो केवल हल्का जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। पीठासीन अधिकारियों के लिए कंटीजेंसी राशि को भी बढ़ाया गया है।

पहले प्रत्येक चरण के लिए 100 रुपए मिलते थे, जिसे अब बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया गया है। वहीं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) के लिए भी कंटीजेंसी राशि 100 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दी गई है। यह सुविधा केवल पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में लागू होगी। चुनाव ड्यूटी में लगाए गए वाहनों की मरम्मत के लिए भी सरकार ने बड़ी राहत दी है। एआरओ का मानदेय 3500 रुपए से बढ़ाकर 4250 रुपए किया गया है। पीठासीन अधिकारियों को प्रति चरण 850 रुपए तथा पोलिंग अधिकारियों को 800 रुपए प्रति चरण मिलेंगे।

# एसएफआई ने फीस वृद्धि के खिलाफ किया प्रदर्शन

## छात्र संगठन ने प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्णय को छात्र विरोधी दिया करार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई द्वारा 28 मार्च को ईसी की बैठक में हुए फीस वृद्धि के निर्णय का साफ तौर पर विरोध किया है। एसएफआई का यह मानना है कि यह निर्णय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा छात्र विरोधी फैसला लिया गया है।

एसएफआई का कहना है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में 10 से 15 प्रतिशत तक फीस वृद्धि की गई है तथा विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालय में इससे भी अधिक तक फीस वृद्धि की गई है यह निर्णय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को शिक्षा से दूर करने का काम करेगा तथा उच्च शिक्षा की पहुंच को कम करेगा। इसके अलावा भी पेपर की फीस में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है जो साफ साफ हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की मंशा को दिखाता है। एसएफआई ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ विश्वविद्यालय का निर्माण किया गया था आज पूरी तरह से एचपीयू उसके विपरीत काम कर रहा है।

विश्वविद्यालय का निर्माण उच्च शिक्षा तक की पहुंच को पहुंचाने के लिए किया गया था लेकिन इस तरह के फैसलों से उसे शिक्षा में काफी ज्यादा गिरावट आएगी। गरीब तथा मध्यम वर्ग के परिवार शिक्षा को हासिल नहीं कर पाएंगे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को मिलने वाले बजट में कटौती की गई है जिसके चलते आय के संसाधन उत्पन्न करने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा फीस वृद्धि की गई लेकिन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सालाना 90 करोड़ रुपय के आसपास फीसों से एकत्र करता है, लेकिन छात्रों को कक्षाएं तक उपलब्ध करवाने में असमर्थ है। छात्रों को उनकी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में असमर्थ है।

एसएफआई का साफ तौर पर कहना है कि शिक्षा छात्रों का अधिकार है लेकिन आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा इसे एक व्यापार बना दिया गया है फीस वृद्धि करके हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय कर रहा है उन्हें शिक्षा से दूर करने का काम कर रहा है छात्रों पर आर्थिक बोझ डालने का काम कर रहा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की जेबों से फीस के नाम पर लूट की जा रही है।

एसएफआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का कहना है यदि विश्वविद्यालय द्वारा इस फीस वृद्धि के फैसले को वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में एसएफआई पूरे विश्वविद्यालय और प्रदेश के छात्रों को लामबंद करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी, जिसका जिम्मेवार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रदेश सरकार होगी।

# भाजपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द करना कांग्रेस की साजिश: बिंदल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार निगम चुनावों को प्रभावित करने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का खुला दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में अधिकारियों और प्रशासनिक तंत्र पर दबाव बनाकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। डॉ. बिंदल ने कहा कि सोलन नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर-3 से भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द किया जाना कांग्रेस की सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार को चुनाव मैदान से बाहर करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया गया, लेकिन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करते हुए भाजपा समर्थित उम्मीदवार को चुनाव लड़ने का अधिकार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय का यह निर्णय स्पष्ट रूप से साबित करता है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव को 'हाईजैक' करने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपनाने में लगी हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस पूरी घटना ने भाजपा के चुनाव अभियान को प्रभावित किया तथा भाजपा उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं रखती और जब जनता उनके खिलाफ खड़ी दिखाई देती है तो प्रशासनिक दबाव, भय और सत्ता के दुरुपयोग के माध्यम से चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास करती है।

**कटाक्ष** सुक्खू सरकार मित्रों को सुविधाएं बांटने में व्यस्त, आम जनता पर महंगाई की मार

# कांग्रेस ने हिमाचल को आर्थिक संकट में धकेला: राकेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है। आज प्रदेश सरकार को कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और दैनिक खर्च चलाने के लिए लगातार कर्ज लेना पड़ रहा है, जो इस सरकार की विफल आर्थिक नीतियों का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश सरकार 500 करोड़ रुपए का नया ऋण लेने की तैयारी कर रही है, जबकि इससे पहले भी सरकार हजारों करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार के पास न तो आर्थिक दृष्टि है और न ही वित्तीय प्रबंधन की कोई स्पष्ट नीति। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश की जनता को राहत देने के बजाय केवल महंगाई बढ़ाने का कार्य किया है। डीज़ल पर वैट बढ़ाया गया, बिजली महंगी की गई, मुफ्त सुविधाएं बंद की गईं और हर वर्ग पर टैक्स एवं उपकर का बोझ डाला गया। आज प्रदेश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि सरकार को कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतन तक अस्थायी रूप से रोकने जैसे निर्णय लेने पड़ रहे हैं। यह स्थिति प्रदेश के इतिहास में बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के राज में केवल 'मित्रों की ऐश' चल रही है। सरकारी धन और संसाधनों का उपयोग जनता की भलाई के बजाय सत्ता के करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने में किया जा रहा है। एक ओर प्रदेश का आम नागरिक महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार के करीबी लोगों को सरकारी सुविधाएं और संरक्षण लगातार मिल रहा है। राकेश जम्वाल ने पूर्व सीपीएस से जुड़े मामले पर भी कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी ने सरकार की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की नियुक्तियां अदालत द्वारा निरस्त की जा चुकी हैं, वे आज भी सरकारी आवासों और सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार कानून और संवैधानिक मर्यादाओं की परवाह किए बिना अपने चहेतों को बचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में कड़ी टिप्पणी किया जाना इस बात का संकेत है कि प्रदेश में प्रशासनिक और संवैधानिक व्यवस्थाओं का दुरुपयोग किया गया है। भाजपा लंबे समय से कहती रही है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है और अब न्यायालय की टिप्पणियां भी इस बात की पुष्टि कर रही हैं। राकेश जमवाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता के हितों की आवाज बुलंद करती रहेगी और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी, आर्थिक रूप से विफल और पक्षपातपूर्ण नीतियों को जनता के बीच उजागर करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार की वास्तविकता समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

# रामपुर के स्लॉटर हाउस में काटे जा रहे बीमार बकरे

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर के इंदिरा मार्केट स्थित स्लॉटर हाउस में पशुपालन विभाग के निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि यहां बीमारियों से ग्रस्त बकरों को काटा जा रहा था और बिक्री के लिए सप्लाई किया जा रहा था। जिससे जन स्वास्थ्य को बड़ा खतरा हो सकता है। शुक्रवार को वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा, नायब तहसीलदार सुरेश नेगी, पुलिस दल और पशुपालन विभाग की टीम ने बूचड़खाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बूचड़खाने में भारी गंदगी, अव्यवस्थित ढंग से पशु काटने और सफाई व्यवस्था में गंभीर खामियां पाई गईं। अधिकारियों ने वहां काटकर लटकाए गए बकरों की जांच की, जिसमें कई खतरनाक पशु जनित रोगों के लक्षण मिले। जांच में बकरों में ट्यूबरक्लोसिस, ब्रूसेला, हाइडैटिड सिस्ट और लिम्फोइड ल्यूकोसिस जैसे संक्रमण पाए गए। चिकित्सकों के अनुसार, इन रोगों के 60 से 70 प्रतिशत तक मनुष्यों में फैलने की आशंका रहती है। कई बकरों के लीवर, फेफड़े और अन्य अंग संक्रमण से प्रभावित पाए गए। इसके बाद विभाग ने छह बकरों को फिनाइल डालकर हटाने के निर्देश नगर परिषद को दिए। साथ ही, मांस के नमूने भी जांच के लिए एकत्रित किए गए हैं। इस मामले ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि बूचड़खाने में पशु काटने, सफाई और ड्रेसिंग के लिए अलग-अलग स्थान सुनिश्चित किए जाएंगे।

# चुनाव में कांग्रेस का एजेंडा विकास : विक्रमादित्य

## कहा- भारतीय जनता पार्टी ने विकास करवाया होता तो 11 टिकट बदलने की जरूरत नहीं पड़ती

अनंत ज्ञान



मंडी में पार्टी का मेनिफेस्टो जारी करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस नगर निगम चुनाव में साफ विजन और विकास के एजेंडे के साथ मैदान में उतर गई है।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने मजबूत और बेहतर उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है तथा सभी नेता अपने-अपने दायित्वों के अनुसार प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शहर के मूल मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है और कटाक्ष की राजनीति नहीं करना चाहती। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम में भाजपा ने इतना विकास किया होता तो उसे 11 उम्मीदवारों के टिकट बदलने की जरूरत नहीं पड़ती। भाजपा अपनी कमियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने का प्रयास कर रही है, जबकि नगर निगम में शामिल करने से पहले लोगों को विश्वास में लेना चाहिए था, जिससे आज नामांकन वापस लेने की नौबत न आती।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने मंडी शहर के विकास के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। लोकसभा चुनाव के दौरान मंडी के लिए बड़े प्रोजेक्ट लाने की बात कही गई थी, जिस दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी के लिए 180 करोड़ रुपए सेंक्शन करवाए गए हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश के लिए 1200 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, जिससे प्रदेश में नगर निकायों के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदिरा मार्केट की सीवरेज व्यवस्था, पंचवक्त्र मंदिर के पास रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, घाटों का निर्माण, आरती स्थल, बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण आदि विकास कार्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। शिवधाम प्रोजेक्ट को एडीबी के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी को सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। हर वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और जनता से उनकी पांच प्रमुख प्राथमिकताएं भी पूछी जाएंगी, जिस पर काम शुरू किया जाएगा।

### ◆ कहा- कांग्रेस ने मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारे

प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करती है तथा पार्टी के निर्णय सर्वोपरि हैं। हर कार्यकर्ता पार्टी के उम्मीदवारों के साथ चले। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम में कांग्रेस जीत दर्ज करेगी।

---

### सुक्खू सरकार ने प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह किए ठप

# जनता के समर्थन से भारी मतों से विजयी होंगे भाजपा समर्थित प्रत्याशी: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में जिला परिषद चुनावों के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि त्रिलोकपुर वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रमिला शर्मा और रेणुका-ददाहू वार्ड से शिवानी क्षेत्र की आवाज बनकर उभरेंगी और जनता के समर्थन से भारी मतों से विजयी होंगी।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश की आर्थिक स्थिति पूरी तरह बिगड़ चुकी है। पिछले तीन वर्षों में विकास कार्य ठप पड़े हैं, जबकि सरकार लगातार कर्ज ले रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार लगभग 45 हजार करोड़ का ऋण ले चुकी है और इस महीने भी 1500 करोड़ का नया कर्ज लेने की तैयारी है।



नाहन में जिला परिषद चुनावों को लेकर भाजपा समर्थित उम्मीदवार के नामांकन के अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल उनके साथ। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो सड़कें, पुल और राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे हैं, वे केंद्र सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से तैयार हो रहे हैं, जबकि राज्य सरकार की अपनी विकास योजनाएं पूरी तरह ठप हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सिरमौर जिला में कांग्रेस नेताओं की शह पर 100 से अधिक संस्थान बंद किए गए हैं, जिनमें स्कूल, अस्पताल, तहसील, पटवार सर्कल और विभागीय कार्यालय शामिल हैं। जनता अब कांग्रेस सरकार से जवाब मांग रही है और पंचायत व जिप चुनावों में कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

---

# बीडीसी के लिए 9 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** पंचायत चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा के समक्ष 9 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि पंचायत समिति सुंदरनगर के अंतर्गत ग्राम सभा 1-पौड़ा कोठी से कर्मचंद, 2-मलोह से भूप सिंह, 3-सलापड़ कॉलोनी से बाबूराम, 5-धवाल से कल्पना, 8-जड़ोल से संसार चंद, 9-बरोटी से पदमा देवी और प्रमिना, 11-टिहरी से पांपली देवी, 16-खिलड़ा से माया देवी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। एसडीएम अमर नेगी ने बताया कि उम्मीदवार 11 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी।

---

# चुनावों में भाजपा की जीत तय : जयराम ठाकुर

## कहा- भाजपा नेताओं और केंद्र पर दोष मढ़ने से खत्म नहीं होगी प्रदेश सरकार की जवाबदेही

अनंत ज्ञान



**अनिल शर्मा, मंडी।** जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता सरकार से पूरी तरह निराश हो चुकी है और आगामी चुनावों में इसका जवाब देगी। जंजैहली में सराज भाजपा मंडल की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं और मंत्रियों से जनता यह पूछ रही है कि साढ़े तीन साल में विकास कार्य क्यों ठप रहे और उनकी मांग पर खोले गए संस्थान क्यों बंद किए गए। जयराम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने आपदा का बहाना बनाकर पंचायतीराज और स्थानीय निकाय चुनाव टालने का प्रयास किया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के बाद ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो सकी। उन्होंने कहा कि सरकार चुनावों से इसलिए बच रही थी क्योंकि उसके पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य केवल केंद्र सरकार से मिल रही वित्तीय सहायता और 191 केंद्रीय योजनाओं के सहारे चल रहे हैं। राज्य सरकार के पास अपने बजट से विकास कार्य करवाने के लिए धन नहीं है। उन्होंने कहा कि

### ◆ कहा-सरकार ने आपदा का बहाना बनाकर चुनाव टालने का किया प्रयास

गांवों में विकास कार्यों के लिए वीबीजीवाई योजना के तहत पैसा उपलब्ध है, लेकिन पंचायतें न होने से वह खर्च नहीं हो पा रहा। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेताओं और केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने से उनकी जवाबदेही कम नहीं होगी। जनता जवाब मांग रही है कि आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा क्यों नहीं मिला और स्वास्थ्य व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार क्यों नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए आगामी चुनावों में पार्टी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी।

---

# पंचायत प्रधान के लिए मैदान में उतर रहे पढ़े-लिखे युवा

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** 28 मई को होने वाले पंचायत चुनावों को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। इस बार पंचायत चुनाव में कई शिक्षित युवा प्रधान पद के लिए मैदान में उतर रहे हैं। नौकरी के सीमित अवसरों के बीच युवा अब राजनीति में भविष्य तलाशने लगे हैं। कनैड के स्थानीय दुकानदार चमन ने बताया कि पंचायत चुनाव में कई नए युवा चेहरे सामने आए हैं, जिन्होंने मास्टर डिग्री तक शिक्षा प्राप्त की है। उनका कहना है कि शिक्षित युवाओं के पंचायतों में आने से विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। चौक पंचायत से प्रधान पद के उम्मीदवार पंकज चौहान ने बताया कि उन्होंने कृषि स्नातक की डिग्री हासिल की है और आगे मास्टर डिग्री करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पंचायत स्तर पर विकास और पारदर्शिता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गांव तरोट के टेक चंद ने कहा कि आज के दौर में युवाओं की तकनीक पर अच्छी पकड़ है। पंचायत से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक अधिकतर कार्य डिजिटल माध्यमों से हो रहे हैं। ऐसे में युवाओं को नेतृत्व का अवसर मिलना चाहिए।

### ◆ सोशल मीडिया बना प्रचार का माध्यम

क्षेत्र के लोगों के अनुसार इस बार कई उम्मीदवार सोशल मीडिया के जरिए भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। गेहूं की कटाई के चलते मतदाता दिनभर खेतों में व्यस्त हैं, जिसके कारण उम्मीदवार फेसबुक और व्हाट्सऐप के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बना रहे हैं।

---

### रोहड़ू में पंचायत समिति के लिए 8 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

# जिला परिषद के लिए 6 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

अनंत ज्ञान



पंचायतीराज चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते उम्मीदवार। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के अंतर्गत जिला परिषद वार्ड सदस्यों हेतु नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन रोहड़ू उपमंडल में कुल 6 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू, धर्मेश रामोत्रा ने दी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद वार्ड नंबर-08 (भलूण) से उर्मिला देवी एवं कमलेश समरेक, वार्ड नंबर-07 (खशधार) से विक्रम सिंह एवं रामेश्वर तथा वार्ड नंबर-05 (सीमा रणटाड़ी) से मोहित चौहान एवं ललित कुमार ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

उन्होंने बताया कि अब तक जिला परिषद के लिए कुल 10 उम्मीदवार अपने नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला परिषद तथा पंचायत समिति वार्ड सदस्यों के लिए 11 मई को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) 12 मई को की जाएगी, जबकि उम्मीदवार 14 एवं 15 मई को अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। रोहड़ू तहसील के अंतर्गत पंचायत समिति वार्ड सदस्यों के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर-14 (कटलाह) से कुसुम लता एवं रचना, वार्ड नंबर-07 (टिक्कर) से दीपक तेगटा, वार्ड नंबर-11 (ब्रासली) से राजा ठाकुर, वार्ड नंबर-12 (धराड़ा) से अंजू देवी, वार्ड नंबर-10 (अढ़ाल) से प्रभा, वार्ड नंबर-08 (सीमा रणटाड़ी) से अरुण कुमार तथा वार्ड नंबर-13 (भलूण) से स्वीटी कैथ ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

---

# सुमित शर्मा के नामाकंन में समर्थकों की उमड़ी भीड़

## कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार ने कुटलैहड़ के टक्का वार्ड से भरा पर्चा, विधायक विवेक शर्मा रहे साथ

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद टक्का वार्ड से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुमित शर्मा ने शुक्रवार को भारी उत्साह और समर्थकों के विशाल जनसमूह के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा तथा कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक मिंका विशेष रूप से मौजूद रहे।

नामांकन के दौरान क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच सैकड़ों समर्थकों ने सुमित शर्मा का जोरदार स्वागत किया और उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। नामांकन प्रक्रिया से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक जनसभा का आयोजन भी किया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों ने भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि टक्का वार्ड में इस बार जनता विकास और जनसेवा के मुद्दे पर मतदान करेगी। सुमित शर्मा ने कहा कि उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है तथा चुनाव जीतने के बाद वे हर गांव और हर पंचायत में समान विकास सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और जनता की आवाज को जिला परिषद तक मजबूती से उठाया जाएगा।



टक्का जिला परिषद वार्ड से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुमित कुमार के साथ विधायक विवेक शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विवेक मिंका ने कहा कि टक्का वार्ड की जनता कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ी है और आने वाले चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता की आवाज बनी है और भविष्य में भी विकास एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पंचायत से जिला स्तर तक होगा समान विकास: विवेक

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास की राजनीति में विश्वास रखती है और उनका उद्देश्य जिला वार्ड से लेकर पंचायत स्तर तक एक समान विकास करवाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और कुटलैहड़ क्षेत्र में भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जिला परिषद के माध्यम से ग्रामीण विकास योजनाओं को और अधिक गति मिलेगी तथा कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत से क्षेत्र के विकास कार्यों को मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

---

**निर्देश** कांगेस प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को दिए दिशा-निर्देश

# कांग्रेस पदाधिकारी चुनाव पर रखें पैनी नजर : विनय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पार्टी के जिला व ब्लॉक अध्यक्षों से चारों नगर निगमों, नगर निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों का फीडबैक लेते हुए कहा है कि पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर कड़ी नजर रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम को हर रोज फीडबैक दें। उन्होंने कहा है कि नगर निगम के चुनावों में पार्टी निर्देशों की कोई अवहेलना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिला व ब्लॉक अध्यक्षों से पूरे तालमेल के साथ कार्य करने को कहा है।



इस बीच प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन विनोद ज़िंटा ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में चुनाव के लिये गठित वॉर रूम ने आज से जिला व ब्लॉक अध्यक्षों के अतिरिक्त इन चुनावों के लिये पार्टी की ओर से नियुक्त प्रभारी व संमवयकों के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान शुरू कर दिया है। ज़िंटा ने कहा कि जिन पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों की इन चुनावों में ड्यूटी लगाई गई है उन सबको फील्ड में डटने को कहा गया है।

### ◆ कहा- पार्टी के निर्देशों की न की जाए अवहेलना

उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी के वरिष्ठ नेता भी नगर निगमों में चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव समिति की बैठक में इसको अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज़िंटा ने जिला परिषद के चुनावों के साथ साथ नगर निकायों के चुनावों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ मैदान में डटने को भी कहा है। उन्होंने कहा है कि पार्टी का कार्यकर्ता जो अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करेगा उसको संगठन में पूरा मान सम्मान देते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी जाएगी।

### पंचायतीराज चुनावों को लेकर खोला वॉर रूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने चार नगर निगमों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव-2026 के लिए कांग्रेस मुख्यालय शिमला में 'वॉर रूम' को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है। वॉर रूम में हरि कृष्ण हिमराल को प्रभारी, यशपाल तनाईक-सह-प्रभारी व रिपना कलसाईक को संयोजक नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव संगठन विनोद जिंटा ने इसकी अधिसूचना जारी करते हुए बताया है कि वॉर रूम को-ऑर्डिनेशन के लिए कैप्टन एसके सहगल को समन्वयक व नीरज बख्शी, ऊषा मेहता वसंजीता चौहान को सह-समन्वयक तथा कुमारी रीना व कुमारी अंकिता वर्मा को सदस्य नामित किया है। नगर निगमों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के मद्देनजर वॉर रूम लीगल सेल में एडवोकेट नरेश वर्मा, एडवोकेट यशवीर सिंह राठौर एवं एडवोकेट दीपक सुम्फा को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त वॉर रूम सोशल मीडिया के लिए अद्वितीय ढिंढोरा, अक्षित नंदा व कुमारी पारुल राठौर को जिम्मेदारी दी गई है।

---

# पालमपुर में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

## अरला से जिला परिषद प्रत्याशी तनु भारती के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पंचायतीराज चुनावों के रण में भारतीय जनता पार्टी ने सुलह विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर अपनी ताकत का दमदार प्रदर्शन किया। वार्ड नंबर 26 अरला से भाजपा समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी तनु भारती के नामांकन के दौरान पालमपुर तहसील परिसर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के नारों से गूंज उठा। प्रगति मैदान से लेकर एसडीएम कार्यालय तक भाजपा समर्थकों का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने वार्ड नंबर 26 अरला से भाजपा प्रत्याशी तनु भारती को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उनके साथ भाजपा के मुख्य प्रवक्ता त्रिलोक कपूर भी नामांकन में शामिल हुए तथा भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से अपील की। पालमपुर एसडीएम कार्यालय में वार्ड नंबर 26 अरला से भाजपा प्रत्याशी तनु भारती, वार्ड नंबर 16 नछीर-बंदला से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन डोगरा तथा वार्ड नंबर 15 नगरी-कुलुउंड से भाजपा प्रत्याशी रंजना भट्ट ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान तीनों प्रत्याशियों के समर्थन में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

पूरे पालमपुर में भाजपा समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### विधायक विपिन परमार ने कांग्रेस सरकार पर जमकर बोला हमला



**विधायक** विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही जनता से किए गए वादों को पूरी तरह भूल जाने का काम किया है। कांग्रेस ने महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों, किसानों और बेरोजगारों समेत हर वर्ग को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की न तो कोई स्पष्ट नीति है और न ही जनता के प्रति कोई साफ नियत। आज हिमाचल प्रदेश का हर वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। परमार ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि वार्ड पंच से लेकर जिला परिषद तक भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताकर भेजें ताकि क्षेत्र का समग्र और संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच हमेशा गांव, गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रही है। भाजपा समर्थित प्रतिनिधि जनता की आवाज बनकर कार्य करेंगे और हर गांव के विकास को प्राथमिकता देंगे।

# शहीद स्मारक धर्मशाला का बढ़ेगा आकर्षण पानी में तैरते नजर आएंगे शिप और पनडुब्बी

## दो साल से मॉडल लाने की चल रही थी प्रक्रिया, 105 इंजीनियर रेजीमेंट की ओर से किया जा रहा कार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित शहीद स्मारक का आकर्षण बढ़ने वाला है। स्मारक में शिप और पनडुब्बी के मॉडल स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए करीब दो साल से प्रक्रिया चल रही थी, अब जाकर उक्त दोनों मॉडल धर्मशाला पहुंच चुके हैं, जिनकी स्थापना का कार्य जारी है, जो कि 9वीं कोर योल की 105 इंजीनियर रेजीमेंट की ओर से किया जा रहा है।

23 अप्रैल से लगातार कार्य जारी है। शहीद स्मारक में स्थापित किए जा रहे शिप व पनडुब्बी के मॉडल का उद्घाटन 11 मई को किया जाएगा, जिसमें नेवी के वाइस एडमिरल और 9वीं कोर योल के कमांडेंट शिरकत करेंगे। स्मारक में स्थापित किए जा रहे शिप की ऊंचाई 7 फुट, जबकि पनडुब्बी की ऊंचाई 8 फुट है, दोनों का वजन 2-2 टन है। शिप और पनडुब्बी जल्द ही पानी में तैरते नजर आएंगे, जिसके लिए पानी की व्यवस्था भी की जाएगी।



दोनों मॉडल धर्मशाला पहुंच चुके, स्थापना का कार्य जारी। अनंत ज्ञान

### 11 मई को होगा उद्घाटन : पीसी ठाकुर



**शहीद** स्मारक विकास समिति धर्मशाला के ह्यूमन रिसोस, प्रोजेक्ट एवं मेंटेनेंस के उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर ऑनररी कैप्टन पीसी ठाकुर ने बताया कि शिप व पनडुब्बी को स्मारक में लाने के लिए दो साल से प्रयास किए जा रहे थे, जो कि अब यहां पहुंच चुके हैं, जिन्हें स्थापित किया जा रहा है। इस कार्य में 9वीं कोर योल के 105 इंजीनियर रेजीमेंट के जवान कार्य में जुटे हुए हैं। शिप व पनडुब्बी जल्द शहीद स्मारक में पानी में तैरते नजर आएंगे, जो कि पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। 11 मई को इनका उद्घाटन वाइस एडमिरल और 9वीं कोर के कमांडेंट की ओर से संयुक्त रूप से किया जाएगा।

# पिकअप से 94 ग्राम चरस और 62,500 रुपए बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने वीरवार मध्य रात्रि को नाकाबंदी के दौरान पिकअप वाहन नंबर एचपी-57ए-5691 की चेकिंग के दौरान 94 ग्राम चरस/कैनाबिस एवं 62,500 नकदी बरामद की है। पुलिस ने 22 वर्षीय साहिल निवासी गांव लोगणी, डाकघर टुंडी, तहसील सिहुंता जिला चंबा, 29 वर्षीय अंशुल निवासी गांव डुंगरू, डाकघर घरनोटा, तहसील सिहुंता, जिला चंबा, 35 वर्षीय लक्की निवासी गांव झिरका, डाकघर टुंडी, तहसील सिहुंता, जिला चंबा और 29 वर्षीय कुलदीप सिंह निवासी गांव सुगाड़ी, डाकघर धुलारा, तहसील सिहुंता, जिला चंबा के खिलाफ पालमपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि पालमपुर पुलिस की टीम की ओर से चढ़ियार चौक में रात्रि नाकाबंदी एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बोलेरो मैक्स पिकअप वाहन को जांच के लिए रोका गया। वाहन में चालक सहित चार युवक सवार थे, जो पुलिस को देखकर घबराए हुए प्रतीत हुए। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर वाहन के डैशबोर्ड से 94 ग्राम पाया गया। इसके अतिरिक्त वाहन से 62,500 नकद राशि भी बरामद की गई।

◆ 4 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

# परागपुर और रैत में मतगणना केंद्रों में किया आंशिक संशोधन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा की ओर से पंचायत चुनाव-2026 के तहत विकास खंड परागपुर और रैत में मतगणना एवं स्ट्रांग रूम स्थलों को लेकर पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक संशोधन किया गया है।

यह संशोधन संबंधित खंड विकास अधिकारियों की ओर से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार, विकास खंड प्रागपुर के लिए जिला परिषद तथा पंचायत समिति वार्डों के मतयुक्त मतपत्रों को सुरक्षित रखने (स्ट्रांग रूम) और मतगणना के लिए पहले कृषि विभाग परागपुर गोदाम-2 को निर्धारित किया गया था। अब इसके स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) प्रागपुर को मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम के रूप में अधिसूचित किया गया है।

### अब पंचायत सामुदायिक केंद्र में होगी मतगणना

**नारी** पंचायत की मतगणना के लिए पूर्व निर्धारित राजकीय माध्यमिक पाठशाला नारी के स्थान पर अब पंचायत सामुदायिक केंद्र (पंचायत घर) नारी को निर्धारित किया गया है। नारी पंचायत के चुनाव परिणामों की घोषणा भी इसी संशोधित स्थल पंचायत सामुदायिक केंद्र (पंचायत घर) नारी में की जाएगी। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रागपुर के चुनाव परिणामों की घोषणा, जो पहले कृषि विभाग परागपुर गोदाम-2 में प्रस्तावित थी, अब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) परागपुर में की जाएगी।

### मिनी सचिवालय शाहपुर में रखे जाएंगे मतपत्र

**विकास** खंड रैत के लिए भी पूर्व आदेशों में संशोधन किया है। जिला परिषद तथा पंचायत समिति वार्डों के मतयुक्त मतपत्रों को सुरक्षित रखने तथा मतगणना के लिए पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत को निर्धारित किया गया था, जिसे अब बदलकर मिनी सचिवालय शाहपुर किया गया है। इसके साथ ही पंचायत समिति सदस्य रैत के चुनाव परिणामों की घोषणा का स्थल भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत के स्थान पर अब मिनी सचिवालय शाहपुर निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कांगड़ा ने बताया कि पूर्व में जारी आदेशों की अन्य सभी शर्तें, सूचनाएं एवं प्रावधान यथावत लागू रहेंगे। पंचायत चुनाव प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से यह संशोधन किए गए हैं।

# नंगल चौक पंचायत में 71 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



13 लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित पाए गए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम द्वारा एमओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में शुक्रवार को नंगल चौक पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कुल 71 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 30 के लैब टेस्ट किए गए।

जांच में 12 मरीज हड्डियों से संबंधित रोगों, 9 शुगर और 13 उच्च रक्तचाप से पीड़ित पाए गए। इसके अलावा 1 स्त्री रोगी और 36 सामान्य रोगियों का उपचार एवं परामर्श किया गया। डॉ. विजय जरियाल और स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को संतुलित आहार, स्वच्छ जीवनशैली और नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बदलती जीवनशैली से बढ़ रही बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए।

पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहे हैं।

# देहरा पुलिस ने गुमशुदा युवती को किया बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला देहरा की ओर से गुमशुदा व्यक्तियों की प्रभावी खोज एवं सुरक्षित पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए आईपीएस शुमायला चौधरी के नेतृत्व में घोषित अपराधी एवं लापता व्यक्ति इकाई (पीओएमपीयू)का गठन किया गया है। इस इकाई का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा व्यक्तियों का त्वरित पता लगाना, उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों तक पहुंचाना तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। इसी क्रम में पुलिस जिला देहरा की पीओएमपीयू टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए पिछले माह गुमशुदा हुई एक युवती को मंडी जिले से खोज निकाला। उक्त युवती के संबंध में उसके माता-पिता द्वारा पुलिस थाना देहरा में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। गुमशुदगी की सूचना प्राप्त होने के उपरांत पीओएमपीयू टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, गुप्त सूचना संग्रह एवं विभिन्न स्थानों पर निरंतर तलाश अभियान चलाया गया। अथक प्रयासों एवं पेशेवर कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप टीम ने युवती को सुरक्षित व सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की। युवती को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसकी स्वयं की इच्छा, सहमति एवं स्वेच्छा के अनुसार उसके वैधानिक संरक्षक के सुपुर्द किया गया।

# 53 मील में क्लीनिक की आड़ में प्रतिबंधित दवाइयां के कारोबार का किया भंडाफोड़

◆ 1268 प्रतिबंधित कैप्सूल और टैबलेट बरामद आरोपी गिरफ्तार



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस की ओर से नशे एवं प्रतिबंधित दवाइयों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वीरवार को जिला पुलिस की विशेष टीम मादक द्रव्य पदार्थ की सूचना एकत्रित करने के लिए कछियारी में थी तो सूचना प्राप्त हुई कि 53 मील से योल मार्ग पर स्थित निजी क्लीनिक में भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां अवैध रूप से रखकर खुलेआम बेची जा रही हैं।

इस पर पुलिस टीम की ओर से तुरंत कार्रवाई करते हुए दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान स्वतंत्र गवाहों एवं ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में क्लीनिक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी 43 वर्षीय अनिल कुमार निवासी गांव व डाकघर बरहमपुर, तहसील व जिला गुरदासपुर, पंजाब के कब्जे से 300 कैप्सूल ट्रामाडोल, 900 टैबलेट कलोनाजेपल, और 68 टैबलेट अल्प्राजोलम बरामद हुईंद्ध आरोपी उपरोक्त प्रतिबंधित दवाइयों को रखने एवं बेचने संबंधी कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रतिबंधित दवाइयों को कब्जे में लेकर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में वीरवार को मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई नियमानुसार प्रगति पर है ।

# नर्सरी कक्षा के बच्चों ने डांस परफॉर्मेंस से लूटी वाहवाही



स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल में मदर डे पर कार्यक्रम आयोजित।

**अनंत ज्ञान, जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में मदर-डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नर्सरी कक्षा के बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल द्वारा वेलकम स्पीच दी गई। उन्होंने बताया कि मां के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। वहीं, नर्सरी कक्षा के बच्चों की डांस परफॉर्मेंस ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रोग्राम में माताओं की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा दिखाई। नर्सरी कक्षा के अध्यापक मिस आरती, नेहा, प्रीति कुमारी द्वारा डांस परफॉर्मेंस दी गई। माताओं की खेल प्रतियोगिता के बाद उन्हें गिफ्ट दिए गए तथा केक काटा। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, चेयरमैंन डॉक्टर राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा कमेटी सदस्य चंद्रशेखर ने मदर डे की मुबारक दी।

# होली फेथ स्कूल पठियार का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

◆ आशिमा ने प्रदेशभर में झटका 10वां स्थान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार ने इस वर्ष स्कूल शिक्षा बोर्ड की +2 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसने पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 55 विद्यार्थियों ने +2 की परीक्षा दी थी और सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेहनत और लगन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

खास बात यह रही कि विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा आशिमा ने पूरे हिमाचल प्रदेश में दसवां स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। आशिमा के अलावा दीपांशु, कर्शी, महक, शौर्याण, रिधिमा, सुहानी, विभूति और दीक्षा सूद ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। कला संकाय के विद्यार्थियों आरुषि, इशू, मन्नत और श्रेया ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक दीपक सूद और प्रधानाचार्य शशि सूद ने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर परिश्रम करने और उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी होली फेथ स्कूल इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। विद्यालय की इस उपलब्धि से पूरे पठियार क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।



स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

# टीजीटी संघ बोला- चार्ज वर्कलोड को संतुलित करे शिक्षा विभाग

अनंत ज्ञान

◆ कहा- शिक्षकों को समान रूप से दिए जाएं चार्ज

◆ हर शिक्षक को दें एक मेजर, एक माइनर चार्ज

**ब्यूरो, धर्मशाला।** टीजीटी कला शिक्षकों पर अनावश्यक वर्कलोड कम किया जाए। स्कूलों में चार्ज के असमान व अव्यवहारिक वितरण पर टीजीटी कला संघ ने चिंता जताई है। संघ के अनुसार, 8 मई 2026 के निर्देशों के बाद टीजीटी आर्ट्स पर अत्यधिक गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ बढ़ा है। 16 नवंबर 2024 के पूर्व निर्देशों में टीजीटी के चार्ज भार घटाने की भावना के विपरीत है।

संघ ने कहा कि इस संबंध में 2 दिसंबर 2025 और 1 जनवरी 2026 को विभाग को लिखित ज्ञापन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक टीजीटी आर्ट्स का चार्ज वर्कलोड कम नहीं किया गया और अब स्कॉलरशिप, विद्यार्थी एडमिशन, सभी परीक्षाएं आईसीटी, वोकेशनल शिक्षा और समग्र शिक्षा अभियान के सारे कार्यभार टीजीटी आर्ट्स को दे दिए हैं। अन्य वर्गों को इतने सारे चार्ज नहीं दिए हैं, अगर इस नोटिफिकेशन में बदलाव नहीं किया तो संघ अब हाईकोर्ट जाएगा। संघ ने बताया कि टीजीटी आर्ट्स शिक्षक 6वीं से 10वीं तक अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान के बहु-पुस्तकीय पाठ्यक्रम के साथ 28 पीरियड पढ़ाते हैं, जिससे उन पर कार्यभार सबसे अधिक है। ऐसे में अतिरिक्त चार्ज शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, महिला विंग अध्यक्ष रीता बल्याणी, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देशराज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, सुभाष भारती, रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, अजय आदि संयुक्त बयान में कहा कि विभाग को 15 नवंबर 2025 के आदेश की समीक्षा कर चार्ज वितरण को तर्कसंगत, समान और शिक्षण-अनुकूल बनाना चाहिए।

# योल की चार पंचायतों का पेंडिंग हाउस टैक्स माफ ग्रामीणों को मिली राहत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** योल क्षेत्र की चार पंचायतों नरवाणा खास, टिका बणी, लहसर और चतेहड़ को राहत मिल गई है। सरकार ने इन पंचायतों का पेंडिंग हाउस टैक्स माफ कर दिया है। पंचायतों ने वीरवार को डीसी कांगड़ा के माध्यम से सरकार से टैक्स माफी का आग्रह किया था। योल निवासी विजय आनंद ने बताया कि योल के पंचायत बनने के बाद हाउस टैक्स लगाया गया था, जिस पर ग्रामीण लंबे समय से विरोध कर रहे थे। विभिन्न घरों पर डेढ़ लाख से लेकर 30 हजार रुपए तक टैक्स बकाया था। इस पेंडेंसी को लेकर ग्रामीणों में निराशा और रोष व्याप्त था। सरकार द्वारा शुक्रवार को पत्र के माध्यम से सूचना दी गई कि पेंडिंग टैक्स माफ कर दिया गया है। इस खबर से योल क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। पिछले एक सप्ताह से पंचायतों के लोग लगातार विरोध कर रहे थे और सरकार से राहत की मांग कर रहे थे। सरकार की यह पहल ग्रामीणों के लिए राहत और उत्साह का कारण बनी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस फैसले से वित्तीय बोझ कम हुआ और ग्रामीण प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त कर रहे हैं। यह कदम पंचायतों और ग्रामीण समुदाय के बीच विश्वास को बढ़ाने में भी सहायक माना जा रहा है।

# वीर जवानों के साथ संवाद कर जगाई पर्यटन उद्यमिता की नई सोच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देश के वीर जवानों में अनुशासन, नेतृत्व और समर्पण जैसी विशेषताएं होती हैं, जिन्हें सही दिशा मिलने पर वे पर्यटन और स्वरोजगार के क्षेत्र में भी नई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। सीआईआई-एमसीएम मल्टी स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में इंस्टीट्यूट ऑफ एंट्रेप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट की ओर से आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत डीजीआर योजना के स्टॉक मार्केट प्रोग्राम में हॉस्पिटैलिटी एवं पर्यटन विशेषज्ञ तरसेम जरयाल ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से आए सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ संवादात्मक सत्र में पर्यटन आधारित उद्यमिता, स्वरोजगार और नए व्यवसायिक अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। तरसेम जरयाल ने बताया कि आज पर्यटन क्षेत्र पूर्व सैनिकों के लिए आत्मनिर्भरता और रोजगार का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। सत्र के दौरान जवानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सवाल पूछे और अपने विचार साझा किए। संवाद में उद्यमिता और भविष्य के व्यावसायिक अवसरों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। तरसेम जरयाल ने कहा कि सैनिकों के साथ अनुभव साझा करना उनके लिए गर्व की बात है और ऐसे कार्यक्रम उन्हें नए क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सेंटर हेड मनु धीमान, दिक्षा, काजल सहित सभी आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# निर्विरोध पंचायत गठन पर विकास कार्यों के लिए मिलेंगे 40 लाख

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों की सुगबुगाहट के बीच भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ने जनता से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण आपसी भाईचारे और सर्वसम्मति से पंचायत का निर्विरोध चयन करते हैं, तो वह पंचायत को विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेंगे। विधायक की इस पहल का समर्थन करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने भी ऐसी पंचायतों को 5 लाख रुपए देने का निर्णय लिया है। भाजपा परागपुर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा और महामंत्री सुदेश कुमारी ने एक संयुक्त बयान में इस योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार भी इस लोकतांत्रिक पहल को बढ़ावा दे रही है और सर्वसम्मति से चुनी गई पंचायतों को 25 लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। इस प्रकार एक निर्विरोध पंचायत को कुल 40 लाख रुपए का बजट प्राप्त होगा, जो गांव के चहुंमुखी विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी।

नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि पंचायत समिति सदस्य का चुनाव भी बिना किसी विरोध के संपन्न होता है, तो विधायक बिक्रम सिंह द्वारा 2 लाख और सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा 1 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि विकास कार्यों के लिए दी जाएगी। उन्होंने स्थानीय निवासियों से आग्रह किया है कि वे चुनावी विवादों से बचकर इस योजना का सकारात्मक लाभ उठाएं, क्योंकि विकास कार्यों के लिए 40 लाख रुपए की राशि अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल गांव में एकजुटता बढ़ेगी, बल्कि प्रगति की राह भी प्रशस्त होगी।

# फतेहपुर में जिला परिषद चुनाव : अब तक 12 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन



जिला परिषद वार्डों में पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी।

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर के तहत आने वाले चार जिला परिषद वार्डों में पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। पिछले दो दिनों के दौरान अब तक कुल 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला परिषद वार्ड मनोह-सिहाल (47) से वीरवार को दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे, जबकि शुक्रवार को यहां किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दर्ज नहीं कराया। वीरवार को रीता गुलेरिया निवासी धमेटा तथा पूजा देवी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं जिला परिषद वार्ड गुरियाल (48) से अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं। इनमें विजय कौंडल, योगराज और पवन कुमार ने पहले ही नामांकन दर्ज करवा दिया था, जबकि शुक्रवार को प्रदीप कुमार ने एसडीएम कार्यालय फतेहपुर में निर्वाचन अधिकारी जिला परिषद एवं एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर, जिला परिषद वार्ड रैहन (50) से भी अब तक चार प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं। इसमें नवीन बटलारिया, निशा देवी और पवन कुमार ने वीरवार को नामांकन किया था, जबकि शुक्रवार को राजेश कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावा जिला परिषद वार्ड रियाली (52) से अब तक कुल दो प्रत्याशियों अनीता देवी और साक्षी देवी ने अपने नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। निर्वाचन अधिकारी जिला परिषद एवं एसडीएम विश्रुत भारती ने बताया कि शनिवार और रविवार को अवकाश रहने के कारण अब निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 11 मई को ही नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

## परागपुर और नंगल चौक में प्रत्याशियों ने भरे पर्चे



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 42 नंगल चौक में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। भाजपा समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी पूनम शर्मा ने उत्साह और जनसैलाब के बीच नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर विधायक बिक्रम ठाकुर सहित क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। वहीं परागपुर जिला परिषद वार्ड से गगन पराशर ने भी समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता अनूप रत्न ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और पहले सोशल मीडिया पर समर्थन व्यक्त किया। विभिन्न नेताओं के समर्थन से चुनावी माहौल पूरी तरह गरमाया है।

## जिला परिषद के निर्दलीय प्रत्याशी श्वेता कुमारी ने भरा नामांकन

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** जिला परिषद लंबागांव वार्ड के लिए निर्दलीय प्रत्याशी श्वेता कुमारी ने अपने भारी समर्थकों के साथ शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर इनके पिता पूर्व बीडीसी सदस्य मोहिंदर कुमार अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहे।



# श्री साई कॉलेज के एमएड तृतीय सत्र का परीक्षा परिणाम शानदार



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढानी के एमएड तृतीय सत्र का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवदीप सांवल ने बताया कि छात्रा सलोनी ठाकुर ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय तथा इंदु बाला ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि एम एड तृतीय सत्र के सभी विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और संस्थान का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर संस्थान समूह के अध्यक्ष एसके पुंज, प्रबंध निदेशक तृप्ता पुंज तथा मुख्य प्रबंध निदेशक कंवर तुषार पुंज ने विद्यार्थियों, प्राचार्या और समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशक तृप्ता पुंज ने विद्यार्थियों के अभिभावकों से संवाद कर उन्हें भी इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर निदेशक रणजीत सिंह, विभागाध्यक्ष जसवंत कौर तथा अन्य शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कांगड़ा संग्रहालय में जल्द ऐतिहासिक वस्तुओं को निहार पाएंगे पर्यटक

## बन रही नई गैलरी, ग्राउंड फ्लोर का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित कांगड़ा संग्रहालय में जल्द ही पर्यटकों को नई ऐतिहासिक वस्तुएं देखने को उपलब्ध होंगी। संग्रहालय में नई गैलरी बन रहा है।

वहीं, ग्राउंड फ्लोर का भी कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, जिसमें जल्द ही नई ऐतिहासिक कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी, जिसकी तैयारी हो चुकी है।

आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो संग्रहालय में ऐतिहासिक कृतियों के दीदार को आने वाले पर्यटकों की तादाद साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। संग्रहालय के बाहर पर्यटकों की सुविधा के लिए जहां कैफेटेरिया का निर्माण पूरा हो चुका है, जिसे जल्द शुरू किया जाएगा। वहीं, संग्रहालय के ग्राउंड फ्लोर का कार्य भी पूरा हो चुका है, जिसमें पर्यटकों को नई ऐतिहासिक वस्तुएं देखने को मिलेंगी।

**अब तक आठ हजार ने किया दीदार :** इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक 8 हजार से अधिक पर्यटक संग्रहालय को निहार चुके हैं, जिनमें 242 विदेशी, जबकि भारतीय पर्यटकों की संख्या साढ़े सात हजार से अधिक रही है। पिछले वर्ष 21 हजार 565 पर्यटक आए, 1014 बच्चे और 19414 भारतीय व 1137 विदेशी पर्यटक शामिल रहे। वहीं संग्रहालय के बाहर कैफेटेरिया का कार्य पूरा हो चुका है।


संग्रहालय आने वाले पर्यटकों की साल-दर-साल बढ़ रही तादाद। अनंत ज्ञान


कांगड़ा कला संग्रहालय में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। संग्रहालय में नई गैलरी भी बन रही है। संग्रहालय के ग्राउंड फ्लोर का कार्य भी चल रहा है, ऐसे में पूरी संभावना है कि 18 मई के बाद पर्यटकों को संग्रहालय में कई नई ऐतिहासिक चीजें देखने को मिलेंगी।
**-रितु मलकोटिया, इंचार्ज, कांगड़ा संग्रहालय धर्मशाला।**

# प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी पेंशनर्स को मिलेगा पूर्ण वित्तीय न्याय, इसी माह होगा शत-प्रतिशत भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में पेंशनर्स की एकजुटता ने अधिसूचना के तीन महीने बाद भी लंबित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वित्तीय अधिकारों को धरातल पर दिलाया है। पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि यह केवल वित्तीय देरी नहीं, बल्कि प्रशासनिक क्रूरता का प्रतीक बन चुकी थी। फ्रंट की लगातार वार्ता और संघर्ष के बाद 4 मई 2026 को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में सरकार ने आदेश दिए कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त सभी चतुर्थ श्रेणी पेंशनर्स को ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट का 100 प्रतिशत भुगतान इसी माह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने संबंधित उच्च अधिकारियों को लंबित राशि का तत्काल भुगतान करने और अनुपालन रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। फ्रंट ने इसे बुजुर्गों के स्वाभिमान की जीत बताया। हालांकि, अभी भी क्लास वन, टू और थ्री श्रेणी के पेंशनर्स के लंबित वित्तीय लाभ शेष हैं। पेंशनर्स ने चेतावनी दी है कि जब तक शेष एरियर और अन्य श्रेणियों के सुधारों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन और संवाद जारी रहेंगे। यह जीत पेंशनर्स के अधिकारों के प्रति जागरूकता और संघर्ष की महत्वपूर्ण मिसाल है।



# राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शिव मंदिर बैजनाथ में की पूजा-अर्चना


मंदिर ट्रस्ट ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध बैजनाथ शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

राज्यपाल के रूप में 10 मार्च को शपथ ग्रहण करने के बाद उनका बैजनाथ का यह पहला दौरा रहा, जिसे लेकर स्थानीय लोगों और प्रशासन में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान उपायुक्त हेमराज बैरवा, सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र बिट्टू, मिलाप राणा रजिंदर परमार शैलभ अवस्थी मुकेश शर्मा अतुल चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने मंदिर परिसर में कुछ समय व्यतीत कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-16 एलिट ब्वॉयज कैंप के लिए अर्थव का चयन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ब्वॉयज क्रिकेट कैंप में शिमला के एचपीसीए खिलाड़ी अर्थव आर्य का चयन किया गया है। यह कैंप 11 मई से 6 जून तक विभिन्न स्थानों पर चलेगा। एचपीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि अर्थव देहरादून में आयोजित कैंप में भाग लेंगे। कैंप में शामिल होने से पहले उनकी फिजिकल फिटनेस धर्मशाला स्टेडियम में जांची जाएगी। खिलाड़ी को निर्धारित स्थल पर 10 मई को रिपोर्ट करना आवश्यक है। चयनित होने पर मनुज शर्मा ने अर्थव को बधाई और आगामी खेल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### मनीष बने दबाटा यूथ क्लब के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत महाराज नगर (दबाटा) क्षेत्र में सक्रिय दबाटा यूथ क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मनीष को क्लब का अध्यक्ष, अभय को उपाध्यक्ष तथा आर्यन को सचिव चुना गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी ने कहा कि क्लब क्षेत्र में युवाओं को साथ लेकर सामाजिक, सांस्कृतिक व नशा उन्मूलन जैसी गतिविधियों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा तथा समाजहित में बेहतर कार्य किए जाएंगे।

### गाड़ी ने टेंपो को मारी टक्कर, 8 घायल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत न्यूगल पुल वाशिंग स्टेशन के पास एक टेंपो छोटा हाथी को पालमपुर से नगरी की तरफ जाते हुए धर्मशाला की तरफ से एक गाड़ी ने गलत दिशा में तेज गति से टक्कर मार दी। इस हादसे में 8 लोग घायल हुए, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने उपचार के लिए सिविल अस्पताल पालमपुर में पहुंचाया गया। यह हादसा गाड़ी चालक टशी गटूक निवासी काजा जिला लाहौल स्पिती की तेज रफ्तारी व गलत दिशा में टक्कर मारने के कारण हुआ है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि की है।

### मां बज्रेश्वरी मंदिर में चढ़ाया सौ ग्राम सोने का हार

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर ने बताया महाराष्ट्र पुणे से आए श्रद्धालु ने मां बज्रेश्वरी मंदिर में 100 ग्राम सोने से बना सोने का हार चढ़ाया। यह परिवार महाराष्ट्र पुणे का रहने वाला है और माता बज्रेश्वरी के प्रति उनकी अटूट आस्था है। उन्होंने यह हार माता की शैय्या के लिए दिया। श्रद्धालु का नाम विनोद एन शर्मा है, जिन्होंने सपरिवार मंदिर में शीश नवाया। उनके साथ परिवार सदस्य उषा शर्मा, हेमंत, तरुण और मनोज भी मौजूद रहे। उन्होंने हार मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर की मौजूदगी में चढ़ाया। इस मौके पर शमशेर सिंह, पवन शर्मा, वरुण शर्मा, सुशील शर्मा और बॉबी भी मौजूद रहे।

### पठानकोट में पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के सुजानपुर क्षेत्र में पुलिस ने बेजुबानों के साथ क्रूरता करने वाले पशु तस्कर को काबू किया। एएसआई बलदेव सिंह के नेतृत्व में टीम ने रावी किनारे दबिश देकर याकूब पुत्र गुलाम रसूल के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपी ने 110 भैंस और अन्य पशुओं को संकरी जगह में क्रूरता से बांध रखा था, जिससे उन्हें सांस लेने और हिलने-डुलने में भी कठिनाई हो रही थी। पुलिस ने सभी पशुओं को सुरक्षित गोशालाओं में भेजा और आरोपी के खिलाफ कानूनी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अवैध पशु व्यापार के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### अवैध खनन पर ट्रक और जेसीबी की जब्त

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा ने अवैध खनन रोकने के लिए पिछले 24 घंटों में विशेष अभियान चलाया। विभिन्न थाना क्षेत्रों में माइनिंग एक्ट का उल्लंघन करने वाले कुल 8 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना इंदौरा में 3 मल्टी एक्सल ट्रक और 1 ट्रैक्टर, डमटाल में 1 मल्टी एक्सल ट्रक और 1 ट्रैक्टर, तथा नूरपुर में 1 जेसीबी और 1 ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की गई। ट्रैक्टरों का चालान मौके पर किया गया, जबकि मल्टी एक्सल ट्रक और जेसीबी को जब्त कर अदालत भेजा गया। नूरपुर पुलिस अवैध खनन पर लगातार निगरानी रख रही है और जनता से सूचना साझा करने का आग्रह किया गया है।

# आईपीएल का रोमांच : पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

◆ आज आएगी दिल्ली की टीम, 11 मई को होगा दोनों का मुकाबला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्टेडियम में 11 मई को पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स में हिमाचल प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले मुकाबले के लिए मेहमान टीम शनिवार को पहुंच जाएगी। आईपीएल के 19वें सीजन में पंजाब अब भी तीन हार के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि दिल्ली सातवें स्थान पर है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाला मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए अहम होगा। पंजाब के कैप्टन श्रेयर अय्यर, शंशाक सिंह, हरप्रीत बराड़ सहित कई खिलाड़ियों ने शुक्रवार को अभ्यास किया है। हालांकि टीम का प्रैक्टिस सेशन आयोजित नहीं किया गया, बावजूद कई खिलाड़ी मैदान में पहुंचकर अपना रूटीन वार्मअप में नैट प्रैक्टिस में भी पसीना बहाया है। उधर, एचपीसीए के सह सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली की टीम शनिवार को दोपहर बाद धर्मशाला पहुंच जाएगी। इसके अलावा मुंबई की टीम 11 व आरसीबी 15 को धर्मशाला आएगी। उन्होंने बताया कि प्रबंधन को शेड्यूल मिला है, इसके तहत ही बेहतरीन मेजबानी के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

**सचिन भी आएंगे धर्मशाला:** 11 मई को मुंबई इंडियन्स की टीम भी अपने मेंटोर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर संग पहुंच जाएगी। मुंबई की टीम इस बार भी मैक्लोडज धर्मकोट में स्थित निजी होटल में ही ठहरेगी। इस बार सचिन के भी धर्मशाला आने की संभावना बताई जा रही है। टीम के साथ उनकी मालकिन अनीता अंबानी व परिवार के अन्य सदस्य भी धर्मशाला आ सकते हैं। इसके अलावा आरसीबी की टीम 15 मई को धर्मशाला में पहुंच जाएगी।

# आईपीएल मैचों के लिए ट्रैफिक प्लान किया तैयार

◆ मैच के दौरान ड्रोन फ्लाइंग होगी प्रतिबंधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 11, 14, 17 मई सहित 26 मई को प्रस्तावित मैच को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया गया है। मैचों के दौरान होने वाली जाम की समस्या से निपटने के लिए पार्किंग एरिया तय किए गए हैं तथा तीन मजिस्ट्रेट ट्रैफिक व्यवस्था देखने के लिए नियुक्त किए गए हैं। मैचों के दौरान ड्रोन फ्लाइंग प्रतिबंधित रहेगी, यदि किसी ने ड्रोन उड़ाना होगा तो उसके लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यही नहीं दर्शकों को वापस लौटते समय होने वाली समस्या से निपटने के लिए शहर में पोस्टर व साइनेज भी लगाए जाएंगे। एडीएम शिल्पी बेक्टा ने बताया कि मैचों के दौरान लॉ एंड ऑर्डर और ट्रैफिक अहम मुद्दे रहते हैं, जिसके चलते पोस्टर और साइनेज भी लगाए जाएंगे, ताकि दर्शकों को किसी तरह की दिक्कत न हो। तीन से चार लेयर्स रहेंगी, जहां लोगों को स्कैन करने के साथ गाइड भी किया जाएगा।

**एक हजार जवान होंगे तैनात:** एडीएम ने बताया कि एक हजार के करीब पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ के जवान भी स्टेडियम व पूरे शहर में तैनात रहेंगे। मैच के मद्देनजर मैजिस्ट्रेट भी तैनात किए हैं, जिनमें से तीन मैजिस्ट्रेट केवल ट्रैफिक के लिए नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टेडियम से चीलगाड़ी और दाड़ी जाते समय जाम की स्थिति बनती है, जिससे निपटने के लिए पहले से तैयारी की गई है तथा अतिरिक्त पुलिस बल भी रिजर्व रखा गया है। ड्रोन

# जिले में पंचायतीराज चुनाव के लिए दो दिन में 12,548 नामांकन पत्र किए दाखिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन विभिन्न पदों के लिए 5,989 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पहले दिन 6,559 नामांकन प्राप्त हुए थे। दोनों दिनों को मिलाकर अब तक कुल 12,548 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कांगड़ा सचिन ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को प्रधान पद के लिए 2,454, उपप्रधान पद के लिए 2,622, वार्ड सदस्य पद के लिए 6,358, पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 988 और जिला परिषद सदस्य पद के लिए 126 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। दो दिनों में प्रधान पद के लिए सबसे अधिक 209 नामांकन रैत विकास खंड में प्राप्त हुए, जबकि परागपुर में 178, फतेहपुर में 179 और नूरपुर में 165 नामांकन दर्ज किए गए। उपप्रधान पद के लिए प्रागपुर में 209 सर्वाधिक नामांकन दर्ज हुए, फतेहपुर में 201, सुराणी में 184 और लंबागांव में 177। वार्ड सदस्य पद के लिए फतेहपुर विकास खंड में 546, परागपुर में 521, नगरोटा सूरियां में 505 और इंदौरा में 449 नामांकन पत्र दाखिल हुए। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए कुल 988 नामांकन मिले, जिनमें नगरोटा सूरियां में 77, फतेहपुर में 76 और इंदौरा में 71 शामिल हैं। जिला परिषद सदस्य पद के लिए कुल 126 नामांकन पत्र दर्ज किए गए।

# धर्मशाला नगर निगम चुनाव कांग्रेस ने पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर को बनाया प्रभारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के चुनाव के बीच कांग्रेस ने पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर को प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पहले पर्यटन निगम अध्यक्ष आरएस बाली को धर्मशाला नगर निगम में चुनाव प्रभारी बनाया था, लेकिन अब पूर्व सांसद को भी प्रभारी की जिम्मेवारी दी गई है, आरएस बाली भी उनके साथ प्रभारी के तौर पर काम करेंगे। जारी आदेशों के अनुसार, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर को नगर निगम धर्मशाला चुनावों के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ आरएस बाली विधायक एवं पर्यटन निगम के अध्यक्ष, सह-प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों और कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे चुनाव अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग और प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करें। यह जानकारी संगठन महासचिव विनोद जिंटा की ओर से जारी की गई है।

# लैपटॉप निर्माता कंपनी को खरीद राशि लौटाने व मुआवजा देने के निर्देश

◆ ग्राहक की शिकायत पर जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने सुनाया फैसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए लैपटॉप निर्माता कंपनी को खरीद राशि लौटाने और मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार नगरोटा बगवां निवासी अमन ने 24 अप्रैल, 2024 को 55,000 रुपए में एचपी विक्टस लैपटॉप खरीदा था। खरीद के कुछ समय बाद ही लैपटॉप की स्क्रीन पर पर्पल लाइन आने लगी और डिवाइस बार-बार काम करना बंद करने लगा।



शिकायतकर्ता ने वारंटी के तहत समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन कंपनी ने न तो लैपटॉप को ठीक किया और न ही उसे बदला। शिकायतकर्ता ने इसे सेवा में कमी बताते हुए उपभोक्ता आयोग में मामला दायर किया। सुनवाई के दौरान कंपनी ने मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट से इनकार किया, जबकि विक्रेता ने खुद को केवल विक्रेता बताते हुए जिम्मेदारी से अलग कर लिया। आयोग ने रिकॉर्ड और साक्ष्यों के आधार पर पाया कि वारंटी अवधि के दौरान ही कंपनी द्वारा डिस्प्ले बदलने के लिए 30 प्रतिशत छूट की पेशकश करना इस बात का संकेत है कि लैपटॉप में खराबी थी। साथ ही, कंपनी यह साबित करने में भी विफल रही कि डिवाइस में कोई दोष नहीं था। आयोग ने इसे सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए शिकायत को स्वीकार कर लिया। आदेश में आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद तथा नारायण ठाकुर निर्माता कंपनी को 55,000 रुपए की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 7,500 रुपए मानसिक उत्पीड़न के लिए और 7,500 रुपए मुकदमे के खर्च के रूप में देने को कहा गया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि भुगतान के बाद कंपनी को लैपटॉप वापस लेने की अनुमति होगी। वहीं , विक्रेता के खिलाफ कोई विशेष जिम्मेदारी तय नहीं की गई।

# नूरपुर पुलिस ने नशा तस्करी के दो आदतन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभुषण वर्मा ने नशा तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की है। महिंदर पाल उर्फ कालू (ग्राम छत्री, तहसील इंदौरा) और प्रदीप कुमार उर्फ छंगा (ग्राम छत्री, तहसील इंदौरा) के खिलाफ बार-बार एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामले दर्ज थे। पुलिस ने इन अपराधियों को हिरासत में लिया। प्रदीप कुमार पहले से ही थाना डमटाल के मामले में न्यायिक हिरासत में था। कार्रवाई के पश्चात दोनों आरोपियों को जिला जेल धर्मशाला भेजा गया। एसपी नूरपुर ने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस पूरी तरह सख्त है और अवैध कारोबार में शामिल अन्य व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस का संकल्प है कि युवाओं और समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भविष्य में भी इसी तरह की कड़ी निवारक कार्रवाई जारी रहेगी।

# एकलव्य स्कूलों की चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

◆ बोर्ड वेबसाइट पर मेरिट व स्कोर देख सकेंगे परीक्षार्थी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। बोर्ड ने एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सिलेक्शन टेस्ट 2026 का बहुप्रतीक्षित परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अनुसूचित जनजाति विभाग के सहयोग से आयोजित यह परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ संपन्न की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि 29 मार्च को प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा का मूल्यांकन विशेषज्ञों की देखरेख में किया गया है।

परीक्षार्थी अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रोल नंबर या एप्लीकेशन नंबर दर्ज कर सीधे अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि परिणाम को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाने के लिए बोर्ड ने विशेष प्रक्रिया अपनाई। इससे पूर्व जारी की गई अस्थायी उत्तरकुंजी पर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी गई थीं। प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन समीक्षा की गई, जिसके बाद अंतिम उत्तरकुंजी तैयार हुई। इसी फाइनल की के आधार पर ही मेरिट लिस्ट और व्यक्तिगत अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया को लेकर बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि अब आगामी कार्रवाई अनुसूचित जनजाति विभाग और संबंधित विद्यालय प्रबंधन समितियों की ओर से की जाएगी। बोर्ड परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज और अभिलेख विभाग को सौंप देगा। एकलव्य स्कूलों में दाखिला पूरी तरह से मेरिट और विभाग की ओर से निर्धारित आरक्षण व अन्य नियमों के आधार पर होगा। यदि किसी भी अभ्यर्थी को कोई संदेह या अतिरिक्त जानकारी चाहिए, तो वे कार्यालय समय के दौरान बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

# परागपुर की ऐतिहासिक धरोहर का दम घोंटता सरकारी तंत्र तालाब दुर्गंध और कचरे के ढेर में हो रहा तब्दील

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** जिसे गर्व से देश का पहला धरोहर गांव कहा जाता है, आज प्रशासन की निर्लज्जता और व्यवस्थागत विफलता का जीवंत स्मारक बन चुका है। कस्बे के मध्य में स्थित ऐतिहासिक तालाब, जो कभी इस क्षेत्र की धमनियों में बहते गौरव का प्रतीक था, अब एक बदबूदार सड़ांध और कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। जिस जल संरचना को देखने विदेश के पर्यटक खिंचे चले आते थे, वह अब शराब की बोतलों, प्लास्टिक के लिफाफों और प्रशासनिक उदासीनता के मलबे के नीचे सिसक रही है।

सबसे शर्मनाक तथ्य यह है कि यह बदहाली किसी दूरदराज के क्षेत्र में नहीं, बल्कि सीधे तहसील कार्यालय की नाक के नीचे पनप रही है। जिस मार्ग से उपमंडल और जिलास्तर के आला अधिकारियों का काफिला रोजाना गुजरता है, उसी मार्ग पर स्थित यह तालाब व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा जड़ रहा है। अधिकारियों के लिए यह तालाब शायद केवल फाइलों में दर्ज एक सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट है, लेकिन धरातल पर इसकी स्थिति प्रशासन के दावों की पोल खोलती शून्य रिपोर्ट पेश कर रही है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय निवासियों दीपक पटियाल, ऋषभ सूद, परविंदर ठाकुर, भगवान दास, अखिलेश सोनी, कर्ण के शर्मा, नीरज शर्मा, सेंटी शाह, लक्की शाह और राजेश सोनी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कड़े हस्तक्षेप की मांग की है। अगर समय रहते इस दुर्दशा का हिसाब नहीं लिया गया, तो परागपुर की पहचान इतिहास के पन्नों से मिटकर केवल कूड़े के ढेर तक सीमित रह जाएगी।


लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की हस्तक्षेप की मांग। अनंत ज्ञान

मैं स्वयं मौके पर जाकर तालाब की स्थिति का जायजा लूंगा। इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और रेनोवेशन के लिए पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि इसे पुनः व्यवस्थित और सुंदर बनाया जा सके।
**-राजकुमार, खंड विकास अधिकारी, परागपुर।**

# धर्मशाला नगर निगम चुनाव: ईवीएम का हो रहा फर्स्ट लेवल चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम चुनाव धर्मशाला की तैयारियां जोरों पर है। 17 मई को होने वाले मतदान से पहले ईवीएम की चेकिंग की जाती है, जिसके तहत धर्मशाला में ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेक चल रहा है। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि ईवीएम को प्रयोग करने से पहले उसका फर्स्ट लेवल चेक होता है, जिसका प्रोसेस धर्मशाला में चल रहा है, जिसके लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फर्स्ट लेवल चेक के बाद ही ईवीएम में अन्य तैयारी की जाएगी। फर्स्ट लेवल चेक में देखा जाता है कि ईवीएम कहीं से टूटी तो नहीं है, कोई बटन तो खराब नहीं है। ईवीएम में प्रोग्रामिंग इसमें चेंज नहीं होती है। उन्होंने बताया कि चुनाव में सबसे जरूरी वोटिंग मशीन का सुचारु रूप से चलना होता है, वोटिंग के दौरान ईवीएम स्टार्ट नहीं हो रही, कोई बटन खराब है या फिर बैटरी लो है, तो इससे समस्या पेश आती है। वोटिंग के दौरान इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेक किया जाता है।

## भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने भरा नामांकन



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** जिला परिषद के लिए लंबागांव वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी सकीमा धीमान और आलमपुर वार्ड से रक्षा देवी और मंझेड़ा वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनीता कुमारी ने पूर्व विधायक रवि धीमान, जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, पूर्व जयसिंहपुर जिला परिषद संजीव ठाकुर आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमत प्रसाद की मौजूदगी में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# फतेहपुर में पंचायत समिति सदस्य के लिए अब तक 76 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर में पंचायत चुनावों को लेकर पंचायत समिति सदस्य पद के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। फतेहपुर में 27 ब्लॉक समिति सदस्य पदों के लिए अब तक कुल 76 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तहसीलदार फतेहपुर एवं निर्वाचन अधिकारी पंचायत समिति दीपक शर्मा ने बताया कि वीरवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 27 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे थे, जबकि दूसरे दिन शुक्रवार को 49 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। निर्वाचन अधिकारी पंचायत समिति दीपक शर्मा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है तथा सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार और रविवार को अवकाश रहने के कारण अब निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 11 मई को ही नामांकन पत्र दाखिल किए।


शुक्रवार को 49 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। अनंत ज्ञान

## फतेहपुर विकास खंड की 54 पंचायतों में नामांकन प्रक्रिया जारी

## उपप्रधान पद के लिए अब तक 201 ने भरे पर्चे

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर विकास खंड की 54 पंचायतों में पंचायत चुनावों को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। वीरवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का सिलसिला जारी रहा। फतेहपुर विकास खंड की 54 पंचायतों में कुल 340 वार्ड सदस्य चुने जाने हैं। इन पदों के लिए पिछले दो दिनों में अब तक कुल 546 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इनमें पहले दिन गुरुवार को 303 तथा दूसरे दिन शुक्रवार को 243 नामांकन प्राप्त हुए। उपप्रधान पद के लिए अब तक कुल 201 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इनमें पहले दिन 119 तथा दूसरे दिन 82 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन भरे। उधर विकास खंड फतेहपुर की 54 पंचायतों में प्रधान पद के लिए अब तक कुल 179 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इनमें पहले दिन 120 तथा दूसरे दिन 59 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा करवाए। निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं विकास खंड अधिकारी फतेहपुर सुभाष अत्री ने बताया कि शनिवार और रविवार को अवकाश रहने के कारण अब निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 11 मई को ही नामांकन पत्र दाखिल किए

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**अनंत ज्ञान भोरंज।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की उपमंडलीय इकाई ने नागरिक अस्पताल में शिविर लगाया। 'मानवता में एकजुट' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी शशिपाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस संस्था मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और रस वितरित किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित कालिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य और संरक्षक उपस्थित रहे।

### जटेहड़ी में टीसीपी एक्ट के उल्लंघन पर महिला को नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तहसील हमीरपुर के राजस्व मुहाल जटेहड़ी में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर एक महिला को टीसीपी विभाग ने नोटिस जारी किया है। विभाग के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-2 के तहत जारी इस नोटिस में निर्माण कार्यों को तुरंत बंद करने तथा साइटों पर पूर्व की स्थिति बहाल के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### बड़सर में मरीजों को वितरित किए फल और जूस

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** रेडक्रॉस सोसायटी की उपमंडलीय इकाई बड़सर ने शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया। इस अवसर पर एसडीएम स्वाति डोगरा और अन्य अधिकारियों ने स्थानीय नागरिक अस्पताल में मरीजों और अन्य लोगों को जूस एवं फल वितरित किए।

### 119 लोगों के ऋण आवेदनों को दी स्वीकृति

**अनंत ज्ञान भोटा।** पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल कार्यालय हमीरपुर ने शुक्रवार को भोटा शाखा में कृषि जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्किल प्रमुख अरविंद यादव ने की। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने किसानों और लोगों को कृषि ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पीएम सूर्या घर योजना और कुसुम योजना की जानकारी दी। लोगों को पात्रता शर्तों, आवेदन प्रक्रिया तथा डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लगभग 119 ऋण आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की गई, जिनमें करीब 12.80 करोड़ रुपए के ऋण प्रस्ताव शामिल हैं। अधिकारियों ने लोगों से बैंक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### रेडक्रॉस दिवस पर 66 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने शुक्रवार को बचत भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें 66 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मंडल आयुक्त आरके पुर्थी, जिलाधीश एवं सोसाइटी अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़, होमगार्ड्स कमांडेंट विनय कुमार तथा सचिव लवकेश शर्मा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रक्तदाताओं को कैप, प्रमाण पत्र और जूस देकर सम्मानित किया। मंडल आयुक्त ने कहा कि रक्तदान महादान है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है। जिलाधीश ने रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यों की सराहना करते हुए अधिक लोगों को इससे जोड़ने की अपील की। विभिन्न विभागों के कर्मचारी, विद्यार्थी और आम लोग भी शिविर में शामिल हुए।

### डीएवी स्कूल भड़ोली में मनाया मातृ दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल में मातृ दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माताओं एवं अभिभावकों के पुष्प स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यालय परिसर डीएवी गान से गूंज उठा। जूनियर हेड गर्ल ताश्वी कंवर और जूनियर हेड ब्वॉय अद्विक शर्मा ने मातृ दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे और मां के प्रेम, त्याग व समर्पण को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और मॉडलिंग प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य सुरजीत कुमार राणा ने कहा कि मां ही प्रथम शिक्षिका होती है और उसके संस्कार ही बच्चे के जीवन की नींव होते हैं।

### पक्का भरो में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत 9 मई को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते पक्का भरो चौक, आस्था अस्पताल, पेट्रोल पंप और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### मिनी सचिवालय के परिसर में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को रेडक्रॉस सोसायटी की उपमंडलीय इकाई ने मिनी सचिवालय के परिसर में सफाई अभियान चलाया। एसडीएम निशांत शर्मा की अगुवाई में चलाए गए इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों और स्थानीय नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिनी सचिवालय परिसर तथा इसके आस-पास के स्थानों पर कचरे एवं झाड़ियों को हटाया। इस अभियान में योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को रिफ्रेशमेंट भी बांटी गई।

### हमीरपुर शहर के क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय में जल शक्ति विभाग और टीसीपी विभाग के कार्यालयों के पास खतरनाक पेड़ों को हटाने के कार्य के चलते 9 मई को वार्ड नंबर-7, जल शक्ति विभाग के कार्यालय, टीसीपी विभाग के कार्यालय और इसके आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हिम अकादमी स्कूल में मनाया मदर्स-डे



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में मदर्स-डे पर विशेष कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने रंग भरो, नृत्य, कविता पाठ, कार्ड निर्माण और थीमेटिक स्किट प्रस्तुत कर अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। बालवाटिका के नन्हें बच्चों से लेकर कक्षा चतुर्थ तक के छात्रों ने रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उपस्थित सभी भावुक और आनंदित हुए। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में माताओं के प्रति स्नेह बढ़ाते हैं और उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

### महाराणा प्रताप जयंती के कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत एकता एवं महाराणा प्रताप जयंती के आयोजन को लेकर शुक्रवार को आयोजकों ने बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया और शमशेर टाउन हॉल का निरीक्षण किया। बैठक में महासचिव विनोद ठाकुर, वित्त सचिव रविंद्र सकलानी, प्रेम यशपाल मन्हास, प्रदीप ठाकुर, बंटी ठाकुर, पंकज ठाकुर, कैप्टन प्रीतम, महिंद्र भारद्वाज समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। 9 मई को होने वाले जिला राजपूत महासभा एवं कल्याण सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिलाधीश गंधर्वा राठौर मुख्य अतिथि और पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह अध्यक्ष रहेंगे। कार्यक्रम में समाज सेवा में योगदान देने वाले राजपूतों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।

## भाषण प्रतियोगिता में अंबेडकर सदन की संस्कृति ने मारी बाजी



भगवती पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस मनाया।

अनंत ज्ञान

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत मातृ दिवस के इतिहास और महत्व पर चर्चा से हुई, जिसे एना जार्विस से जोड़ा गया।

चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में अंबेडकर सदन की संस्कृति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, टैगोर सदन के अंशदीप ने द्वितीय तथा रमन सदन के कुंजल दत्त ने तृतीय स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा के छात्र अंशदीप ने एक दर्दनाक घटना पर विचार रखते हुए मां की ममता और त्याग को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। अध्यापकों की प्रतियोगिता में पूनम परमार प्रथम, सुदर्शना द्वितीय और इंदु तृतीय रहीं।

प्राचार्य आरती कटोच ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां जीवन की सबसे बड़ी मित्र होती है और उसके सम्मान में यह दिन समर्पित है।

## 29 किलोमीटर झलेड़ा चौक-अंब और 56 किलोमीटर पंजाब बॉर्डर होशियारपुर-नादौन तक होगा फोरलेन का निर्माण

# फोरलेन एलाइनमेंट इसी माह होगी फाइनल

- फाइल मिनिस्ट्री के पास बदलाव के साथ फिर जाएगी एलाइनमेंट रिपोर्ट
- एनएचएआई और मोरथ करेंगे इनका निर्माण

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव



स्वीकृति मिलते ही जमीन अधिग्रहण का काम होगा शुरू।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले दो महत्वपूर्ण सड़क मार्गों को फोरलेन में बदलने के लिए एलाइनमेंट इसी महीने फाइनल होने की उम्मीद है। संबंधित फाइलें मंत्रालय में पहुंच गई हैं और अब जल्दी ही जमीन अधिग्रहण का काम भी स्वीकृति मिलते ही शुरू होने वाला है। 29 किमी लंबाई वाले झलेड़ा चौक-अंब और 56 किमी पंजाब बॉर्डर होशियारपुर-नादौन तक फोरलेन का निर्माण होना है। इन दोनों मार्गों की तीन-तीन एलाइनमेंट तैयार की गई हैं और अब जिस एक-एक पर मंत्रालय की मोहर लगेगी, उसके बाद जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो जाएगा। झलेड़ा चौक से अंब तक के मौजूदा टू-लेन को फोरलेन में बदला जा रहा है। इसका काम एनएचएआई द्वारा किया जाएगा। संबंधित विभाग के सुपुर्द इसे करने की प्रक्रिया जारी है, जबकि 56 किमी लंबे पंजाब बॉर्डर से सटे होशियारपुर से नादौन तक के फोरलेन का निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय यानी मोरथ के द्वारा किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, नादौन-होशियारपुर फोरलेन की जो एलाइनमेंट तैयार की गई है, उसमें मंत्रालय में दो-तीन भारत को लेकर फिर बदल करने को कहा है। अब इसमें नादौन के पास मान खड्ड के ब्रिज को भी इस्तेमाल किया जाएगा। उसके साथ दूसरा पुल बनाया जाएगा। इसके अलावा ऊना जिले के अंब के पास भी दो-तीन जगह कुछ बदलाव किए जाएंगे यह काम तत्काल प्रभाव से किया जा रहा है इसे भी नए सिरे से उसमें शामिल किया जाएगा।

### दो प्रमुख मार्गों को फोरलेन बनाने से मिलेगी बड़ी राहत

**इन** दोनों सड़क मार्गों पर ट्रैफिक बहुत ज्यादा बढ़ चुका है। इसी वजह से अब इनका निर्माण फोरलेन में हो रहा है। झलेड़ा चौक से अंब तक की सड़क इस समय टू-लेन टाइप में है। होशियारपुर से नादौन तक का सड़क मार्ग अटारी मनाली नेशनल हाईवे का हिस्सा है। पंजाब बॉर्डर से नादौन तक इसे फोरलेन बनाने का मतलब यही है कि पंजाब जाने वाले वाहनों को अच्छी सुविधा मिल सके। इसमें हमीरपुर से होकर जो ट्रैफिक पंजाब जाता है, उसे भी फायदा होगा और धर्मशाला से आने वाली ट्रैफिक भी अंब या दौलतपुर चौक में मिलती है। उसके बाद ट्रैफिक बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। अंब महत्वपूर्ण जगह है इसलिए दोनों तरफ को फोरलेन का निर्माण होने से बहुत फायदा होगा। इस मुद्दे को राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार भी उठा चुके हैं और अब यह लगभग फाइनल स्टेज पर पहुंच गया है। इसी महीने यदि स्वीकृति मिल गई तो फिर भूमि के अधिग्रहण का सिलसिला शुरू होगा और ऐसा लगता है कि अगले तीन-चार सालों में यह दोनों सड़क मार्ग फोरलेन के रूप में तैयार हो जाएंगे। इन दोनों सड़क मार्गों के नए रूप में आने से न केवल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा, बल्कि पंजाब से हमीरपुर धर्मशाला जाने वाले यात्रियों को भी फायदा होगा। धर्मशाला से चंडीगढ़ या होशियारपुर जाने वाले वाहन चालकों को भी काफी राहत मिलेगी, क्योंकि मटौर-शिमला के बीच भी फोरलेन का निर्माण तो अंडर प्रोसेस है ही।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**नेशनल** हाईवे का अतिरिक्त कार्यभार संभाले हमीरपुर के एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि दो जगह कुछ बदलाव किए जा रहे हैं, लेकिन उम्मीद यही है कि किसकी एलाइनमेंट इसी महीने फाइनल हो सकती है। इसके बाद आगे की कार्रवाई मोरथ करेगा। वहीं, एनएचएआई के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर राकेश यादव का कहना है कि झलेड़ा चौक-अंब सड़क मार्ग को एनएचएआई के हवाले किया जा रहा है इसकी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो रही हैं एलाइनमेंट फाइनल करने का काम शिमला स्तर पर हो रहा है और उम्मीद यही है कि जल्द होगा।

## कुलदीप कुमार ने धमरोल पंचायत से बीडीसी पद के लिए भरा नामांकन



नामांकन पत्र दाखिल करते कुलदीप कुमार।

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** धमरोल पंचायत से बीडीसी पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार (विक्की) ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने उनका उत्साहवर्धन किया।

कुलदीप ने कहा कि उनका उद्देश्य पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, युवाओं को बेहतर अवसर, तथा जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग एवं आशीर्वाद की अपील करते हुए कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहकर ईमानदारी और मेहनत से कार्य करेंगे। नामांकन के अवसर पर समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला और सभी ने जीत का विश्वास जताया।

## नरेश दर्जी ने जंगल रोपा से भरा जिला परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान



पर्चा दाखिल करते हुए नरेश कुमार दर्जी।

**ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी ने जंगल रोपा वार्ड से जिला परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। स्थानीय एसडीएम के पास नामांकन दाखिल करने के मौके पर उन्होंने भीड़ भी जुटाई। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि स्थानीय जनता का जोरदार आशीर्वाद मिल रहा है और वे लंबे समय से लोगों से जुड़ी हुई समस्याओं और मूलभूत दिक्कतों को दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं। यही वजह है कि उनके कहे को इस बार भी टाल नहीं पाए।

## कांग्रेस उम्मीदवार जीवन दत्ता शर्मा ने भरा नामांकन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जीवन दत्ता शर्मा ने जिला परिषद वार्ड जाहू से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान समर्थकों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। जीवन ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान कर विकास कार्यों को नई गति देना है। उन्होंने पेयजल व्यवस्था सुधारने, गांव-गांव सड़क सुविधा पहुंचाने, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने तथा युवाओं के लिए खेल और रोजगार के अवसर बढ़ाने को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। इस मौके पर सुरेश कुमार, राम चंद्र पठानिया, चंदन जैलदार तथा विजय बन्याल आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट सुरेश ने चमनेड वार्ड से भरा जिला परिषद सदस्य का पर्चा



एडवोकेट सुरेश कुमार ने चमनेड वार्ड से भरा पर्चा।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** एडवोकेट सुरेश कुमार ने चमनेड वार्ड से बतौर आजाद उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि सुरेश कुमार छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हुए और हमीरपुर महाविद्यालय में अध्यक्ष निर्वाचित हुए। शिक्षा के दौरान सुरेश हमेशा छात्रों के अधिकारों और समस्याओं को हल करवाने के लिए सक्रिय रहे और उन्हीं प्रयासों के चलते सुरेश हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में एसएफआई के अध्यक्ष भी रहे। सुरेश शिक्षा पूरी करने के बाद वकालत के साथ लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए भी हमेशा तत्पर और सक्रिय रहे। जिलेभर के लोगों विशेष कर मजदूरों की समस्याओं मनरेगा और श्रमिक कल्याण बोर्ड की समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष में सबसे आगे रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में सुरेश कुमार लड़ाई का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और जन सहयोग से स्मार्ट मीटर लगाये जाने के काम पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं में बढ़ते नशे के खिलाफ भी आवाज उठाने का प्रयास सुरेश कुमार करते रहे हैं।

## नादौन में जिला परिषद के लिए 3 और बीडीसी के लिए 27 ने भरा नामांकन



अनंत ज्ञान

**नादौन।** जिला परिषद के चुनाव के लिए नादौन उपमंडल से तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। लहड़ा वार्ड से कांग्रेस समर्थित अंजना कुमारी ने नामांकन भरा। वहीं, जिला परिषद के वार्ड सपड़ोह से भाजपा समर्थित नीलम चौधरी और अमलैहड़ वार्ड से भाजपा समर्थित एडवोकेट वीरेंद्र सिंह ने नामांकन भरा। उनके साथ पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रामलोक धनोटिया, मण्डलाध्यक्ष वीरेन्द्र पठानिया, वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक शर्मा, सुरेंद्र छिंदा, विजय चौधरी, राजीव सिंह, नीरज स्याल, यशपाल धीमान, पूर्व जिला परिषद सदस्याशीष डोगरा, पवन शर्मा, कमांडेंट चंदू लाल चौधरी, पूर्व बीडीसी सदस्य सविता शर्मा, भाजपा नत्री सीमा चौधरी, प्रकाश चैहान, प्रीतम चंद, कैप्टन विक्रम सिंह, इंदू वाला, तृतया सिंह चंद्रवंशी, तृप्ता चौधरी, रमेश चंद, रानी चौधरी, केश्व गोस्वामी, सुरेश चौधरी, पंकज स्याल आदि मौजूद थे। पंचायत समिति के लिए 27 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा। इनमें चमराल से वंदना कुमारी, अंजू वाला, सुनीता देवी; चाउडू से सविता व पूजा; बलडूहक से जीत सिंह व नवीन कुमार; जोल सप्पड़ से राम पाल; नौंहगी से विजय सिंह; लाहड़ कोटलू से प्यार चंद; भूंपल से आरती देवी व बबली देवी; जलाड़ी से विजय कुमार; बटराण से अनीता कौशल; कश्मीर से ममता; पन्याली से नरेश कुमार; गलोड़ खास से शकुंतला देवी व रजनीश कौशल; हड़ेटा से पूनम शर्मा व अंकिता शर्मा; लहड़ा से रमा शर्मा; झलाण से विनोद कुमार; अमलैहड़ से रेशमा सिंह; बसारल से रमेश चंद व पंकज कौशल; मझियार से कमलेश; कलूर से शीतल कुमार शामिल हैं। एसडीएम निशांत शर्मा ने पुष्टि की कि जिला परिषद के लिए तीन और बीडीसी के लिए 27 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा।

### पंचायत समिति बिझड़ी के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

## जिला परिषद के लिए चार व बीडीसी के लिए 44 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा



अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** स्थानीय पंचायत समिति बिझड़ी के चुनावों को लेकर उत्साह चरम पर रहा। शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनाव कार्यालय में भारी गहमागहमी देखने को मिली। निर्वाचन विभाग की सूचना के अनुसार, दोपहर 3 बजे तक कई दिग्गज और नए चेहरे अपने नामांकन पत्र दाखिल कर चुके थे। सहायक रिटर्निंग अधिकारी के अनुसार, आज कुल 44 नामांकन पत्र प्राप्त हुए।

पुरुषों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ हिस्सा लिया। मुख्य उम्मीदवारों में गारली वार्ड से सोना देवी और बबिता देवी, कलवाल और रैली कलवाल वार्ड से अनामिका बैंस, सीता देवी और रैली वार्ड से नीलम कुमारी शामिल हैं। अन्य क्षेत्रों से धंगोटा से संजय कुमार, बल्याह से ओंकार सिंह और रमा शंकर, दांदड़ू वार्ड से अजीत कुमार ने पर्चा भरा। समताना कलां वार्ड से 25 वर्षीय अनीता ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाई। इस दौरान सुरक्षा कड़े इंतजाम के साथ सुनिश्चित की गई। समर्थकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। जिला परिषद के लिए सबसे हॉट सीट बिझड़ी वार्ड नंबर 13 में परमजीत शर्मा, विकास कुमार और यशपाल ने नामांकन भरा। झंझयाणी वार्ड से विपिन ने पर्चा दाखिल किया। वार्ड नंबर 12 करेर और वार्ड नंबर 15 दांदडू से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बड़सर स्वाति डगरा ने दी।

## इंटर हाउस बास्केटबॉल स्पर्धा में बालिका वर्ग में रमन हाउस ने भाभा हाउस को हराया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में 8 मई, 2026 को आयोजित इंटर-हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय परिसर में जोश और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। बालक वर्ग में बोस हाउस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए भाभा हाउस को पराजित कर प्रभावशाली जीत दर्ज की। वहीं बालिका वर्ग में रमन हाउस ने बेहतरीन तालमेल और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए भाभा हाउस पर विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीमवर्क, समर्पण और खेल के प्रति अपने जुनून का उत्कृष्ट परिचय दिया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर मैचों को और अधिक रोमांचक बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय उप-प्रधानाचार्य श्री अश्विनी कुमार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन एवं खेल विभाग ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरकार बताए समान कार्य के लिए अलग डीए क्यों : प्रो . सिकंदर

अनंत ज्ञान

**नादौन।** राज्यसभा सांसद प्रोफेसर सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना, जिसके तहत एनपीएस कर्मचारियों को केंद्र सरकार की दरों के अनुसार महंगाई भत्ता दिया जा रहा है, से प्रदेश के हजारों ओपीएस कर्मचारियों में भारी निराशा और असंतोष है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले कर्मचारियों से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का वादा किया था और इसे अपनी प्रमुख गारंटी के रूप में प्रस्तुत किया था।



सरकार के आश्वासनों पर विश्वास करते हुए बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ओपीएस को चुना, जबकि कुछ कर्मचारी एनपीएस में बने रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एनपीएस कर्मचारियों को केंद्र सरकार की दरों के अनुसार लगभग 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि ओपीएस कर्मचारियों को राज्य सरकार की दरों के अनुसार केवल 45 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। समान पद, समान कार्य और समान जिम्मेदारियों के बावजूद कर्मचारियों के बीच इस प्रकार का अंतर पूरी तरह भेदभावपूर्ण है। सिकंदर कुमार ने कहा कि सरकार स्वयं यह स्वीकार कर रही है कि एनपीएस कर्मचारियों को भविष्य की पेंशन संबंधी लाभों में नुकसान हो रहा था, इसलिए उन्हें केंद्र की दरों पर महंगाई भत्ता देने का निर्णय लिया गया। ऐसे में ओपीएस कर्मचारियों को कम महंगाई भत्ता देकर आर्थिक नुकसान पहुंचाना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि ओपीएस को कर्मचारियों के हित में बताकर लागू किया गया था, लेकिन अब ओपीएस चुनने वाले कर्मचारी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि दोनों वर्गों के कर्मचारियों के बीच महंगाई भत्ते को लेकर बनाए गए अंतर को तुरंत समाप्त किया जाए तथा सभी कर्मचारियों को समान दर पर महंगाई भत्ता दिया जाए।

## धौलाधार सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने गंभीर बीमारी से जूझ रहे सुनील को दी आर्थिक सहायता



21 हजार रुपए का चेक किया भेंट।


**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** धौलाधार सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट पालमपुर ने मानवता का परिचय देते हुए गंभीर बीमारी से पीड़ित आलमपुर निवासी सुनील कुमार की सहायता के लिए 21 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री ठाकुर रवींद्र सिंह रवि ने यह चेक सुनील कुमार को सौंपा।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजीनियर ओम प्रकाश, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राज कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार राणा, पूर्व अध्यक्ष शांति स्वरूप शर्मा तथा पूर्व अध्यक्ष एस. के. मेहता भी मौजूद रहे। सुनील एक बेहतरीन तैराक हैं। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर ब्यास नदी में कई रेस्क्यू अभियान चलाए और अनेक लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। अब वही सुनील कुमार गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके इलाज के लिए लाखों रुपए की आवश्यकता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखने के कारण उनके लिए इलाज का खर्च उठाना कठिन हो गया है।

## अनुराग दोबारा निर्वाचित हुए संसदीय पब्लिक अकाउंट्स कमेटी के सदस्य

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर को संसद की सार्वजनिक लेखा समिति (पब्लिक अकाउंट्स कमेटी) के लिए वर्ष 2026-27 के लिए पुन: सदस्य निर्वाचित किया गया है। यह समिति सरकार के वित्तीय व्यय की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कार्य करती है तथा मुख्य रूप से नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों की समीक्षा करती है। समिति का प्रमुख दायित्व यह सुनिश्चित करना होता है कि सार्वजनिक धन का उपयोग कानूनी, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया गया है। इसके अतिरिक्त समिति विनियोग खातों की जांच, वित्तीय अनियमितताओं की पड़ताल तथा अनावश्यक खर्चों की पहचान भी करती है। लोकसभा एवं राज्यसभा के कुल 22 सदस्यों वाली इस समिति की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल करेंगे। अनुराग को इससे पहले भी वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 के लिए इसी समिति का सदस्य चुना जा चुका है। उनकी पुनर्नियुक्ति संसदीय कार्यों, नीतिगत विमर्श एवं विधायी निगरानी में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्शाती है।



अनुराग ठाकुर वर्तमान में तीन महत्वपूर्ण संयुक्त संसदीय समितियों (जेपीसी) के सदस्य भी हैं। इनमें वन नेशन वन इलेक्शन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पर गठित जेपीसी-129 शामिल है, जिसकी अध्यक्षता पीपी चौधरी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार निरोधक तीन विधेयकों पर गठित जेपीसी-130, जिसकी अध्यक्षता अपराजिता सारंगी कर रही हैं तथा देश में उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान पर गठित जेपीसी के भी वह सदस्य हैं, जिसकी अध्यक्षता दग्गुबती पुरन्देश्वरी कर रही हैं। इसके अलावा अनुराग कोयला खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं।

# रावी बनी कूड़ाघर : चंबा की जीवनदायिनी नदी पर मंडराया प्रदूषण का बड़ा खतरा

अनंत ज्ञान

चंबा। रावी नदी को चंबा जिला की जीवनरेखा और आस्था का प्रतीक माना जाता है, आज वही नदी गंदगी व लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

शहर भर का कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक व निर्माण कार्यों से निकलने वाला मलबा खुलेआम नदी में फेंका जा रहा है, जिससे रावी का अस्तित्व और पवित्रता दोनों संकट में पड़ गए हैं। नगर परिषद चुनावों के बीच जहां पार्षद राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लग रहे हैं कि वे शहर का कचरा व निर्माण अवशेष सीधे नदी में डाल रहे हैं। नदी किनारे जगह-जगह फैले कूड़े के ढेर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं। यह कचरा धीरे-धीरे नदी में समाकर जल को जहरीला बना रहा है। धार्मिक दृष्टि से रावी नदी का विशेष महत्व है। पुराणों में इसे अत्यंत पवित्र नदी बताया गया है, लेकिन मौजूदा हालात श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत कर रहे हैं। लगातार बढ़ते प्रदूषण से न केवल नदी का पानी दूषित हो रहा है, बल्कि जलीय जीवों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि आसपास के कई गांवों में उठाऊ पेयजल योजनाओं के तहत इसी नदी का पानी लोगों के घरों तक पहुंचाया जाता है, ऐसे में प्रदूषित पानी से बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में यह गंभीर जनस्वास्थ्य संकट बन सकता है। स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ भारी रोष देखने को मिल रहा है।

लोगों का कहना है कि रावी जैसी ऐतिहासिक व पवित्र धरोहर को कूड़ाघर में बदलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि नदी को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए व आने वाली नगर परिषद रावी संरक्षण के लिए ठोस व प्रभावी योजना तैयार करे। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सफाई अभियान व सख्त निगरानी शुरू नहीं हुई, तो रावी नदी का अस्तित्व बचाना मुश्किल हो जाएगा।



रावी नदी के पास फेंका कचरा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

## सरकारी योजनाओं और 'बैंकिंग' सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए किया जागरूक

देशराज कश्यप, धरवाला। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा धरवाला में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना तथा बचत के बारे में जानकारी दी गई। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने की।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत नामित चतरो राम पुत्र मौहरी निवासी गांव सोला डाकघर राडी जिला चंबा जिनकी 1 फरवरी 2026 को पहाड़ी से फिसलने के कारण मौत हुई थी। स्वर्गीय चतरो राम ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 22 जून 2015 को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक से अपना 20 रुपए का बीमा किया था मृतक की नामांकित वारिश उनकी पत्नी नैनो देवी थी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैंक ने उनको 2 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। वहीं, इस दौरान शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने ग्राहकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं व बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।

# चकलू में बदलाव की दस्तक : युवा महिला शक्ति के रूप में उभरी मंजरी शर्मा, जिप चुनाव में ठोकी दावेदारी

अनंत ज्ञान



राहुल सहगल, चंबा। जिला परिषद वार्ड नंबर-15 चकलू में चुनावी माहौल उस समय पूरी तरह गरमा गया, जब पंचायत पुखरी के पूर्व प्रधान सुरेश ठाकुर के परिवार की बहू व पूर्व उपप्रधान कार्तिक ठाकुर की पत्नी मंजरी शर्मा ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय चंबा में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन के दौरान समर्थकों, महिलाओं व युवाओं की भारी भीड़ ने यह साफ संकेत दे दिया कि चकलू वार्ड में इस बार बदलाव की नई लहर उठ चुकी है। युवा जोश, महिला नेतृत्व व विकास की नई सोच के साथ चुनावी मैदान में उतरी मंजरी शर्मा ने कहा कि वह राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानती हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है, जब युवा वर्ग व महिलाएं आगे बढ़कर समाज और पंचायत स्तर पर नेतृत्व संभालें। मंजरी शर्मा ने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि यदि उन्हें सेवा का अवसर मिलता है, तो चकलू वार्ड को विकास के नए मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके विजन का सबसे बड़ा उद्देश्य गांवों के युवाओं को बेहतर अवसर देना है। इसी कड़ी में उन्होंने हर पंचायत में खेल मैदान विकसित करने की घोषणा की, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिल सके। उन्होंने वर्षों से उपेक्षित दूरदराज क्षेत्रों तक सड़क सुविधा पहुंचाने को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि विकास केवल शहरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अंतिम गांव तक सुविधाएं पहुंचाना ही असली जनसेवा है। बुजुर्गों के सम्मान व सुविधा को लेकर मंजरी शर्मा ने हर पंचायत में मिनी पार्क विकसित करने की बात कही, जहां वृद्धजन सुबह-शाम बैठकर सुकून के पल बिता सकें। इसके अलावा क्षेत्र के स्कूलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर सुविधाएं व शिक्षा के स्तर को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास करने का भी भरोसा दिया। नामांकन के बाद मंजरी शर्मा का आत्मविश्वास व जनसमर्थन चर्चा का विषय बना रहा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक उम्मीदवार का नहीं, बल्कि नई सोच, युवा शक्ति व महिलाओं के सम्मान का चुनाव है। अंत में उन्होंने चकलू वार्ड की देवतुल्य जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि वह अपनी बहन-बेटी को आशीर्वाद देकर क्षेत्र में विकास, सम्मान और परिवर्तन की नई इबारत लिखने का अवसर दें।

## 35 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, चंबा। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी चंबा द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त व जिला रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस मानवता, सेवा व समर्पण की भावना को समर्पित है तथा रेड क्रॉस संस्था हमेशा जरूरतमंदों व पीड़ित मानवता की सहायता में अग्रणी रही है। उन्होंने समाज के लोगों से ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। डीसी ने बताया कि शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 35 यूनिट रक्तदान किया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान व समाज सेवा से जुड़े रहने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### शहरी निकाय चुनाव के लिए ईवीएम की जांच की



अनंत ज्ञान, चंबा। अतिरिक्त उपायुक्त चंबा अमित मैहरा ने बताया कि शहरी निकाय चुनाव के दृष्टिगत इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच 8 मई को डीसी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि मशीनों की तकनीकी जांच भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अभियंताओं द्वारा की गई। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, ताकि वे जांच प्रक्रिया का अवलोकन कर सकें व पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि 9 मई को चंबा, चुवाड़ी व डलहौजी नगर निकाय चुनाव क्षेत्रों के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया जाएगा।

### बीमार चालक को 15 हजार की सहायता दी

अनंत ज्ञान, चंबा। ऑल ड्राईवर कल्याण संघ भारत, चंबा द्वारा बीमार चालक किशन से मुलाकात कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया गया। किशन पिछले तीन महीनों से गंभीर बीमारी के चलते बैड रेस्ट पर हैं। संघ के प्रधान मोनूज टंडन के नेतृत्व में टीम उनके घर पहुंची व उनका हालचाल जाना। इस दौरान संघ की ओर से 15,000 की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। इस मौके पर कैसल रोशन लाल, कैलाश चंद व लेखराज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने किशन के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि ऑल ड्राईवर कल्याण संघ हमेशा अपने साथियों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहता है और आगे भी समाज सेवा के कार्य जारी रहेंगे।

### जिला परिषद वार्ड कोट में चुनावी सरगर्मियां तेज

अनंत ज्ञान, नेरचौक। नाचन विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद वार्ड कोट में नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। पहले दिन विभिन्न राजनीतिक पृष्ठभूमि और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कई प्रमुख चेहरों ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिससे वार्ड में मुकाबला रोचक होता नजर आ रहा है। वार्ड से रविंद्र राणा और राकेश ठाकुर ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। दोनों लंबे समय से सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं तथा क्षेत्र में उनकी सक्रियता मानी जाती है। रविंद्र राणा दो बार मंडल अध्यक्ष व दो बार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा वह तीन बार कोट पंचायत के प्रधान भी रहे हैं तथा विभिन्न पंचायतों की वाटरशेड कमेटियों और एचपीएमसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। वहीं, राकेश ठाकुर ढाबण पंचायत के पूर्व उपप्रधान रह चुके हैं और युवा वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार वार्ड में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। विभिन्न दलों और समर्थक समूहों से कई दावेदारों के मैदान में आने से चुनाव दिलचस्प हो गया है।

## कुम्मी में सजेगा श्री राधा-माधव का दरबार, 5 मई से शुरू होगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

अनंत ज्ञान, नेरचौक। उपमंडल बल्ह के कुम्मी गांव में नवनिर्मित श्री राधा-माधव मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 5 मई से 10 मई तक आयोजित होने वाले छह दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा। समारोह का आयोजन श्री राधा माधव विश्व कल्याण परिवार ग्राम सुधार सभा द्वारा श्री श्री 1008 बाबा कमलदास जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार समारोह में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर तथा बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह का शुभारंभ 5 मई को भूमि पूजन और ध्वजारोहण के साथ होगा। 6 को सुबह 9:15 बजे कलश स्थापना और मंडप प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 9 को भव्य नगर भ्रमण व रथ यात्रा निकाली जाएगी। 10 मई को दोपहर 12:15 बजे मुख्य मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा।

# 26 जुलाई से 2 अगस्त तक मनाया जाएगा मिंजर मेला

अनंत ज्ञान

चंबा। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला के आयोजन के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जिला चंबा का सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मिंजर मेला जिला चंबा की प्राचीन समृद्ध संस्कृति तथा समाज के विभिन्न वर्गों के आपसी मेल मिलाप व आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेले के मूल स्वरूप सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना हम सब का दायित्व है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिंजर मेले की तैयारीयों से संबंधित अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी व गंभीरता के साथ निर्वहन करें। बैठक में डीसी ने मिंजर मेला से संबंधित कार्य सूची के अंतर्गत विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला इस वर्ष परंपरानुसार 26 जुलाई से 2 अगस्त तक चौगान नंबर-1 में मनाया जाएगा। बैठक में मेले के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मिंजर मेले के दौरान होने वाले व्यय व आय, निमंत्रण कार्ड /स्मारिका, परिवहन, यातायात व पार्किंग प्रबंधन, खेलकूद प्रतियोगिताओं, चौगान की साफ सफाई तथा मरम्मत व रखरखाव, पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था के अतिरिक्त मिंजर मेला के लिए थीम निर्धारण सहित कला केंद्र व मंजरी गार्डन में आवश्यक मुरम्मत के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा, सहायक आयुक्त मनमोहन सिंह, जिला भाषा अधिकारी तुकेश कुमार, विधि अधिकारी शरीफ शाह, पुलिस विभाग के निरीक्षक संत राम के अतिरिक्त कई अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।



डीसी मुकेश रेपसवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

# पंचायतीराज चुनाव के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 11 से 24 मई तक : डीसी

अनंत ज्ञान

चंबा। डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पंचायतीराज चुनाव के सफल व सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कार्यक्रम 11 मई से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पूर्वाभ्यास विभिन्न तिथियों में आयोजित किए जाएंगे। प्रथम पूर्वाभ्यास विकास खंड भरमौर में 14 मई, भटियात में 11 मई, चंबा मैहला और सलूणी में 13 मई, पांगी में 18 मई तथा तीसा में 14 मई को आयोजित किया जाएगा। द्वितीय पूर्वाभ्यास विकास खंड भरमौर, भटियात, चंबा, मैहला एवं सलूणी में 18 मई को तथा तीसा में 21 मई को निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विकास खंडों में तृतीय पूर्वाभ्यास 24 मई को आयोजित किया जाएगा तथा इसी दिन संबंधित मतदान दल अपने-अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्धारित तिथि व समय पर पूर्वाभ्यास में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्वाभ्यास के दौरान निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया, मतदान केंद्र प्रबंधन तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत व व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया को निर्बाध, व्यवस्थित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

चंबा। डीसी मुकेश रेपसवाल ने वर्ष 2025-26 की हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिला चंबा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों के साथ संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। डीसी ने कहा कि यह जिला चंबा के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है कि प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में जिले के पांच मेधावी विद्यार्थियों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों द्वारा कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के आधार पर यह उपलब्धि हासिल करना पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि प्रदेश भर के हजारों विद्यार्थियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाना सरल कार्य नहीं है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर डीसी ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह 5100-5100 की नकद प्रोत्साहन राशि तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा लिखित प्रेरणादायक पुस्तक विंग्स ऑफ फायर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा उपायुक्त से पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने उन्हें जीवन में निरंतर लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जिला चंबा के पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेहड़ की छात्रा तनुजा कुमारी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गानेड के छात्र होमपाल ने संयुक्त रूप से प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया, जबकि पीएम श्री बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल चम्बा के छात्र नितिन राणा एवं स्टीफन पब्लिक स्कूल चम्बा की छात्रा अन्वी ने संयुक्त रूप से सातवां स्थान हासिल किया है इसी तरह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पजा के छात्र कपिल ठाकुर ने प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल कर जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया।

## दुनी चंद की बहाली को लेकर 18वें दिन भी डटे मजदूर, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अनंत ज्ञान



सुरंगानी। बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन वीरवार को 18वें दिन भी लगातार जारी रहा।

मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक फैसला नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरने में सीटू जिला चंबा अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध, यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर, उपाध्यक्ष लोक राम, धर्म चंद, चैन लाल, सुरेंद्र कुमार, बलविंदर सिंह व चमन सिंह सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे। सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध ने कहा कि प्रबंधन का रवैया पूरी तरह मजदूर विरोधी है व यूनियन अब आंदोलन को और सख्त करने पर विचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यूनियन की सबसे बड़ी मांग दुनी चंद की नौकरी की बहाली है व जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से घटाकर 58 वर्ष किए जाने के फैसले का भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यूनियन हर स्तर पर इसका विरोध करेगी। यूनियन नेताओं ने कहा कि मजदूर शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन यदि प्रबंधन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और तेज करते हुए बड़े स्तर पर संघर्ष छेड़ा जाएगा।

# सरोल में बदलाव की लहर, विजय ने जिप चुनाव में ठोकी मजबूत दावेदारी

अनंत ज्ञान





राहुल सहगल, चंबा। जिला परिषद वार्ड सरोल में चुनावी सरगर्मियां उस समय तेज हो गई जब ग्राम पंचायत पालियुर निवासी युवा समाजसेवी विजय कुमार ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय चंबा में जिला परिषद सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों और समर्थकों का उत्साह देखने लायक था।

साधारण परिवार से संबंध रखने वाले विजय कुमार ने नामांकन के बाद जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल वोटों का नहीं, बल्कि उन भावनाओं का चुनाव है जो चाहती हैं कि गांव का एक सामान्य बेटा आगे बढ़कर अपने क्षेत्र की आवाज बने। उन्होंने कहा कि राजनीति में किसी बड़े परिवार या राजनीतिक पृष्ठभूमि से होना जरूरी नहीं, बल्कि जनता के दुख-दर्द को समझने वाला व्यक्ति ही सही मायनों में उनका प्रतिनिधित्व कर सकता है। विजय कुमार ने भावुक अंदाज में कहा कि यदि सरोल वार्ड की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर सेवा का अवसर देती है तो वह हर उस उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे जो लोगों ने उनसे बांधी है। उन्होंने कहा कि उनका सपना सरोल वार्ड को विकास, शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है। उन्होंने अपने विजन को साझा करते हुए कहा कि वार्ड की प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान विकसित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच मिल सके। इसके अलावा दूरदराज क्षेत्रों में आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित करने की बात कही, जिससे पढ़ाई में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सकें।

विजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के कई विद्यालय आज भी बदहाल स्थिति में हैं। ऐसे स्कूलों के भवनों और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ-साथ स्मार्ट क्लासेस शुरू करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा, ताकि गांव के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि हर पंचायत में बुजुर्गों और बच्चों के लिए पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां लोग सुबह-शाम सुकून के पल बिता सकें। साथ ही जिन क्षेत्रों में आज भी सड़क सुविधा नहीं पहुंची है वहां बेहतर सड़क नेटवर्क उपलब्ध करवाना और प्रत्येक पंचायत में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। विजय कुमार ने कहा कि यह केवल कुछ प्राथमिक विषय हैं, जबकि पूरे वार्ड के विकास का विस्तृत रोडमैप पहले से तैयार है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि समाज सेवा है और वह क्षेत्र के हर वर्ग को साथ लेकर विकास की नई सोच के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। अंत में विजय कुमार ने सरोल वार्ड की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि इस चुनाव में वह अपने भाई और बेटे को आशीर्वाद देकर सफल बनाएं, ताकि सरोल वार्ड में विकास और बदलाव की नई कहानी लिखी जा सके।

# एचपीवी टीकाकरण से कोई बच्चा न छूटे



अनंत ज्ञान

चंबा। भूरी सिंह संग्रहालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर जिला स्तरीय मूल्यांकन व समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपनिदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. राजेश गुलेरी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों तथा जमीनी स्तर पर सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. राजेश गुलेरी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृ व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण अभियान तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत कोई भी पात्र बच्चा छूटना नहीं चाहिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने और जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

डॉ. गुलेरी ने आशा कार्यकर्ताओं द्वारा होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर के अंतर्गत किए जाने वाले सात दिवसीय दौरों को शत-प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने तथा बच्चों में कुपोषण और महिलाओं में एनीमिया की समस्या को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। बैठक में कुष्ठ रोग उन्मूलन, क्षय रोग नियंत्रण, तंबाकू मुक्त हिमाचल अभियान तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी लक्ष्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## यूनिटी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस



अनंत ज्ञान

गुलशन गुप्ता, रिवालसर। यूनिटी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर में मातृ दिवस बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है।

इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों की माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक व रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान म्युजिकल रेस, बैलून म्यूजिकल गेम, बॉल व बकेट गेम, बैलून फाइट गेम तथा आंखों पर पट्टी बांधकर अपने बच्चों की पहचान करने जैसी कई प्रतियोगिताओं ने सभी का खूब मनोरंजन किया। माताओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपने अनुभव व विचार साझा किए। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य डीडी शर्मा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं व बच्चों का विद्यालय में पधारने पर आभार व्यक्त किया तथा मातृ शक्ति के योगदान को समाज के लिए अमूल्य बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, खुशी और पारिवारिक स्नेह का माहौल देखने को मिला।

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उपतहसील वीहडू कलां, जिला ऊना (हि.प्र.)**

तारीख पेशीः- 04-06-2026

किसम दावा :- नाम दरूस्ती

मुकदमा न0 8095104/NTBC/2026

**मदन लाल वनाम आम जनता**

**विषयः प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती करवाने बारे।**

उपरोक्त मुकदमा अनुवान वाला में प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र वराए नाम दरूस्ती इस न्यायालय में दायर किया है जिसमें उसने अपना नाम मदन लाल पुत्र मन्शा राम वासी महाल वल्ह खालसा, मौजा थहड़ा, जिला ऊना (हि.प्र.) वताया है। जवकि उसका नाम राजस्व अभिलेख महाल वल्ह खालसा जमावन्दी वर्ष 2022-2023 के अनुसार करनैल सिंह दर्ज है। प्रार्थी करनैल सिंह की वजाए करनैल सिंह उपनाम मदन लाल वासी महाल वल्ह खालसा, मौजा थहड़ा, जिला ऊना (हि.प्र.) करवाना चाहता है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्व अभिलेख वल्ह खालसा, मौजा थहड़ा, उप-तहसील वीहडूकलां, जिला ऊना (हि.प्र.) में इस नाम दरूस्ती वारे कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह निर्धारित तिथि पेशी दिनांक 04-06-2026 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन अदालत हजा में हाजिर आकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। एतराज न प्राप्त होने की सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुकदमा का निर्णय कर दिया जाएगा। आज दिनांकः- 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उपतहसील वीहडू कलां, जिला ऊना (हि. प्र.)**

'शिक्षा का अर्थ है पापों का नाश करने वाला। 'व' कहते हैं मुक्ति देने वाले को। भोलेनाथ में ये दोनों गुण हैं इसलिए वे शिव कहलाते हैं।
–ब्रह्मवैवर्त पुराण

## संपादकीय

# लोकतंत्र का उत्सव

हिमाचल प्रदेश में शहरी निकाय चुनावों के साथ-साथ ग्राम सत्ता की लड़ाई भी पूरी तरह से गरमा गई है। गांवों से लेकर कस्बों तक राजनीतिक माहौल चरम पर पहुंच चुका है। इस बार चुनावों को लेकर लोगों में जो उत्साह दिखाई दे रहा है, वह पिछले चुनावों की तुलना में कहीं अधिक है। पंचायतों, नगर निकायों और वार्ड स्तर तक हर जगह चुनावी चर्चाएं आम हो गई हैं। चौपालों, चाय की दुकानों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चुनावी समीकरणों को लेकर खूब बहसें चल रही हैं। लोकतंत्र के इस उत्सव में आम जनता की भागीदारी बढ़ना निश्चित रूप से स्वस्थ संकेत माना जा सकता है।

दरअसल, पंचायत और शहरी निकाय चुनावों में लोगों की रुचि इसलिए भी अधिक होती है क्योंकि इनका सीधा संबंध आम आदमी के दैनिक जीवन से होता है। गांव की सड़क, पानी, नाली, बिजली, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी और विकास कार्यों का बड़ा हिस्सा स्थानीय प्रतिनिधियों की सक्रियता पर निर्भर करता है। यही वजह है कि लोग ऐसे प्रतिनिधियों को चुनना चाहते हैं जो उनके सुख-दुख में साथ खड़े हों और विकास को प्राथमिकता दें। इस बार एक और दिलचस्प पहलू देखने को मिल रहा है कि लगभग हर सीट पर कई-कई दावेदार मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। पहले जहां सीमित लोग चुनाव लड़ते थे, वहीं अब प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य और पार्षद पदों के लिए लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। पंचायत चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं होते, इसलिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और स्थानीय प्रभाव ज्यादा अहम हो जाते हैं। ऐसे में हर व्यक्ति अपने स्तर पर चुनावी गणित बिठाने में जुटा हुआ है। कई जगहों पर गांव गुटों में बंट चुके हैं और बैठकों का दौर लगातार जारी है।

हालांकि अधिक प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक पहलू भी सामने आते हैं। कई बार चुनाव केवल व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता या दबाव की राजनीति तक सीमित होकर रह जाते हैं। कुछ लोग केवल समीकरण बिगाड़ने या बाद में नाम वापस लेने के उद्देश्य से भी चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। यह भी चर्चा रहती है कि ऐन वक्त पर कुछ उम्मीदवार समझौते के तहत अपना नाम वापस लेकर आर्थिक लाभ हासिल कर लेते हैं। ऐसी प्रवृत्तियां लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए शुभ संकेत नहीं कही जा सकतीं।

चुनावों में उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या के पीछे बेरोजगारी भी एक बड़ा कारण बनकर उभर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सीमित हैं। ऐसे में कई लोग पंचायत प्रतिनिधि बनने को सामाजिक प्रतिष्ठा और आय के साधन के रूप में देखने लगे हैं। भले ही पंचायत प्रतिनिधियों को सीमित मानदेय मिलता हो, लेकिन सत्ता और प्रभाव का आकर्षण लोगों को चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस बार चुनावों में सोशल मीडिया की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। पहले पंचायत चुनाव केवल गांवों तक सीमित रहते थे, लेकिन अब फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसे माध्यमों पर प्रचार अभियान चल रहे हैं। उम्मीदवार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, आकर्षक मेनिफेस्टो जारी किए जा रहे हैं और पोस्टरों से माहौल बनाया जा रहा है। कुछ उम्मीदवार तो महीनों पहले से सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता बढ़ाकर जनता के बीच छवि निर्माण में जुटे हुए थे। डिजिटल प्रचार का यह बढ़ता प्रभाव आने वाले समय में स्थानीय राजनीति का स्वरूप पूरी तरह बदल सकता है।

शहरी निकाय चुनावों में भी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो चुकी है। राज्य चुनाव आयोग द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने के बाद उम्मीदवार घर-घर जाकर प्रचार में जुट गए हैं। 17 मई को चुनाव और उसी दिन मतगणना होने से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। शहरी क्षेत्रों के चुनाव खत्म होते ही पूरा फोकस पंचायत चुनावों पर आ जाएगा और ग्राम सत्ता की लड़ाई और अधिक तेज हो जाएगी।

राजनीतिक विश्लेषक इन चुनावों को विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल मान रहे हैं। करीब डेढ़ साल बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए वर्तमान चुनावों के परिणाम भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। स्थानीय चुनावों के जरिए राजनीतिक दल और नेता जनता का मूड समझने की कोशिश करेंगे। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### स्वाभिमान, शौर्य व राष्ट्रभक्ति के प्रतीक

**महाराणा प्रताप** भारतीय इतिहास के उन अमर वीरों में गिने जाते हैं, जिन्होंने अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ दुर्ग में मेवाड़ के महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता जयवंता बाई के घर हुआ था। बचपन में उन्हें प्रेम से 'कीका' कहा जाता था। वे बचपन से ही साहसी, स्वाभिमानी और युद्धकला में निपुण थे। आगे चलकर उन्होंने मेवाड़ की आन-बान और स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लिया।



महाराणा प्रताप
जन्म : 9 मई, 1540
मृत्यु : 29 जनवरी, 1597

महाराणा प्रताप ऐसे वीर शासक थे जिन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। उस समय अधिकांश राजपूत राजा मुगलों से समझौता कर चुके थे, लेकिन प्रताप ने स्वतंत्रता और स्वाभिमान को सर्वोपरि माना। 1573 ई. में वे मेवाड़ के सिंहासन पर बैठे और अपने राज्य तथा संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष शुरू किया।

हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप के जीवन का सबसे प्रसिद्ध अध्याय माना जाता है। 18 जून 1576 को अकबर की विशाल सेना और महाराणा प्रताप की सेना के बीच यह भीषण युद्ध हुआ। युद्ध में प्रताप ने अद्भुत वीरता का परिचय दिया। उनके प्रिय घोड़े चेतक ने भी असाधारण साहस दिखाया। प्रताप ने जंगलों और पहाड़ों में कठिन जीवन बिताया, लेकिन कभी भी मुगलों के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। उनका जीवन त्याग, संघर्ष और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है। 29 जनवरी, 1597 को उनका देहांत हो गया। ■



कविता

## धरा से गगन तक

डॉ. पीसी कौंडल गांव ददोह, डाकघर धावन
तहसील बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)

**मानव** जब से इस धरा पर आया है
तब से यहां आने का मकसद समझ नहीं पाया है।
धरा से गगन तक असंख्य जीव जंतु रहते हैं
जो अपने अपने कर्मों का दु:ख सुख सहते हैं।
इस खूबसूरत दुनिया को ईश्वर ने बनाया है
उसी ने इस दुनिया को फूलों से सजाया है।
इंसान दुनिया की खूबसूरती के पीछे भागता जा रहा है
पर ईश्वर की खूबसूरती को देख नहीं पा रहा है।
जब तक इंसान ईश्वर से मिल नहीं जाता है
तब तक इंसान चौरासी से निकल नहीं पाता है।
गुरु के बिना ईश्वर से मिलाप नहीं हो पाता है
गुरु ही इंसान के भीतर ज्ञान का प्रकाश जगाता है।
धरा से गगन तक सारा विश्व समाया है
समस्त चराचर का खेल ईश्वर ने रचाया है।
सबको इस दुनिया को छोड़कर जाना होगा
जिस मकसद के लिए आया वो निभाना होगा।
हमेशा के लिए यहां कोई न रहा न रहेगा
किए गए कर्मों का फल सहन करना पड़ेगा।
विश्व का कालचक्र बहुत ही न्यारा है
धरा से गगन तक ईश्वर का पसारा है।
सांसों का भंडार दिनोंदिन खत्म होता जा रहा है
जिंदगी का आखिरी दिन नजदीक आता जा रहा है।

# पंचायत चुनाव में प्रत्याशी की सूझबूझ, व्यवहार व व्यक्तित्व का प्रभाव



सुभाष चंद कासव
गांव जौवा, डा. गैहरा, तहसील एवं जिला चंबा (हि. प्र.)

पंचायत चुनाव भारतीय लोकतंत्र की सबसे जमीनी और महत्वपूर्ण कड़ी है, जहां से असली जनप्रतिनिधित्व की शुरुआत होती है। यह केवल एक चुनाव नहीं होता, बल्कि समाज के विश्वास, नेतृत्व की क्षमता और विकास के दृष्टिकोण की परीक्षा भी होता है। पंचायत चुनाव जीतना केवल लोकप्रियता या धनबल का परिणाम नहीं होता, बल्कि इसके पीछे दूरदर्शिता, व्यवहार कुशलता, जनसेवा की भावना और निरंतर प्रयासों का समन्वय होता है। जो व्यक्ति इस चुनाव को गंभीरता से समझता है और जनता के दिलों तक पहुंचने की कला सीख लेता है, वही सफलता प्राप्त करता है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि पंचायत चुनाव में स्थानीय मुद्दों का महत्व सबसे अधिक होता है। बड़े-बड़े वादों से ज्यादा लोगों को अपने गांव की सड़कों, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की चिंता होती है। इसलिए एक उम्मीदवार को अपने क्षेत्र की समस्याओं का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। उसे यह जानना चाहिए कि किस वार्ड या मोहल्ले में कौन सी समस्या प्रमुख है और उसका समाधान कैसे किया जा सकता है। जब उम्मीदवार लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनता है और उनके समाधान का भरोसा दिलाता है, तब जनता के मन में उसके प्रति विश्वास उत्पन्न होता है। इसके साथ ही उम्मीदवार का व्यवहार और व्यक्तित्व भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पंचायत चुनाव में लोग व्यक्ति को उसके स्वभाव और उसके आचरण के आधार पर परखते हैं। यदि उम्मीदवार विनम्र, मिलनसार और सहनशील है तो वह लोगों के दिलों में जल्दी जगह बना लेता है। कठोर भाषा, अहंकार और दूसरों को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति चुनाव में नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए एक सफल उम्मीदवार को हमेशा संयमित और सकारात्मक रहना चाहिए।

चुनाव जीतने के लिए जनसंपर्क सबसे मजबूत हथियार होता है। घर-घर जाकर लोगों से मिलना, उनकी समस्याओं को समझना और उनके साथ व्यक्तिगत संबंध बनाना बहुत जरूरी होता है। पंचायत चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका भी बढ़ रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी व्यक्तिगत संपर्क का महत्व सबसे अधिक है। जब उम्मीदवार सीधे लोगों से मिलता है, उनके सुख-दुख में शामिल होता है, तो वह केवल एक नेता नहीं बल्कि परिवार का सदस्य बन जाता है। यही संबंध चुनाव में जीत का आधार बनते हैं।

एक और महत्वपूर्ण पहलू है टीम वर्क। कोई भी व्यक्ति अकेले चुनाव नहीं जीत




सकता। उसके पीछे एक मजबूत टीम का होना आवश्यक है, जो हर स्तर पर उसका सहयोग करे। यह टीम गांव के अलग-अलग हिस्सों में काम करती है, लोगों से संवाद स्थापित करती है और चुनावी रणनीति को लागू करती है। टीम के सदस्यों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए, ताकि वे ईमानदारी और निष्ठा से काम कर सकें।

चुनावी रणनीति बनाना भी अत्यंत आवश्यक होता है। बिना योजना के किया गया प्रयास अक्सर असफल हो जाता है। उम्मीदवार को यह तय करना चाहिए कि वह किस प्रकार से अपने प्रचार को आगे बढ़ाएगा, किन मुद्दों को प्रमुखता देगा और किन वर्गों पर विशेष ध्यान देगा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाना भी लाभकारी होता है, क्योंकि हर वर्ग की अपेक्षाएं अलग होती हैं। ईमानदारी और पारदर्शिता भी चुनाव जीतने के महत्वपूर्ण आधार हैं। आज के समय में लोग जागरूक हो चुके हैं और वे ऐसे उम्मीदवार को पसंद करते हैं जो साफ-सुथरी छवि रखता हो।

भ्रष्टाचार या गलत तरीकों से चुनाव जीतने की कोशिश अल्पकालिक सफलता तो दे सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह नुकसानदायक साबित होती है। इसलिए उम्मीदवार को अपने व्यवहार और कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। इसके अलावा चुनाव के दौरान धैर्य बनाए रखना भी बहुत जरूरी होता है। कई बार विरोधी उम्मीदवार आरोप-प्रत्यारोप करते हैं, अफवाहें फैलाते हैं और माहौल को खराब करने की कोशिश करते हैं। ऐसे समय में संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। पंचायत चुनाव में सफलता केवल प्रचार या राजनीतिक रणनीति पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उम्मीदवार के व्यवहार, सोच और जनसेवा की भावना पर भी आधारित होती है। चुनाव के दौरान विरोध और आलोचना स्वाभाविक होते हैं, लेकिन समझदारी इसी में है कि प्रत्याशी नकारात्मक प्रतिक्रिया देने के बजाय सकारात्मक तरीके से अपनी बात रखे। शांत और संयमित व्यवहार जनता के बीच विश्वास पैदा करता है।

आज पंचायत चुनावों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है, जो लोकतंत्र के लिए एक शुभ संकेत है। महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसी प्रकार युवा वर्ग भी चुनाव में नई ऊर्जा और नए विचार लेकर आता है। यदि युवाओं को सही दिशा और जिम्मेदारी दी जाए तो वे गांव के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

चुनाव में वित्तीय प्रबंधन और प्रभावी संवाद भी आवश्यक हैं। सीमित संसाधनों का सही उपयोग और सरल, स्पष्ट भाषा में जनता से संवाद उम्मीदवार की छवि को मजबूत बनाता है। अंतत: वही प्रत्याशी सफल होता है जिसका उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि समाज की सच्ची सेवा और जनता के विकास के प्रति समर्पण होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कारगिल युद्ध से मिली सीख और भारत की मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

कारगिल युद्ध में जहां कई वीर सपूतों को हमने खोया, वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं में सन् 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो करीब 60 दिनों तक चला।

भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस युद्ध पर विजय पाई। इसी कारण 26 जुलाई का दिन देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को इस दिन श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को स्मरण किया जाता है। भारत का लोहा आज विश्व के अन्य देश भी मान रहे हैं जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व के कई देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। इन देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनने के कारण ही उनके साथ व्यापारिक समझौते भी हुए हैं। किसी भी देश के साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते, तब तक व्यावसायिक बन पाना मुश्किल होता है। आज वही देश भारत की विदेश नीति से फलीभूत होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश का कुल 16500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन के अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना




घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया है।

भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है, जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। पूर्व केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत आज राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है।

सीमापार आतंकवाद, घुसपैठ, ड्रग्स तस्करी और बढ़ती आतंकी गतिविधियों ने देश की चिंता बढ़ा दी है। इसी कारण सरकार रक्षा और सुरक्षा पर अधिक बजट खर्च कर रही है, ताकि देश की सीमाएं सुरक्षित रहें। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं और सैनिकों पर हमलों ने यह स्पष्ट किया है कि आतंकवाद अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

भारत ने हमेशा दक्षिण एशियाई देशों के साथ सहयोग और भाईचारे की नीति अपनाई है। नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की सहायता करके भारत ने एक जिम्मेदार पड़ोसी होने का परिचय दिया है। यदि दक्षिण एशिया के सभी देश एकजुट होकर आतंकवाद, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई जैसी समस्याओं के खिलाफ मिलकर काम करें, तो क्षेत्र में स्थिरता और विकास संभव है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार वहां विकास, पर्यटन और रोजगार बढ़ाने के प्रयास कर रही है। उद्देश्य यह है कि युवाओं को बेहतर अवसर मिलें और आतंकवाद की जड़ें कमजोर हों। हालांकि बढ़ती आतंकी घटनाएं यह भी संकेत देती हैं कि देश को आंतरिक सुरक्षा और खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे देश की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सेकुलरिज्म का भारतीय चेहरा अब मुस्लिम पॉकेट्स तक सिमटा



अजय कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पश्चिम बंगाल और असम के ताजा विधानसभा चुनावी नतीजों ने भारतीय राजनीति की उस गहरी सच्चाई को उजागर कर दिया है जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था। जहां एक तरफ हिमंता बिस्वा सरमा असम में 'मियां' शब्द का इस्तेमाल कर विपक्ष की वोटबैंक राजनीति को निशाने पर ले रहे थे, वहीं शुभेंदु अधिकारी बंगाल में 'जय सनातन' का नारा लगाकर हिंदू बहुल इलाकों में भावनाओं को छू रहे थे।

यह सिर्फ शब्दों का खेल नहीं था। नतीजे बताते हैं कि 'सेकुलरिज्म' का झंडा उठाने वाली पार्टियां अब खास समुदाय के मुट्ठीभर इलाकों तक सिकुड़ गई हैं। कांग्रेस असम में और तृणमूल कांग्रेस बंगाल में मुस्लिम बहुल पॉकेट्स की कैद में फंस गई हैं। असम की 126 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस महज 19 सीटें जीत सकी। इनमें से 18 विधायक मुस्लिम समुदाय से हैं। यानी गैर-मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस को लगभग पूरी तरह नकार दिया। गौरव गोगोई जैसी युवा चेहरों की हार इस बात का प्रमाण है कि पार्टी का आधार अब केवल एक खास वोटबैंक तक रह गया है। बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ को सिर्फ दो सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवारों ने टैक्टिकल वोटिंग के जरिए फायदा उठाया।

मुस्लिम मतदाताओं ने अजमल को छोड़कर कांग्रेस को बीजेपी के खिलाफ मजबूत विकल्प माना, लेकिन इस प्रक्रिया में कांग्रेस ने अपना पुराना हिंदू और असमिया आधार लगभग गंवा दिया। असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ते वक्त जो आरोप लगाए थे, वे अब नतीजों में साफ दिख रहे हैं। बोरा ने कहा था कि पार्टी मूल निवासियों की भावनाओं को नजरअंदाज कर एक खास वोटबैंक को खुश करने में लगी है। नतीजे इस फ्रस्ट्रेशन की पुष्टि करते हैं। असम में आइडेंटिटी पॉलिटिक्स



हमेशा से चरम पर रही है। बंगाल की तरह यहां भी 'सर्वधर्म समभाव' का नारा अब 'तुष्टिकरण' के रूप में देखा जा रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार ने डेलिमिटेशन के जरिए मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या घटाई, जिससे स्वदेशी समुदायों का वजन बढ़ा। नतीजा यह कि 103 सीटों पर अब मूल निवासी निर्णायक बन गए। बंगाल की तस्वीर और भी चौंकाने वाली है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से 27 से 30 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं को अपना सबसे मजबूत सहारा मानती रही। इस बार पार्टी ने 47 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे और 32 ने जीत हासिल की। यह स्ट्राइक रेट शानदार लगता है, लेकिन हकीकत यह है कि ये 32 विधायक टीएमसी के कुल विधायकों में करीब 40 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। एक कथित सेकुलर पार्टी का इतना बड़ा हिस्सा एक ही समुदाय से आना खुद पार्टी की व्यापक स्वीकार्यता पर सवाल खड़ा करता है।

प. बंगाल और असम की राजनीति में हाल के वर्षों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। जिन क्षेत्रों में कभी क्षेत्रीय और तथाकथित 'सेकुलर' दलों का मजबूत प्रभाव माना जाता था, वहां अब राजनीतिक समीकरण बदलते दिखाई दे रहे हैं। मुस्लिम बहुल इलाकों में भी मतदाताओं का एकतरफा समर्थन कमजोर पड़ रहा है और स्थानीय नेतृत्व, क्षेत्रीय मुद्दे तथा विकास की राजनीति को अधिक महत्व मिलने लगा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक पहचान आधारित राजनीति और तुष्टिकरण की रणनीति अपनाने वाली पार्टियों को अब चुनौती मिल रही है। दूसरी ओर, बहुसंख्यक समाज में भी प्रतिक्रिया स्वरूप राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है। इसका परिणाम यह हुआ कि कई राज्यों में चुनाव हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण के आधार पर प्रभावित होते दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय भी मानी जा रही है, क्योंकि इससे विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दे पीछे छूट सकते हैं। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि राजनीति धर्म और जाति से ऊपर उठकर समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़े। यदि राजनीतिक दल केवल ध्रुवीकरण पर निर्भर रहेंगे, तो समाज में विभाजन और बढ़ सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एआई आधारित साइबर खतरों से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय सुदृढ़ करना जरूरी



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं

डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने जहां जीवन को आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराधियों के लिए भी नए रास्ते खोल दिए हैं। आज एआई का उपयोग केवल सकारात्मक कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका दुरुपयोग कर अधिक जटिल और खतरनाक साइबर हमले किए जा रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

एआई आधारित साइबर खतरों का दायरा अब लगातार बढ़ता ही जा रहा है तथा एआई की मदद से साइबर अपराधी अब अधिक सटीक और व्यक्तिगत हमले कर पा रहे हैं। फिशिंग हमले अब पहले से अधिक विश्वसनीय और व्यक्तिगत हो गए हैं। डीपफेक तकनीक का उपयोग कर नकली वीडियो और ऑडियो बनाए जा रहे हैं, जिससे धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के मामले बढ़ रहे हैं। ऑटोमेटेड मैलवेयर एआई की सहायता से खुद को अपडेट कर सुरक्षा प्रणालियों को चकमा दे सकते हैं। डेटा चोरी और पहचान की ठगी अधिक तेजी से और बड़े स्तर पर की जा रही है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हमारी निर्भरता लगातार बढ़ रही है। बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी सेवाएं सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है। ऐसे में एक छोटा सा साइबर हमला भी व्यक्ति, संस्थान या देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। आर्थिक नुकसान के साथ-साथ गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग भी बड़ी समस्या है।

कमजोर पासवर्ड साइबर हमलों का सबसे आसान लक्ष्य होते हैं। हर खाते के लिए अलग और जटिल पासवर्ड बनाना तथा MFA का उपयोग करना बेहद जरूरी है। पुराने सॉफ्टवेयर में सुरक्षा खामियां होती हैं, जिन्हें हैकर्स आसानी



से भुना सकते हैं। इसलिए सिस्टम और ऐप्स को हमेशा अपडेट रखें। इसके अलावा जिस तरह साइबर अपराधी एआई का उपयोग कर रहे हैं, उसी तरह सुरक्षा एजेंसियों को भी एआई - आधारित डिटेक्शन सिस्टम अपनाने चाहिए, जो असामान्य गतिविधियों को तुरंत पहचान सकें। अधिकांश साइबर हमले मानव त्रुटि के कारण सफल होते हैं। कर्मचारियों और आम लोगों को फिशिंग, संदिग्ध लिंक और डेटा सुरक्षा के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण डेटा को एन्क्रिप्ट करना और नियमित बैकअप रखना साइबर हमलों के नुकसान को कम कर सकता है। इस मॉडल के तहत किसी भी यूजर या डिवाइस पर बिना सत्यापन के भरोसा नहीं किया जाता, जिससे अनधिकृत पहुंच को रोका जा सकता है। सरकारों और संगठनों को साइबर सुरक्षा नीतियों को मजबूत बनाना होगा। कड़े कानून, तेज प्रर्ति, या तंत्र और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। साथ ही, साइबर सुरक्षा में निवेश बढ़ाना भी आवश्यक है। अत: एआई आधारित साइबर खतरे भविष्य की एक बड़ी चुनौती हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए तकनीकी समाधान के साथ-साथ जागरूकता और सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है। यदि समय रहते मजबूत कदम नहीं उठाए गए, तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। इसलिए हर व्यक्ति, संस्था और सरकार को मिलकर साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लंबित बिजली बिलों का 20 तक करें भुगतान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड विद्युत उपमंडल संख्या-2 मंडी के अंतर्गत आने वाले सौली खड्ड, विन्द्रावणी, नेला, चड़याणा, शिल्हा कीपर, मझवाड़, दुड्डर, कोटमोर्स, सायरी, रखून, ब्रधिवीर, चडयारा, गुटकर, ओटा, बैहना, कैहनवाल, मनयाणा, टिल्ली, तल्याहड़, देवधार, पधियूं, कठल्गा, रंधाड़ा, गजनोहा, पतरीण, रतीपुल, अलाशू, मराशू, जनेड़, सिरम तथा तांदी क्षेत्र के सभी प्रकार के विद्युत उपभोक्ताओं से अप्रैल माह के लंबित बिजली बिलों का भुगतान 20 मई तक अवश्य उससे पूर्व करने का आग्रह किया गया है। सहायक अभियन्ता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन बिना किसी अतिरिक्त सूचना के अस्थायी रूप से काट दिए जाएंगे।

### धनोटू में 500 रुपए किलो बिक रहा काफल

अनंत ज्ञान, महादेव। पहाड़ी फल काफल जो स्वास्थ्य के लिए बड़ा ही लाभदायक बताया जाता है की क्षेत्र भर में बहार आ गई है। काफल जैसा फल मंडी के ऊंचाई वाले इलाकों में पाया जाता है वहीं पर पेड़ पर चढ़कर कठोर जीवन यापन करने वाले ग्रामीण लोग इसे बड़ी ही सावधानी से तोड़कर लाते हैं और गांव-गांव व शहर-शहर जाकर बेचते हैं या एक ही स्थान पर भी बेचते हैं। ग्रीष्म ऋतु में पकने वाले इस लाल रंग के गोलमटोल फल की हर जगह मांग रहती है और लोग इसे यहीं नहीं बल्कि बाहरी राज्यों में भी खरीद ले जाते हैं और बड़े चाव से खाते हैं।आजकल राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं



21से सटे गांव धनोटू स्थित शहीद राजेश कुमार चौहान धनोटू चौक में यह फल पांच सौ रुपए किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। पहाड़ का मीठा फल कहलाने वाले इस फल को कुदरत द्वारा प्रदान की गई नेमत कहा जा रहा है जो भले ही पेड़ पर हो या टोकरी में इसकी प्राकृतिक बहार देखते ही बनती है यानि मंडी जिला के दुर्गम क्षेत्र का यह सुंदर फल बर्बस ही अपनी ओर खींच रहा है।

### गोहर में शिविर में 28 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान, गोहर। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर उपमंडल गोहर के बासा स्थित राजकीय महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 28 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में सर्व स्वयंसेवियों, स्थानीय व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम गोहर देवी राम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी मंडी के सचिव ओपी भाटिया ने उपस्थित लोगों को रेड क्रॉस की विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस संस्था आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवाओं, जरूरतमंदों की सहायता तथा सामाजिक सहयोग के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए इसे समाज के प्रति एक प्रेरणादायक योगदान बताया।

### माता की स्मृति में विद्यार्थियों को बांटी स्कूल ड्रेस



अनंत ज्ञान, अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर। जोगिंदरनगर की लांगणा पंचायत के जरेहड़ गांव निवासी सोहन सिंह बिष्ट ने अपनी पूजनीय माता की स्मृति में राजकीय प्राथमिक पाठशाला धुरली में विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस वितरित की।इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने सोहन सिंह बिष्ट के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनका हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

### धर्मपुर के डॉ. नवजोत को फिर मिला गोल्ड मेडल

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत बिंगा के गांव बिंगा निवासी विजय ठाकुर एवं सरला ठाकुर के पुत्र प्रतिभाशाली युवा पशु चिकित्सक डॉ. नवजोत सिंह ठाकुर ने एक बार फिर क्षेत्र और प्रदेश का नाम





रोशन किया है। शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आयोजित 17वें कॉन्वोकेशन समारोह के दौरान उन्हें डॉक्टरी की पढ़ाई में अपने 2015 / 2020 बैच में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा गांववासियों, अध्यापकों और अभिभावकों ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। डॉ. नवजोत सिंह ठाकुर शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और अपनी शिक्षा के प्रत्येक चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर उन्होंने लगातार शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। समारोह में राज्यपाल ने उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिला परिषद चुनाव : जिले में दूसरे दिन 44 नामांकन पत्र दाखिल

## बालीचौकी और बल्ह में सबसे अधिक नॉमिनेशन, हालांकि कई वार्डों में अभी भी नहीं खुला खाता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। जिला परिषद चुनावों के लिए मंडी जिले के विभिन्न उपमंडलों में दूसरे दिन नामांकन प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली। दूसरे दिन कुल 44 नामांकन दाखिल पत्र दाखिल हुए। बालीचौकी और बल्ह में सबसे अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जबकि कई वार्डों में अब भी प्रत्याशियों का इंतजार बना हुआ है। धर्मपुर में लगातार दूसरे दिन भी कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। उपमंडल मंडी सदर के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद वार्ड 7-स्योग, 8-कटौला, 30-सरयाणा और 31-कोटली के लिए दूसरे दिन तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी रूपिन्द्र कौर ने बताया कि वार्ड 7-स्योग से सुरेंद्र कुमार और गिरीश ठाकुर ने तथा वार्ड 30-सदयाणा से लाभ सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड 8-कटौला और 31-कोटली से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

### उपमंडल वाइज नामांकन भरने वालों की संख्या

**जोगिंद्रनगर में चार नामांकन दाखिल**

जोगिंद्रनगर। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर के अंतर्गत वार्ड 1-भड़याड़ा से अजय कुमार, बलबीर सिंह और शेष राम ने तथा वार्ड 36-लांगणा से रीमा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड 3-नेरघरवासड़ा से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

**पधर में तीन ने किया नामांकन**

पधर। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि पधर के तहत वार्ड 4-डलाह से अनिता तथा वार्ड 5-कुफरी से शिवानी ठाकुर और सीमा देवी ने नामांकन दाखिल किए। वार्ड 2-बथेरी से कोई नामांकन नहीं हुआ।

**गोहर में तीन ने भरा नामांकन पत्र**

गोहर। सहायक रिटर्निंग अधिकारी गोहर देवी राम ने बताया कि वार्ड 10-बासा से बिमला देवी तथा वार्ड 14-नौण से नरोत्तम सिंह और चिंत राम ने नामांकन दाखिल किए। वार्ड 11-म्झोटी से कोई नामांकन नहीं हुआ।

**थुनाग में आठ नामांकन दाखिल**

बालीचौकी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी थुनाग संजीत शर्मा ने बताया कि उपमंडल थुनाग के अंतर्गत वार्ड 12-रोड़ से धनेश्वर सिंह और चंद्रमणी ने नामांकन भरे। वहीं वार्ड 13-ब्रयोगी से नरेन्द्र कुमार, डिंपल शर्मा (दो सेट), धनदेव, पपलेश सिंह और परस राम ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

**करसोग में केवल एक नामांकन**

करसोग। सहायक रिटर्निंग अधिकारी करसोग गौरव महाजन ने बताया कि करसोग के वार्ड 15-चुराग से डूलु देवी ने नामांकन दाखिल किया, जबकि अन्य तीन वार्डों से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

**सरकाघाट में दो नामांकन दर्ज**

सरकाघाट। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरकाघाट राजेंद्र गौतम ने बताया कि सरकाघाट के वार्ड 28-भाम्बला से मीरा तथा वार्ड 29-धौना से लक्ष्मी ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया। वार्ड 27-कोट (गोपालपुर) और 33-नवाही से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

**सुंदरनगर में एक नामांकन दाखिल**

सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत दूसरे दिन वार्ड 21-खिलड़ा से अमरू राम ने नामांकन पत्र जमा किया।

**धर्मपुर में दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं**

धर्मपुर। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटयाल ने बताया कि उपमंडल धर्मपुर के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद वार्डों में दूसरे दिन भी कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ।

### बालीचौकी में नौ, बल्ह में 10 ने किया नॉमिनेशन

बालीचौकी/नेरचौक। बालीचौकी के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद वार्ड 6-नगवाई और 9-थाची के लिए दूसरे दिन नौ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड 6-नगवाई से रामदेई, तमन्ना, विद्या देवी, कमला देवी, नर्वदा देवी, हिमानी चौहान और ओमी देवी ने नामांकन दाखिल किए। वहीं वार्ड 9-थाची से हिमानी चौहान और ओमी देवी ने नामांकन पत्र जमा किए। वहीं, बल्ह के वार्ड 22-महोग से यशोदा देवी, वार्ड 23-कोट (बल्ह) से प्रेम सिंह, वार्ड 24-गोड़गगाल से पंकज शर्मा, वार्ड 25-बैहल से वीरेंद्र कुमार, नानक चंद, सुरेंद्र कुमार, विनय गुलेरिया, नरेन्द्र सिंह और राकेश कुमार तथा वार्ड 26-लोअर रिवालसर से पवन कुमार ने नामांकन दाखिल किए।

# सुंदरनगर में टिप्पर और कार में टक्कर, पांच लोग घायल

## निजी कार्य से सुंदरनगर आ रहा था करसोग के सुई गांव का परिवार

अनंत ज्ञान,

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर के पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे 5 लोग घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। घायलों का उपचार सिविल अस्पताल सुंदरनगर में जारी है। घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घटित हुई है। हादसे में घायल लोग उपमंडल करसोग के सभी लोग पांगणा क्षेत्र से संबंधित हैं। इनमें पांगणा के गांव सुई के रहने वाला परिवार और गांव सेरी का रहने वाला ऑल्टो कार चालक है। हादसे के समय पूरा परिवार निजी कार्य से सुंदरनगर जा रहा था। इसी दौरान जयदेवी के समीप घटा घटित हो



गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह सुंदरनगर-करसोग सड़क मार्ग पर जयदेवी गुरद्वारे के समीप एक टिप्पर नंबर एचपी-31डी-1429 और ऑल्टो कार टैक्सी के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उपचार के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी देते हुए एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग महिला की मौत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत बहरी में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब घास काटने गई एक महिला पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के चार-पांच लोग उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन मधुमक्खियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस घटना में कुल पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल धर्मपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों को घर भेज दिया गया, जबकि दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बिलासपुर स्थित एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स में उपचार के दौरान बहरी गांव की 75 वर्षीय मलका देवी (पत्नी भादर सिंह) ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही धर्मपुर प्रशासन हरकत में आया और तहसीलदार प्रवीण शर्मा के माध्यम से पीड़ित परिवार को 25,000 रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई।

### ज्ञान-विज्ञान समिति चलाएगी मतदाता जागरूकता अभियान : डॉ. वीना राठौर



अनंत ज्ञान

सरकाघाट। हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति खंड कमेटी एवं नशा मुक्ति अभियान समिति की बैठक भराड़ी स्थित एफपीओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. वीना राठौर ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं खंड अध्यक्ष भोलादत कश्यप, सचिव ऋत्विक, बिमला हिंडोस्तानी, सतीश कुमार, हेमराज, सुरेश कुमार सोनू, भूपेंद्र सिंह, रेखा देवी एवं सुमना कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। खंड सचिव ऋत्विक कुमार ने बताया कि समिति 10 से 30 मई तक नशा मुक्ति अभियान चलाएगी, जिसकी शुरुआत घरवासड़ा से होगी। अभियान के दौरान पंचायत चुनावों में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। समिति ऐसे उमीदवारों के समर्थन की अपील करेगी जो स्वयं नशे से दूर हों और नशे के सेवन व बिक्री का विरोध करते हों। बैठक में कहा गया कि पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों द्वारा नशा रोकथाम संबंधी शपथ पत्र दिए जाते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में यह केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। इसी को देखते हुए समिति ने गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया है। कार्यकर्ता पर्चे बांटकर और संवाद के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे इसके अलावा 11 से 14 मई तक शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ. वीना राठौर और भोलादत कश्यप भाग लेंगे। प्रशिक्षण के बाद वे मंडी जिला के विभिन्न खंडों में भी नशा मुक्ति अभियान को मजबूत करेंगे।

### मजबूत और कुशल युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति : रोहित राठौर

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर में आयोजित 19वीं राजकीय/निजी आईटीआई जिला स्तरीय खेलकूद एवं एथलेटिक प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) 2026 का समापन समारोह उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 'स्ट्रांग यूथ, स्किल्ड नेशन ड्रग फ्री जेनरेशन' थीम के तहत किया गया। समापन समारोह में तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक रोहित राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संस्थान के प्रधानाचार्य विजय चौधरी ने मुख्यातिथि एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्यातिथि रोहित राठौर ने युवाओं को खेलों के माध्यम से स्वस्थ, अनुशासित एवं नशा मुक्त जीवन अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि मजबूत और कुशल युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करती हैं।

**◆ सुंदरनगर आईटीआई में 19वीं जिला स्तरीय खेलकूद एवं एथलेटिक प्रतियोगिता संपन्न**

प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी और वॉलीबॉल में राजकीय आईटीआई बगस्टेड विजेता रही, जबकि खो-खो में राजकीय आईटीआई सुंदरनगर तथा बैडमिंटन और बास्केटबॉल में राजकीय आईटीआई पपलोग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओवरऑल खेल ट्रॉफी राजकीय आईटीआई मंडी के नाम रही। वहीं वुशु प्रतियोगिता में सुंदरनगर आईटीआई ने ओवरऑल ट्रॉफी हासिल की। समारोह में आदित्य रैना, मुनिश कुमार, विजय उपाध्याय तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक चमन लाल उपस्थित रहे।

### युवाओं को सामाजिक समरसता, स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

करसोग। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भंथल करसोग में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदेमातरम् के गायन से हुआ। अपने संबोधन में आलोक कुमार ने संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध और नागरिक कर्तव्यों को लेकर युवाओं का मार्गदर्शन किया।





**◆ आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर भंथल में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित**

उन्होंने कहा कि परिवार भाव मजबूत होना चाहिए, युवा नशे से दूर रहें, अस्पृश्यता समाप्त हो तथा जल, जंगल और जमीन सुरक्षित एवं स्वच्छ रहें। उन्होंने स्वदेशी, स्वावलंबन, संविधान के पालन और नियमों के अनुसरण पर भी बल दिया तथा युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान बागवानी के माध्यम से सेब की विभिन्न प्रजातियों के पांच लाख पौधे विकसित करने तथा स्वावलंबिता एवं उद्यमिता के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले सोनू ठाकुर को आलोक कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अश्विनी सोनी, संजय कुमार, महीधर प्रसाद, शिवकुमार, राजेंद्र शर्मा, आत्माराम सहित करसोग और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### सहायक वनरक्षक भर्ती के विरोध में राज्यपाल से मिला वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ वन वृत्त मंडी के अध्यक्ष छोटू यादव की अध्यक्षता में महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने वन विभाग में प्रस्तावित सहायक वनरक्षक भर्ती का विरोध दर्ज करवाते हुए वनरक्षक भर्ती को पुरानी प्रक्रिया के तहत करवाने की मांग उठाई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में जोगिंदर सिंह, महासचिव विशाल, प्रदीप परवेश तथा मोनिका भी उपस्थित रहे। महासंघ ने राज्यपाल के समक्ष कहा कि वन विभाग में पहले से बड़ी संख्या में वनरक्षक के पद रिक्त हैं, जिन्हें नियमित प्रक्रिया के तहत भरा जाना चाहिए। सहायक वनरक्षक भर्ती से भविष्य में प्रशासनिक और कानूनी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। महासंघ ने मांग की कि सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार कर पूर्व की भांति वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया को लागू करे। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि सरकार कर्मचारियों की मांगों और विभागीय हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी।

**◆ पुरानी प्रक्रिया के तहत वनरक्षक भर्ती करवाने की उठाई मांग**

# अरोमा नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने की यात्रियों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह के अवसर पर अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीसरे दिन शुक्रवार को सुंदरनगर बस स्टैंड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यात्रियों, स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम की जानकारी प्रशासनिक अधिकारी नेहा ठाकुर ने दी।





शिविर के दौरान प्रशिक्षु छात्राओं ने लोगों का रक्तचाप और मधुमेह परीक्षण किया। लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं ने नाटकों और जनजागरूकता प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। शिविर में बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं ने लोगों को बताया कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही नशे से बचाव के उपायों और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रशिक्षु छात्राओं ने लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनावमुक्त जीवन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

#### यात्रियों ने की सराहना

बस स्टैंड सुंदरनगर पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए बेहद लाभकारी हैं और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर कॉलेज का शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ भी उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

## 'इतिहासोत्सव-2026' संस्कृति, शोध और विरासत संरक्षण का प्रेरक मंच : आचार्य ललित

# सरदार पटेल विवि में गूंजी संस्कृति-परंपरा की स्वर लहरियां

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं इतिहास सोसाइटी द्वारा मंडी की 500 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत को समर्पित वार्षिक समारोह 'इतिहासोत्सव-2026' एवं 'विरासत के पदचिन्ह' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य (डॉ.) ललित कुमार अवस्थी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य (डॉ.) राजेश कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमरचंद चौहान, देवराज शर्मा एवं राजेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शोधार्थी वेद प्रकाश ने मंचासीन अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। इतिहास सोसाइटी के अध्यक्ष शानू कुमार ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम परिचय प्रस्तुत करते हुए वर्षभर आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, शोध, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का विवरण दिया तथा विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

मुख्यातिथि आचार्य (डॉ.) ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि इतिहासोत्सव-2026 केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि समृद्ध ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक चेतना और अकादमिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और विरासत संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए इतिहास से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य (डॉ.) राजेश कुमार शर्मा ने आयोजन को विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने वाला प्रेरणादायी मंच बताया। विशिष्ट अतिथि अमरचंद चौहान ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया, जबकि देवराज शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास,

### दीपक दीपांशु को मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार

दीपक दीपांशु को विभाग का वार्षिक सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार प्रदान किया गया। नेट एवं सेट परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों में जितेन, कर्मा, नीतिका, शिवानी, ललित एवं सपना को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में नीरज, सपना, श्रीया, खेलकूद क्षेत्र में दिया एवं सुरक्षा को सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों में योग लता, गीता नंद, कुलराज एवं रोहित मंडल को सम्मानित किया गया। इतिहास सोसाइटी के पूर्व अध्यक्षों एवं सचिवों में पुनीत भारती, कैलाश एवं जतिन सहित वर्तमान पदाधिकारियों एवं सदस्यों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक चेतना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्वालियर यात्रा के संस्मरणों पर आधारित प्रकाशन 'विरासत के पदचिन्ह' एवं वृत्तचित्र का लोकार्पण किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जरनैल सिंह समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना की राजनीति में उस समय हलचल मच गई, जब कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता व ऊना ब्लॉक ओबीसी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जरनैल सिंह ने अपने परिवार और समर्थकों सहित भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। गांव सनोली के समाजसेवी जरनैल सिंह का भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने के बाद जरनैल सिंह ने कांग्रेस सरकार और पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा न उतर पाने के कारण लोगों में कांग्रेस के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने विधायक सतपाल सिंह सत्ती को विकासोन्मुख नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ऊना क्षेत्र निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर उनकी माता संतोष कौर, पत्नी ललिता, भाई रविंदर सिंह बिट्टू सहित बड़ी संख्या में समर्थकों ने भाजपा का दामन थामा। हिमाचल पुलिस से सेवानिवृत्त एएसआई सरजीवन सिंह ने भी भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में कई पूर्व जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### तनवीर हेड ब्वॉय, राधिका व तन्वी बनी हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** एसएसआरवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अलंकरण समारोह उत्साह, अनुशासन व गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान नव-निर्वाचित छात्र परिषद, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन व प्रिफेक्ट्स को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगर निगम ऊना के आयुक्त पृथ्वी पाल सिंह मुख्यातिथि तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना केसी ठाकुर विशिष्टतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय जीवन में नेतृत्व क्षमता विकसित कर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं केसी ठाकुर ने अनुशासन, ईमानदारी और टीम भावना को सफल नेतृत्व की आधारशिला बताया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमेश कुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्या बृज बाला शर्मा ने भी विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने और विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यालय की छात्र परिषद में तनवीर को हेड ब्वॉय तथा राधिका और तन्वी को संयुक्त रूप से हेड गर्ल चुना गया। अभिनन्यु जूनियर हेड बॉय और शीतल बैंस जूनियर हेड गर्ल बने। विभिन्न हाउसों के कैप्टन, वाइस कैप्टन और प्रिफेक्ट्स को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, बडूही।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बुधाडा में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह व भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के त्याग, समर्पण व परिवार व समाज में उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देना रहा। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर मातृ शक्ति के सम्मान में भावनाओं और खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि डॉ. रेणु शेरावत, माननीय डिप्टी कमिश्नर की धर्मपत्नी, द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। स्कूल प्रबंधन समिति व अध्यापकों ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। उन्होंने माताओं की भूमिका को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हर सफल व्यक्ति की सफलता के पीछे उसकी माता का विशेष योगदान होता है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि माताएं परिवार की रीढ़ होती हैं व उनके बिना परिवार की कल्पना अधूरी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, अब्राहम लिंकन, राजा राममोहन राय और पृथ्वीराज चौहान जैसे महान व्यक्तियों के जीवन में उनकी माताओं की प्रेरणा और संस्कारों का अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों, गीतों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी मोनिका सिंह, डॉ. अद्वैता तथा समाजसेविका पूजा अटवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने माताओं को प्रेरणादायक संदेश दिए।

## लठियानी जिला पार्षद वार्ड से सीमा कुमारी ने समर्थकों सहित भरा नामांकन

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लठियानी जिला पार्षद वार्ड से सीमा कुमारी, पत्नी राजिंदर रिंकू ने शुक्रवार को जिला पार्षद उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान क्षेत्र में उत्साह पूर्ण माहौल देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में समर्थक व स्थानीय लोग उनके समर्थन में उपस्थित रहे। नामांकन प्रक्रिया के समय कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक चरणजीत शर्मा, भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, पूर्व प्रधान अनीता राणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नामांकन से पहले समर्थकों द्वारा एकत्र होकर सीमा कुमारी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने क्षेत्र के विकास तथा जनहित के मुद्दों को लेकर चर्चा की और चुनाव में मजबूती से समर्थन देने का भरोसा जताया। नामांकन के अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि सीमा कुमारी लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी रही हैं व क्षेत्र की समस्याओं को भली-भांति समझती हैं। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में वार्ड में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सभा को संबोधित करते हुए कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक चरणजीत शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता विकास चाहती है और इसी सोच के साथ सीमा कुमारी को उम्मीदवार बनाया गया है।

## ऊना में जिला परिषद वार्डों के लिए 14 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान

**ऊना।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव के तहत शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन ऊना जिले के विभिन्न जिला परिषद वार्डों से कुल 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि उपमंडल हरोली के अंतर्गत जिला परिषद वार्डों से 4 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर-14 पंजावर से अनु वाला पत्नी सुरेश कुमार, इंदु वाला धर्मपत्नी लेखराज तथा वार्ड नंबर 13 हरोली से नरेंद्र सिंह पुत्र धनी राम व जसपाल सुपुत्र सुख दयाल शामिल हैं। उपमंडल ऊना के तहत 3 प्रत्याशियों ने जिला परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए।



लठियानी जिप वार्ड की उम्मीदवार अनीता देवी के साथ नामांकन दाखिल कराने जाते भुट्टो। अनंत ज्ञान

इनमें वार्ड नंबर 8 चताड़ा से अनु ठाकुर पत्नी मनोज कुमार, वार्ड नंबर 10 रायपुर सहोड़ा से बिंदु शर्मा पत्नी राजन कुमार तथा वार्ड नंबर 7 टक्का से सुमित कुमार शर्मा पुत्र हरीश कुमार शर्मा शामिल हैं। इसी प्रकार उपमंडल अंब में 2 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर-1 मुबारिकपुर से पवनजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह तथा वार्ड नंबर 2 कुठेड़ा खैरला से अरुण लता धर्मपत्नी संजीव कुमार शामिल हैं। उपमंडल बंगाणा में 4 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर-5 लठियाणी से सीमा कुमारी पत्नी राजेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 4 सोहारी से योगराज पुत्र धर्मचंद तथा वार्ड नंबर 6 धनेत से वीना देवी पत्नी रोशन लाल और चंचल वाला धर्मपत्नी सुभाष चंद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उपमंडल गगरेट से वार्ड नंबर-16 चलेट से रजनी देवी पत्नी सुशील कुमार ने जिला परिषद सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र 11 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रातः 10 बजे से होगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

## धनेत जिला पार्षद वार्ड से वीना देवी ने भुट्टो की नेतृत्व में भरा नामांकन भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**राजेश ठाकुरी, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के धनेत जिला पार्षद वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार वीना देवी ने शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो के नेतृत्व में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। नामांकन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नारों व ढोल-नगाड़ों के साथ मौजूद रहे तथा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया गया। नामांकन से पूर्व आयोजित सभा में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार और स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रदेश और कुटलैहड़ क्षेत्र की जनता कांग्रेस की नीतियों से पूरी तरह निराश हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत व जिला परिषद चुनावों में भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है तथा धनेत वार्ड से भाजपा प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा विकास, पारदर्शिता व जनसेवा की राजनीति की है, जबकि कांग्रेस केवल झूठे वादों तक सीमित रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। भुट्टो ने विश्वास जताया कि धनेत जिला पार्षद वार्ड में भाजपा प्रत्याशी दस हजार से अधिक मतों के अंतर से विजय प्राप्त करेगी। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती वीना देवी ने कहा कि उन्हें क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है।

## युवती को भगाकर ले जाने वाले युवक को 24 घंटे में लुधियाना से दबोचा, कोर्ट मैरिज से पहले पकड़ा

अनंत ज्ञान

**अंब।** अंब उपमंडल में युवती को भगाकर ले जाने के मामले में स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर युवक व युवती को लुधियाना से बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि दोनों कोर्ट मैरिज की तैयारी में थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया।

जानकारी के अनुसार एक युवक एक हिंदू युवती को अपने साथ लेकर फरार हो गया था। घटना के बाद युवती के परिजनों ने पुलिस थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी युवक पहले से शादीशुदा है। मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आ गई व युवती की तलाश के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनिल पटियाल तथा थाना प्रभारी रूप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में एसआई संजीव, एएसआई सुनील डढ़वाल, हेड कांस्टेबल नितिश डढ़वाल तथा महिला आरक्षी रजनी को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन व गुप्त सूचनाओं के आधार पर लगातार कार्रवाई करते हुए दोनों को लुधियाना कोर्ट परिसर के बाहर ट्रेस कर लिया। बताया जा रहा है कि युवक व युवती कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन देने पहुंचे थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

इसके बाद पुलिस दोनों को अपने साथ अंब थाना ले आई। उधर, आरोपी युवक की पत्नी ने गगरेट थाना में उसके खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत भी दर्ज करवाई है, जिसके बाद मामला और अधिक गंभीर हो गया है। एसडीपीओ अंब अनिल पटियाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि युवती का मेडिकल करवाया जाएगा व नियमानुसार उसे अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है और आगामी कार्रवाई कानून के अनुसार अमल में लाई जाएगी।

## कोटला खुर्द में 10 मई को सजेगा विशाल संत समागम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** व्यास नगर स्थित वृंदावन निकुंज निवास, श्री श्री 1008 उमा माता जी की कुटिया में 10 मई को विशाल संत समागम व मूर्ति स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूज्य राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के आशीर्वाद तथा साध्वी कृष्ण प्रिया दासी के सानिध्य में संपन्न होगा। साध्वी कृष्ण प्रिया दासी ने बताया कि इस अवसर पर विष्णु देवानंद जी की 21वीं पुण्यतिथि व पूज्य उमा माता जी का मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 और 9 मई को कुटिया परिसर में गरीबदास बाणी का अखंड पाठ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। पूरे परिसर में भक्ति संगीत और सत्संग से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। 10 मई को राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज श्रद्धालुओं को सत्संग व प्रभु रस का संदेश देंगे। इस दौरान विशाल संत सम्मेलन व भव्य भंडारे का आयोजन भी होगा।

## कम शुल्क, बेहतर सुविधाएं, युवाओं के लिए किफायती खेल केंद्र साबित हो रहा ऊना का इंडोर स्टेडियम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** आधुनिक खेल सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध होने से ऊना का इंडोर स्टेडियम जिले के युवाओं के लिए किफायती और सुविधाजनक विकल्प साबित हो रहा है।

बैडमिंटन कोर्ट और जिम जैसी सुविधाएं यहां कम शुल्क पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे खिलाड़ी, विद्यार्थी व फिटनेस के प्रति जागरूक युवा बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जिला युवा सेवा व खेल विभाग के अधिकारी प्रिंस पठानिया ने बताया कि इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट सुविधा के लिए बच्चों से 300 रुपए और अन्य वर्गों से 600 रुपए मासिक शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, जिम सुविधा के लिए बच्चों से 500 रुपए तथा अन्य वर्गों से 1000 रुपए मासिक शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र में इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए बैडमिंटन कोर्ट पर सामान्यत: 1000 से 2000 रुपए और जिम सुविधा के लिए 1500 से 3000 रुपए तक मासिक शुल्क लिया जाता है, ऐसे में इंडोर स्टेडियम युवाओं को कम खर्च में आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। पठानिया ने कहा कि उपायुक्त जतिन लाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन का फोकस खेल सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाने और युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर है। इस संबंध में उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास युवाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर, सुलभ और किफायती खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने का है, ताकि अधिक से अधिक युवा खेल गतिविधियों और फिटनेस से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से जिले में खेल अधोसंरचना को निरंतर मजबूत किया जा रहा है।

## निकाय चुनावों के लिए ईवीएम पर आज होगा मॉक पोल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शहरी निकाय चुनाव के तहत जिले में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों (ईवीएम) तथा वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) प्रक्रिया शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने दी। उन्होंने बताया कि एफएलसी प्रक्रिया के उपरांत अब शनिवार, 9 मई को राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुल मशीनों में से 10 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉक पोल करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉक पोल प्रक्रिया सुबह 7 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय ऊना की चौथी मंजिल स्थित बैठक कक्ष में आयोजित होगी। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

## बिलासपुर नगर परिषद चुनाव : भाजपा ने बदले समीकरण, 11 में 9 नए चेहरों पर जताया भरोसा

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** भाजपा ने बिलासपुर नगर परिषद चुनाव में इस बार बड़ा राजनीतिक दांव खेलते हुए 11 वार्डों में से 9 नए चेहरों को मैदान में उतारकर साफ संकेत दे दिए हैं कि पार्टी स्थानीय स्तर पर नई टीम और नए समीकरणों के साथ चुनावी रण में उतरना चाहती है। भाजपा ने केवल दो पुराने चेहरों नरेश कुमारी और नरेंद्र पंडित पर दोबारा भरोसा जताया है, जबकि बाकी अधिकांश प्रत्याशी पहली बार सक्रिय चुनावी राजनीति में कदम रख रहे हैं।




नगर परिषद के सभी वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

राजनीतिक गलियारों में भाजपा की इस रणनीति को बदलाव और संतुलन दोनों के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, नए उम्मीदवारों का प्रत्यक्ष राजनीतिक अनुभव सीमित माना जा रहा है, लेकिन सामाजिक स्तर पर उनकी सक्रियता और जनता के बीच मजबूत संपर्क को पार्टी ने अपनी सबसे बड़ी ताकत माना है। अधिकांश प्रत्याशी लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों, जनसंपर्क और स्थानीय आयोजनों में सक्रिय रहे हैं, जिसके चलते उन्हें आम लोगों के बीच पहचान और समर्थन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर परिषद चुनाव में सबसे अधिक चर्चा इस बात की भी हो रही है कि सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक त्रिलोक जमवाल का इन सभी प्रत्याशियों पर पूरा राजनीतिक संरक्षण माना जा रहा है। पार्टी संगठन से लेकर चुनावी रणनीति तक, हर स्तर पर त्रिलोक जम्वाल की भूमिका को अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी राय निर्णायक रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने इस बार एंटी इनकंबेंसी और गुटबाजी से बचने के लिए नए चेहरों पर दांव लगाया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि भाजपा का यह प्रयोग चुनावी मैदान में कितना सफल साबित होता है और नए चेहरे जनता की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं।

## बागछाल पुल के नीचे मिला अज्ञात महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बागछाल पुल के नीचे पानी में शुक्रवार को एक महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही तलाई पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकालकर कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया है। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय हो सकेगा कि महिला की मौत डूबने से हुई है या किसी अन्य संदिग्ध परिस्थिति से जुड़ी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि कहीं किसी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज तो नहीं है। जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले में जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध जानकारी को तुरंत पुलिस के साथ साझा करने की अपील की है।

## डियारा सेक्टर में पेंशनर्स ने सरकार के खिलाफ निकाला गुबार

◆ कहा-पेंशनर्स को लंबित चिकित्सा बिलों की नहीं की गई अदायगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड एवं शहरी इकाई बिलासपुर की संयुक्त बैठक बाबा विश्वकर्मा मंदिर में शहरी इकाई अध्यक्ष रविंद्र नाथ भट्टा की अध्यक्षता में हुई। देवेश्वर गौतम ने कहा कि सरकार पेंशनर्स की मांगों को पूरा करने में विफल रही है। कर्म सिंह चंदेल ने कहा की मुख्यमंत्री के वादे के मुताबिक, आज तक पेंशनर्स को लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी नहीं हुई है, जबकि मंत्रियों व विधायकों को लाखों में चिकित्सा बिलों की अदायगी हो रही है। पेंशनर्स अपना इलाज लाखों का कर्ज उठाकर करवा रहे हैं।

रूमा चंदेल ने कहा कि सरकार आज तक पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग का एरियर का भुगतान नहीं कर पाई है, जबकि केंद्र में आठवें वेतन आयोग की तैयारी हो रही है और सरकार पूर्णतया प्रदेश को चलाने में विफल रही है। सुशील पुंडीर ने कहा कि सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन पेंशनर्स को एरियर देने संबंधी गलत है, जोकि पेंशनर्स को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स को अब अपने हकों को पाने के लिए संघर्ष को अधिक सक्रिय करना होगा।



शहरी इकाई अध्यक्ष रविंद्र नाथ भट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

### पेंशनर्स अपने हक लेने के लिए संघर्ष को तैयार

**अश्वनी** चंदेल ने कहा कि पेंशनर्स सरकार से अपना हक लेने के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। राम लाल चंदेल ने कहा कि सरकार पेंशनर्स को पिछला बकाया 15 प्रतिशत महंगाई भत्ता का तुरंत भुगतान करें। वरिष्ठ सलाहकार एवं मार्गदर्शक जेके नड्डा ने कहा कि एशोसिएशन के साथ अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाए व संगठित होकर संस्था के लिए कार्य करें। राम प्रकाश सचिव सदर खंड ने जून माह में सदर खंड एवं शहरी इकाई बिलासपुर का सम्मान समारोह मनाया जाएगा। इसमें 75 बसंत पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा। लिहाजा सभी इकाइयों के सचिव से अनुरोध है कि 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनर्स की सूची 10 दिन के भीतर सचिव के पास भेज दें। चेतराम वर्मा, जिला प्रधान पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पेंशनर्स को एकजुट होकर एशोसिएशन के लिए कार्य करना होगा और सभी इकाइयों के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि सदस्यता अभियान को तेज करना होगा। प्रधान रविंद्र नाथ भट्टा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पेंशनर्स दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करें। जून में होने वाले सम्मान समारोह में सभी पेंशनर्स अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें व समारोह को सफल बनाने में सहयोग करें। इस अवसर में राजेंद्र चंदेल, जमुना धीमान, राजकुमारी, नीलम गुलेरिया, खेमा गुप्ता, रिड़कू राम आदि मौजूद रहे।

## पर्यटन एमडी डॉ. राजीव को इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड- 2026 से नवाजा



पर्यटन एवं स्पोर्ट्स क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब, गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन बिलासपुर में किया गया। इसकी अध्यक्षता लाडली फाउंडेशन की अध्यक्ष शालु एवं जिला कार्यकारी प्रधान रेखा बिष्ट, उपासना वर्मा एवं दीक्षा शर्मा ने की। पर्यटन एवं स्पोर्ट्स क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एमडी डॉ. राजीव कुमार (आईएएस ) को इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारीयों ने इंडियन एक्सीलेंस अवार्ड के साथ-साथ हिमाचली टोपी, हिमाचली शॉल देकर डॉ. राजीव कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर एचपीटीडीसी के एमडी डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हमेशा कटिबध है।

उन्होंने कहा कि लाडली फाउंडेशन प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। इस मौके पर हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने फिर किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी क्षेत्र की पंचायत घवांडल पंचायत के बड़ोह गांव में स्मार्ट मीटरों को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। बिजली बोर्ड की टीम पुलिस के साथ गांव में स्मार्ट मीटर लगाने और नोटिस चस्पा करने पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने जोरदार विरोध कर दिया। लोगों ने न तो मीटर लगाने दिए और न ही नोटिस चस्पा करने दिए।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्मार्ट मीटरों से बिजली बिल बढ़ रहे हैं और बिना सहमति इन्हें जबरन लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी शंकाओं का समाधान नहीं होगा, तब तक गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। विरोध के चलते मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। हालांकि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, लेकिन बढ़ते विरोध को देखते हुए बिजली बोर्ड और पुलिस टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सरकार के निर्देशों के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है।

## मानवता, सेवा और समर्पण का जीवंत प्रतीक है रेडक्रॉस : राहुल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर स्थित बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन में जिलास्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने की। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं, रेडक्रॉस सदस्यों, स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने भाग लिया।




उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस केवल संस्था नहीं बल्कि मानवता, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रेडक्रॉस, यूथ रेडक्रॉस और सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर समाज सेवा में योगदान दें। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सामाजिक संस्थाओं, रेडक्रॉस प्रमोटर्स, स्वयंसेवकों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया। 31 एनजीओ, 5 जूनियर रेडक्रॉस इकाइयां, 25 यूथ रेडक्रॉस इकाइयां, 5 बार-बार रक्तदान करने वाले, 34 स्वयंसेवक और 10 दृष्टिबाधित दंपत्तियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## चुनावों को लेकर पुलिस अलर्ट, ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम की 24 घंटे निगरानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में नगर निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी कराने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि 17 मई को होने वाले नगर निकाय चुनावों के लिए ईवीएम मशीनों को सुरक्षित स्थलों पर रखा गया है, जहां 24 घंटे सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम और बैलेट बॉक्स के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायतीराज चुनावों के लिए भी बैलेट पेपर्स और बैलेट बॉक्स सुरक्षित रखने हेतु सुरक्षा बल तैनात हैं। मतदान केंद्रों तक चुनाव सामग्री की आवाजाही के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। जिले में 34 नगर वार्डों और 182 पंचायतों के 1140 वार्डों में चुनाव होंगे। पुलिस ने सभी पोलिंग स्टेशनों को अतिसंवेदनशील, संवेदनशील और सामान्य श्रेणी में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है, ताकि मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें।

## लुहणू में कल होगा अंडर 23 बिलासपुर की पुरुष क्रिकेट टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में खेली जाने वाली अंडर-23 पुरुष वर्ग क्रिकेट टीम का चयन रविवार को लुहणू क्रिकेट मैदान में होगा। यह जानकारी देते हुए सचिव विशाल जगोता ने बताया कि इस इस चयन प्रक्रिया में एक सितंबर 2003 के पहले पैदा हुए खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।



उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया के अध्यक्ष महेद्र चंदेल, संयोजक उमेश गौतम होंगे, जबकि चयनकर्ताओं में जितेंद्र ठाकुर, विनेंद्र डोगरा, विशाल रतवान, प्रिंस गौतम, यशपाल राणा को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया रविवार सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगी। उन्होंने सभी इच्छुक खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे समय का ध्यान रखते हुए ग्राउंड में रिपोर्ट करें। उन्होंने बताया कि टीम के चयन के बाद बिलासपुर टीम का प्रशिक्षण शिविर शुरू हो जाएगा तथा बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच 18 मई को अमतर नादौन में किन्नौर के साथ खेलेगी।

# शालिंगचा में 1,32,787 अफीम के पौधे किए नष्ट

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे एंटी चिट्टा/ड्रग जन आंदोलन के तहत शुक्रवार को स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा एक बार फिर अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

स्पेशल टास्क फोर्स को बंजार क्षेत्र के बठाहड़ एरिया के गांव शालिंगचा तथा तहसील बंजार, जिला कुल्लू में अफीम की अवैध खेती किए जाने संबंधी गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, एसटीएफ कुल्लू की दो टीमों ने उक्त स्थान पर दबिश देकर तलाशी अभियान चलाया। डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा मौके पर की गई गहन तलाशी के दौरान निजी भूमि, लगभग 4 बीघा, भूमि पर अफीम की अवैध खेती पाई गई, जिसमें लगभग 1,32,787 अफीम के पौधे बरामद किए गए, जिन्हें एसटीएफ टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में थाना बंजार, जिला कुल्लू में अवैध खेती में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत किए गए। इस समन्वित कार्रवाई का उद्देश्य अवैध अफीम की खेती पर प्रभावी रोक लगाना, तथा भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की पुनरावृत्ति को रोकना है। हिमाचल प्रदेश पुलिस नागरिकों, विशेषकर युवाओं से, अपील की करती है कि वे चिट्टा/नशे से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत 112 या नजदीकी पुलिस थाना में दें। सूचना देने वालों की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। सनद रहे कि एसटीएफ कुल्लू के डीएसपी हेम राज वर्मा के नेतृत्व में, यह टीम नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

# एशिया कप में चमका स्पीति का 'लाल'

## तंजीन टशी ने देश को दिलाया गौरव, सीएम ने की 2 लाख के इनाम की घोषणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** हिमाचल प्रदेश की दुर्गम स्पीति घाटी के लोसर गांव के एक साधारण परिवार से निकले तंजीन टशी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में संपन्न हुए आइस हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए तंजीन ने न केवल शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि देश और प्रदेश का नाम भी रोशन किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि तंजीन टशी ने साबित कर दिया है कि अगर इरादे बुलंद हों, तो संसाधनों की कमी लक्ष्य के बीच नहीं आती। स्पीति की बर्फ पर अभ्यास करने वाले इस युवा ने आज दुनिया के मानचित्र पर अपनी जगह बना ली है। इस उपलब्धि से न केवल लाहौल-स्पीति, बल्कि पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है। यह जीत आने वाले समय में हिमाचल के अन्य युवाओं को भी अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगी। तंजीन की इस सफलता में उनके माता-पिता के त्याग के साथ-साथ उनके मुख्य कोच अमित बेलवाल का विशेष मार्गदर्शन रहा है। मुलाकात के दौरान तंजीन के पिता तंजीन छोपेल व हिमाचल आइस हॉकी एसोसिएशन के महासचिव रजत मल्होत्रा भी मौजूद रहे। लाहौल-स्पीति आइस हॉकी एसोसिएशन व स्थानीय प्रशासन के निरंतर सहयोग को भी इस जीत का श्रेय दिया गया। भारतीय टीम में हिमाचल प्रदेश से शामिल एकमात्र खिलाड़ी तंजीन टशी ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपने आक्रामक खेल से प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि चीन के खिलाफ खेले गए कड़े मुकाबले में रही, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण गोल दागे और उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।



तंजीन मुख्यमंत्री के साथ व उनके साथ अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

### मुख्यमंत्री ने थपथपाई पीठ, दिया प्रोत्साहन

**तंजीन** की इस ऐतिहासिक सफलता पर मुख्यमंत्री व जनजातीय विकास मंत्री ने उनसे विशेष मुलाकात की। खिलाड़ी की उपलब्धि से गदगद मुख्यमंत्री ने तंजीन टशी को 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्हें भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए स्पीति के युवाओं का रोल मॉडल बताया। राज्य में शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### स्पीति को मिलेगा वर्ल्ड क्लास बुनियादी ढांचा

**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर स्पीति घाटी के युवाओं के लिए दो बड़ी सौगातें साझा कीं। केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक विभाग से मंजूरी मिलने के बाद काजा में निम्नलिखित स्टेडियमों का निर्माण इसी वर्ष शुरू होगा। आइस हॉकी स्टेडियम 75 करोड़ स्पीति को आइस हॉकी का हब बनाएगा। क्रिकेट स्टेडियम 8 करोड़ उच्च ऊंचाई पर अभ्यास की सुविधा मिलेगी।

# कुल्लू में आज खुलेगा हिमाचल का पहला किसना डायमंड ज्वेलरी शोरूम

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू अब धीरे-धीरे प्रदेश के एक प्रमुख उभरते हुए बिजनेस हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

इसी कड़ी में देश के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भी हिमाचल प्रदेश में अपने कदम बढ़ाए हैं व इसकी शुरुआत कुल्लू से हो रही है। कुल्लू के अखाड़ा रोड (पुराने बस स्टैंड के सामने) किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की ओर से प्रदेश का पहला एक्सक्लूसिव शोरूम खोला है। जिसका शुभारंभ शनिवार को होने जा रहा है। इस शोरूम का उद्घाटन शनिवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस मौके पर हरि उद्योग के दिग्गज और हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक व प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं, उनके साथ हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व सचिव विनोद कुमार (आइएएस सेवानिवृत्त) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। लिहाजा, अब हिमाचल वासियों खासकर कुल्लू वासियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के डायमंड और हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी के लिए बड़े महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस शोरूम के खुलने से स्थानीय युवाओं के लिए जहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं, स्थानीय लोगों व व्यापारियों का कहना है कि कुल्लू जिला में किसना का हिमाचल प्रदेश का यह पहला शोरूम न केवल शहर की रौनक बढ़ाएगा, बल्कि शुद्धता और भरोसे के साथ ग्राहकों को एक नया अनुभव भी देगा। सनद रहे कि किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के भारत में 100 से अधिक एक्सक्लूसिव शोरूम हैं।

### सिर्फ व्यापार नहीं सामाजिक सरोकार भी

**किसना** ब्रांड ने अपने विस्तार के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत सुबह 7 बजे स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम से होगी। ब्रांड का उद्देश्य व्यापार के साथ-साथ प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को भी गति देना है।

# पूर्व जिप सदस्य ठाकुर दास ने वशिष्ठ वार्ड से भरा नामांकन

अनंत ज्ञान



**मनाली।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिला परिषद की चार सीटों पर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है तो वहीं, कांग्रेस यहां पर अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा तक नहीं कर पाई है। शुक्रवार को जिला परिषद के नामांकन के दूसरे दिन मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वशिष्ठ वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार ठाकुर दास और कटराईं वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार जिंदू ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र भरा।

नामांकन भरने से पहले भाजपा समर्पित प्रयाक्षियों ने माल रोड पर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर के साथ विजय रैली निकाली। मनाली में ऐसे में अब दोनों ही प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ ग्रामीण इलाकों में चुनावी दौरे पर जुट गए हैं। वहीं, इस दौरान ठाकुर दास और जिंदू ठाकुर ने नामांकन भरने के बाद मिडिया में कहा कि वह अपने पार्टी हाईकमान व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि वह वार्ड की समस्याओं से परिचित हैं व आने वाले समय में इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा फिर चाहे वह कूड़े की समस्या हो या कचरा की समस्या हो।

### कटराईं वार्ड से जिंदू ठाकुर ने भी भरी हुंकार

उन्होंने कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं, इस दौरान भाजपा पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा की पार्टी ने मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिला परिषद की चार सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है, ऐसे में मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वशिष्ठ वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार ठाकुर दास और कटराईं वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार जिंदू ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र भरा है। उन्होंने कहा कि यह दोनों भाजपा समर्थित प्रत्याशी हैं। जिले में भी भाजपा पंचायतीराज संस्थाओं का चुनाव भी जीतेगी। गोविंद ने कहा कि यह बात निश्चित है कि कांग्रेस पार्टी के समर्थित प्रत्याशियों को जनता वोट नहीं देगी, क्योंकि जनता मुख्यमंत्री की नीति से व उनके द्वारा जनता से झूठे वादे करने से तथा अपनी गारंटी पूरी नहीं करने के कारण से कांग्रेस पार्टी के लोगों को समर्थन नहीं देगी।

# वशिष्ठ वार्ड के पूर्व जिप सदस्य चंद्र किरण प्रीणी गांव से गोपाल नेगी कांग्रेस में शामिल

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्र किरण वशिष्ठ वार्ड व प्रीणी गांव से गोपाल नेगी ने शुक्रवार को कांग्रेस में औपचारिक रूप से प्रवेश कर लिया।

मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने उनका स्वागत किया, जो पार्टी की बढ़ती ताकत का संकेत देता है। इनका शामिल होना मनाली क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। चंद्र किरण, जो जिप सदस्य रह चुकी हैं, स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस का जनसेवी एजेंडा ने हमें आकर्षित किया। मनाली के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पानी व बिजली जैसी समस्याओं का समाधान कांग्रेस ही करेगी।' वहीं, गोपाल नेगी ने प्रीणी गांव की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में विकास ठप हो गया है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने दोनों के स्वागत के दौरान कहा, ये दोनों नेता कांग्रेस परिवार का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।

चुनावों में मनाली विधानसभा को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका अहम होगी। गौड़ ने पर्यटन, कृषि और बुनियादी ढांचे पर फोकस करते हुए कहा कि कांग्रेस मनाली क्षेत्र के हितों की रक्षा करेगी। इनका शामिल होना भाजपा के लिए चुनौती है, क्योंकि चंद्र किरण व गोपाल नेगी के पास मजबूत ग्रामीण समर्थन आधार है। मनाली कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर ने भी इस पर प्रसन्नता जाहिर की है। मनाली की राजनीति अब और रोचक हो गई है।

# तीर्थन घाटी में तेज हुई चुनावी हलचल

## गोकुल चंद कांग्रेस में शामिल, राम सिंह मियां ने पहनाया पार्टी का पटका

अनंत ज्ञान



**तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच बठाहड़ क्षेत्र के युवा गोकुल चंद ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है।

उन्होंने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल होकर क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा पैदा कर दी है। एपीएमसी अध्यक्ष जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां ने गोकुल चंद को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया व उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कांग्रेस के कई स्थानीय कार्यकर्ता व समर्थक भी उपस्थित रहे। कांग्रेस में शामिल होने के तुरंत बाद गोकुल चंद ने विकास खंड बंजार के पंचायत समिति वार्ड नंबर-10 तुंग-मशीयार से सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक व स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में चुनावी माहौल और अधिक गर्मा गया।

नामांकन दाखिल करने के बाद गोकुल चंद ने तुंग वार्ड के लोगों को भरोसा दिलाया है कि यदि उन्हें पंचायत समिति सदस्य के रूप में सेवा का अवसर मिलता है, तो वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने ग्रामीण सड़कों, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सरकारी योजनाओं का सही लाभ लोगों तक पहुंचाने तथा युवाओं, महिलाओं व जरूरतमंद वर्ग के कल्याण को अपनी प्राथमिकता बताया है। साथ ही उन्होंने पंचायतों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया है।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सहयोग व आशीर्वाद की अपील भी की। उनके कांग्रेस में शामिल होने व चुनाव मैदान में उतरने से तुंग वार्ड-10 में मुकाबला रोचक होने की संभावना जताई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### खोया फोन पाकर खुश हुए रामकृष्ण ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के वरिष्ठ नागरिक प्रीणी निवासी रामकृष्ण ठाकुर अपना खोया फोन पाकर खुश हो गए। रामकृष्ण ठाकुर अपना फोन खो चुके थे। उन्हें याद नहीं आ रहा था कि फोन किधर रह गया। घर आकर उन्होंने अपने बेटे प्रेम ठाकुर को आपबीती सुनाई। प्रेम ठाकुर ने जैसे ही अपने पिता के फोन में रिंग की तो वो खुश हो उठे। फोन आटो यूनियन के अध्यक्ष मोती राम ने उठाया, तो प्रेम ठाकुर समझ गए कि ईमानदार आटो चालक ने फोन सुरक्षित यूनियन में जमा कर दिया है। आटो यूनियन के अध्यक्ष मोती राम ने बताया कि उनके आटो चालक नीटू ने ऑटो में रह गया फोन कार्यालय में जमा कर दिया था। उन्होंने बताया कि यूनियन के चालक आज तक करोड़ों रुपए का समान पर्यटकों व स्थानीय लोगों को सुरक्षित लौटा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मनाली के आटो चालकों की ईमानदारी की मिसाल देश भर में दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी ईमानदार आटो चालकों को यूनियन के वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### ललित शर्मा ने उपप्रधान पद के लिए भरा नामांकन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले की नई पंचायत हलाण-2 में उपप्रधान पद के लिए नामांकन प्रक्रिया जोरों पर है। युवा ललित शर्मा ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र भर दिया, जिस पर पंचायत की जनता ने भारी उत्साह दिखाया। नामांकन के दौरान सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए और खुशी की लहर दौड़ गई। ललित शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाया कि यदि वे उपप्रधान पद पर विजयी होते हैं, तो गांव की हर समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने सड़क, पानी, बिजली, स्कूल सुधार व कृषि विकास पर विशेष जोर दिया। शर्मा ने कहा, 'हलाण-2 का हर घर हमारा है। हम पारदर्शी शासन लाएंगे व युवाओं को रोजगार के अवसर देंगे। पंचायत सदस्यों ने बताया कि ललित शर्मा का सामाजिक कार्य हमेशा सराहा जाता रहा है। यह नामांकन पंचायत चुनावों में नया उत्साह पैदा कर रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि शर्मा के नेतृत्व में गांव तेजी से विकसित होगा ।

### आनी में ढाबों से अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी क्षेत्र में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिपुर, कुरवा मोड़ व निगान में विभिन्न ढाबों पर दबिश दी। चेकिंग अभियान के दौरान विभाग ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार टीम ने निरीक्षण के दौरान 3 पेटी देसी मार्का ऊना नंबर-1, 1 पेटी व 7 बोतलें बीयर, 1 पेटी रॉयल स्टैग तथा 4 बोतलें ब्लेंडर्स प्राइड बरामद कीं। बरामद शराब को कब्जे में लेकर संबंधित लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। राज्य कर व आबकारी उपायुक्त कुल्लू मनोज डोगरा ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी नियमों की अवहेलना नहीं करने दी

### दो दिन में कुल्लू जिले में 1504 नामांकन दाखिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है।नामांकन के प्राप्त जानकारी के अनुसार, नामांकन के दूसरे दिन शुक्रवार तक जिले में विभिन्न पदों के लिए कुल 1504 नामांकन प्राप्त हो चुके हैं। स्थानीय स्तर पर पंचायत वार्ड सदस्यों के लिए सबसे अधिक 751 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए हैं। प्रधान पद के लिए अब तक 334 और उप-प्रधान के पद के लिए 293 नामांकन दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पंचायत समिति सदस्य के लिए 109 और जिला परिषद सदस्य के लिए 17 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है।

### दारचा-शिंकुला मार्ग सभी वाहनों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा मार्ग की बहाली के बाद दारचा-शिंकुला मार्ग को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक तौर पर खोल दिया है। इस मार्ग के खुलने से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि आने वाले दिनों में शिंकुला दर्रे पर पर्यटकों की संख्या में भी भारी इजाफा होने की उम्मीद है। जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि बीआरओ ने इस महत्वपूर्ण मार्ग को बहाल कर दिया है। वर्तमान में यह मार्ग डबल-लेन है, जो हर प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और उपयुक्त है।उपायुक्त ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 की धारा 30 और 34 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस मार्ग को दोनों ओर से सुचारू करने के निर्देश दिए हैं। मार्ग पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करने और सड़क की स्थिति पर नज़र रखने की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को सौंपी गई है।

# केलांग में धूमधाम से मनाया जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग के पुराने सर्किट हाउस में शुक्रवार को जिला स्तरीय रेड क्रॉस दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का उद्देश्य मानवता की सेवा व सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर आयुष विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनका उद्घाटन मुख्यातिथि द्वारा किया गया। विशेष रूप से, डीसी व अन्य महिला अधिकारियों ने स्वयं इन शिविरों में अपना स्वास्थ्य जांच करवाकर लोगों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इसमें 39 लोगों ने रक्तदान किया। इसके साथ ही, पुलिस विभाग द्वारा नशा निवारण पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। इससे पूर्व स्थानीय स्कूलों के छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग, राजकीय प्राथमिक पाठशाला केलांग व केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शित कर अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त छात्रों के बीच नारा लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। डीसी किरण भडाना ने बच्चों के साथ बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रश्मि शर्मा डीएसपी केलांग, नताशा ठाकुर जिला आयुष अधिकारी, मनोज कुमार गांधी कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे व स्वयंसेवक इस सफल आयोजन के साक्षी बने।

# पंचायतीराज संस्थाओं के लिए 67 नामांकन पत्र भरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति में पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), जिला लाहौल-स्पीति द्वारा जारी आदेश के अनुसार शुक्रवार को जिले के विभिन्न वार्डों व ग्राम पंचायतों के लिए कुल 67 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें जिला परिषद के विभिन्न वार्डों के लिए शुक्रवार को कुल 5 नामांकन भरे गए। इनमें मुख्य रूप से वारपा, केलांग, सिस्सू और कोलंग वार्ड शामिल हैं।

पंचायत समिति के सदस्यों के लिए कुल 3 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जो मूरिंग, जाहलमा और गोशाल वार्डों से संबंधित हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर सबसे अधिक उत्साह देखा गया, जहां विभिन्न पदों के लिए कुल 59 नामांकन प्राप्त हुए, जिसमें प्रधान पद के लिए 27 नामांकन, उपप्रधान पद के लिए 18 नामांकन, वार्ड सदस्य पद के लिए 14 नामांकन, नामांकन में ग्राम पंचायत जाहलमा, मडग्रां , मूरिंग, नालडा, थिरोट व उदयपुर जैसे क्षेत्रों से उम्मीदवारों ने अपने पर्चे भरे। प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# सेब बागवानी को जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए 'डिसीजन-सपोर्ट सिस्टम' तैयार करेगा संस्थान

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के हिमाचल क्षेत्रीय केंद्र द्वारा शुक्रवार को कटराईं में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'क्लाइमेट-स्मार्ट एप्पल कल्टीवेशन: फ्रॉम फोरकास्ट्स टू फार्म्स' विषय पर आधारित इस एकदिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पश्चिम हिमालयी क्षेत्र में सेब की खेती को जलवायु परिवर्तन के खतरों से सुरक्षित रखना और बागवानों के लिए एक प्रभावी निर्णय-समर्थन प्रणाली विकसित करना रहा।



कटराई में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपस्थित विशेषज्ञ और बागवान। अनंत ज्ञान

### विशेषज्ञों ने साझा किए वैज्ञानिक व व्यावहारिक पहलू

**सुबह** 10 बजे पंजीकरण के साथ शुरू हुई इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी। आईआईटी बॉम्बे के डॉ. रविचंद्रन और डॉ. अक्षय निकुंभ ने हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ और चरम मौसम की घटनाओं के वैज्ञानिक पहलुओं पर जानकारी दी। उद्यान विभाग की विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. बिंदु शर्मा ने विभाग द्वारा मौसम की निगरानी के लिए की जा रही पहलों से अवगत कराया। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महासचिव रिमन सिंह ठाकुर ने घाटी में बागवानों को आने वाली जमीनी मुश्किलों को साझा किया। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज हैदराबाद के डॉ. बिभु पी नायक ने किसानों की प्राथमिकताओं को समझने के लिए सर्वेक्षण प्रश्नावली पर चर्चा की।

### भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम

कार्यशाला का समापन एनआईटी हमीरपुर के डॉ. विजय शंकर डोगरा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सॉफ्टवेयर डेटा का सटीक विश्लेषण कर सेब बागवानी को भविष्य की जलवायु चुनौतियों के प्रति अधिक लचीला और सुरक्षित बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### पायलट प्रोजेक्ट के लिए हिमाचल व उत्तराखंड का चयन

बढ़ते तापमान और अनियमित वर्षा जैसे गंभीर संकटों को देखते हुए संस्थान एक ऐसा अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर तैयार कर रहा है, जो स्थान-विशिष्ट जोखिम मानचित्रों और मौसमी पूर्वानुमानों का विश्लेषण करेगा। इस शोध परियोजना के लिए हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सेब बागानों को पायलट क्षेत्र के रूप में चुना गया है। यह प्रणाली भविष्य में किसानों और सरकारी अधिकारियों को समय पर सटीक सलाह और चेतावनी प्रदान करेगी।

**शुभारंभ** स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम

# देवताओं के आगमन के साथ आनी मेला शुरू

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** ऐतिहासिक व पारंपरिक जिला स्तरीय आनी मेले का शुक्रवार को देवताओं के आगमन के साथ विधिवत शुभारंभ हो गया।

इस ऐतिहासिक मेले में क्षेत्र के प्रमुख आराध्य देवता शमशरी महादेव, पनेउई नाग, कुलक्षेत्र महादेव, देहुरी नाग तथा ब्यूंगली नाग देवता ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। देवताओं के आगमन के साथ ही आनी प्रशासन द्वारा दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया गया। मेले के शुभारंभ से पूर्व प्रमुख देवता शमशरी महादेव सहित सभी देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान देवताओं के कारकूनों व देवलुओं ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों व लोक संस्कृति के साथ शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा आनी क्षेत्र भक्तिमय व उत्सवी माहौल में रंगा नजर आया। मेला कमेटी के अध्यक्ष व खंड विकास अधिकारी विवेक टेसू ने बताया कि इस बार मेले का आयोजन प्रशासन की ओर से किया जा रहा है तथा मेले को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शुभारंभ अवसर पर एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से मेले के दौरान शांति व भाईचारे की भावना बनाए रखने की अपील करते हुए प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी, हिमालयन मॉडल स्कूल तथा एसडीए मिशन स्कूल के स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, समूह गान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खूब तालियां बटोरीं। मेला कमेटी की ओर से जानकारी दी गई कि चार दिवसीय मेले के दौरान तीन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्थानीय व बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त महिला मंडलों के विशेष कार्यक्रम और महिला रस्साकशी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस अवसर पर तहसीलदार रत्नेश्वर शर्मा, नायब तहसीलदार मोती राम आदि मौजूद रहे।



मेले के शुभारंभ पर देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेते लोग। अनंत ज्ञान

# नवनिर्वाचित छात्र परिषद ने ली ईमानदारी की शपथ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में विद्यालय छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन उत्साह व गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्कूल के हैड ब्वॉय, हैड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन व कक्षा मॉनिटरों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ पालन करने का संकल्प लिया। स्कूल के प्रबंधक कमल ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेतृत्व, जिम्मेदारी और सेवा भावना के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस समारोह में शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

# वैध प्रमाण पत्र के आधार पर एसटी सीट से चुनाव लड़ सकेंगे आरक्षित वर्ग के निवासी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), लाहौल-स्पीति ने पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के दृष्टिगत आरक्षण और पात्रता संबंधी नियमों को स्पष्ट करते हुए एक महत्वपूर्ण आधिकारिक निर्देश जारी किया है। यह स्पष्टीकरण मुख्य रूप से अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की श्रेणियों व उनके अधिकारों को परिभाषित करता है।

आदेश के अनुसार, संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 के अंतर्गत किन्नौर, लाहौल-स्पीति तथा चंबा के पांगी और भरमौर क्षेत्रों को 'अनुसूचित जनजाति क्षेत्र' के रूप में अधिसूचित किया गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि इन क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति, यदि सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी वैध अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र धारक हैं, तो वे एसटी श्रेणी के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने हेतु पूर्णतः पात्र होंगे। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव लड़ने की यह पात्रता केवल वर्तमान में प्रस्तुत वैध प्रमाण पत्र पर निर्भर करेगी यदि किसी व्यक्ति ने पूर्व में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा हो, तो भी वह वर्तमान में एसटी प्रमाण पत्र के आधार पर अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीट से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकता है। आदेश में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु यह कड़ा प्रावधान रखा गया है कि कोई भी उम्मीदवार एक ही समय में केवल एक ही श्रेणी के आरक्षण का लाभ प्राप्त कर सकेगा। एक ही निर्वाचन प्रक्रिया में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, दोनों श्रेणियों के अंतर्गत एक साथ आरक्षण का दावा करना पूर्णतः वर्जित हो। इस निर्देश का मुख्य उद्देश्य अधिसूचित क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर किसी भी प्रकार के भ्रम या संशय को समाप्त करना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योग्य उम्मीदवारों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

बैकवर्ड लिंकज से पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जीरकपुर से मुख्य चिट्टा सप्लायर गिरफ्तार

# 12.48 ग्राम चिट्टा सहित चार आरोपी दबोचे

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विवंता मॉल की पार्किंग में दबिश देकर तीन चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एक टीयूवी गाड़ी में बैठे आरोपियों से 7.07 ग्राम चिट्टा तथा 29 हजार नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देवेंदर बत्ता (43) निवासी शाम्बर, सोलन, तेज सिंह (39) निवासी खड़ींन, कसौली तथा शुभम ठाकुर (30) निवासी चैली, जिला शिमला के रूप में हुई है।



आरोपी पुलिस की गरिफ्त में। अनंत ज्ञान

पुलिस ने तीनों को मौके पर गिरफ्तार कर पुलिस थाना सदर, सोलन में मामला दर्ज किया। मामले में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद चार दिन का पुलिस रिमांड मिला। पूछताछ और तकनीकी जांच में खुलासा हुआ कि बरामद चिट्टा जीरकपुर से खरीदा गया था। इसके बाद पुलिस ने बैकवर्ड लिंकज के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर मनदीप पुत्र दलबीर सिंह निवासी जिला कैथल, हरियाणा को जीरकपुर से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 5.41 ग्राम चिट्टा/हेरोइन भी बरामद की गई।

जांच में सामने आया कि देवेंदर बत्ता और तेज सिंह पहले भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। तेज सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में मादक पदार्थ तस्करी सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। मामले में अब तक कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और कुल 12.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है।

## कार से 6.95 ग्राम चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के थाना रेणुका जी पुलिस को छह मई को खदाल मंदिर मोड़ के पास गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक कार में चिट्टा लाया जा रहा है। पुलिस ने नाहन-रेणुका जी मार्ग पर तुरंत नाकाबंदी की। पुलिस ने कार को जांच के लिए रोका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम रोहित परमार निवासी ददाहु बताया, जबकि दूसरे व्यक्ति की पहचान बलिंद्र सिंह निवासी खेना, तहसील ददाहु के रूप में हुई। तलाशी के दौरान डैशबोर्ड में रखे सिगरेट पैकेट से 6.95 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था।

# राजकुमार 'राजू' के नामांकन रोड शो में उमड़ा भारी जनसैलाब, शक्ति प्रदर्शन में बदली रैली

## हर वर्ग पहुंचा समर्थन देने, नारी शक्ति ने लगाए जमकर नारे

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा। बीबीएन।** जिला परिषद मन्धाला वार्ड से आजाद प्रत्याशी राजकुमार 'राजू' के नामांकन रोड शो में बुधवार को भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। समर्थकों में इतना उत्साह था की राजकुमार राजू को कार्यालय से कंधे पर उठाकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंचाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे हजारों समर्थकों ने रोड शो को शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया। समर्थकों की भीड़ और उत्साह को देखकर राजनीतिक विरोधियों में हलचल तेज हो गई हैं, वहीं रोड शो विरोधियों को भी आईना दिखा गया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और नारों के बीच निकले इस विशाल रोड शो में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। पूरे रास्ते समर्थकों ने 'अबकी बार राजकुमार राजू' और 'विकास की पहचान-राजकुमार राजू' जैसे नारों से माहौल को चुनावी रंग में रंग दिया।

रोड शो के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर व हार पहनाकर स्वागत किया। समर्थकों का कहना था कि राजकुमार राजू जमीन से जुड़े, मिलनसार और विकासात्मक सोच रखने वाले उम्मीदवार हैं, जिन्होंने हमेशा आम लोगों की आवाज उठाई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नामांकन के दिन उमड़ी भारी भीड़ ने चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। राजकुमार राजू के शक्ति प्रदर्शन ने विरोधियों को भी अपनी रणनीति पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर कर दिया है।



जिला परिषद प्रत्याशी राजकुमार राजू के नामांकन रोड़ शो में उमड़ा जनसैलाब, समर्थकों ने कंधे पर बिठाकर एसडीएम कार्यालय पहुंचाया। अनंत ज्ञान

> यह चुनाव जनता के सम्मान, विकास और क्षेत्र की आवाज को मजबूत करने का चुनाव है। क्षेत्र की जनता किसी पार्टी प्रत्याशी को नहीं, बल्कि जनसेवक को चाहती, जो सालों से उनकी सेवा कर रहा है।
>
> **राजकुमार राजू**

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम पंचायत लानाबाका में प्रत्याशियों को नामांकन में पेश आ रही दिक्कतें : आशीष

**अनंत ज्ञान, सराहां।** सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत लानाबाका में पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण चुनाव लड़ने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत लानाबाका से वार्ड सदस्य पद के लिए राकेश कुमार और अर्चना देवी, जबकि उपप्रधान पद के लिए राकेश कुमार को 'अनुबंध-1' सत्यापित करवाने में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अभ्यर्थियों से किसी क्लास-1 अधिकारी से सत्यापन करवाने के लिए कहा जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी कम अवधि में ऐसे अधिकारियों तक पहुंच पाना बेहद कठिन है। आशीष कुमार ने कहा कि गांवों के स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं और अधिकांश अधिकारी स्वयं पटवारी से रिपोर्ट लगाने की बात कर रहे हैं, जिससे उम्मीदवारों को बार-बार भटकना पड़ रहा है। यह केवल एक पंचायत की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली स्थिति बन चुकी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि तुरंत स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर पंचायत स्तर पर ही सत्यापन की सरल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम ग्रामीण बिना अनावश्यक बाधाओं के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकें।

### नाहन में बंदरों के हमले से 8वीं कक्षा का छात्र घायल, पैर में फ्रैक्चर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में रानीताल के छोटे गेट के पास स्कूल से घर लौट रहे कार्मेल कान्वेंट स्कूल के 8वीं कक्षा में पढ़ रहे वैभव पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों के इस हमले से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पैर में फ्रैक्चर आ गया। जानकारी के अनुसार छात्र दोपहर के समय स्कूल से अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वैभव रानीताल छोटे गेट के पास पहुंचा तो वहां बंदरो ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में बच्चा सड़क पर गिर गया, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। घायल छात्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसके पैर में फ्रैक्चर होने की बात कही, जिसके बाद बच्चे के पैर पर प्लास्टर चढ़ाया गया फिलहाल बच्चे का इलाज चल रहा है। लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से बंदरों की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### युवा लेखिका शायना चौहान ने पहली ई-पुस्तक से बनाया अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड



**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले की नवार घाटी की युवा लेखिका शायना चौहान ने अपनी पहली ई-पुस्तक के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय अभिलेखों में स्थान बनाकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें 'एक ही ई-पुस्तक में सबसे अधिक उद्धरण लिखने और अमेज़न किंडल पर प्रकाशित करने' के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ है। ऑकलैंड हाउस स्कूल की पूर्व छात्रा शायना ने शूलिनी विश्वविद्यालय से स्नातक तथा पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। उनकी पहली ई-पुस्तक 'रेडियंस बिटवीन लाइन्स' 15 मार्च 2026 को प्रकाशित हुई। पुस्तक में प्रेरणा, आत्म-चिंतन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक दृढ़ता पर आधारित 200 मौलिक उद्धरण शामिल हैं। यह संग्रह युवाओं की भावनाओं और विचारों को दर्शाते हुए उन्हें कठिन परिस्थितियों में मजबूत बने रहने का संदेश देता है। अपनी उपलब्धि पर शायना ने कहा कि मेरा मानना है कि शब्दों में सोच बदलने और दिलों को छूने की शक्ति होती है।

### धुन्दन स्कूल में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुन्दन में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रार्थना सभा में बाड़ेश्वर सदन की छात्रा कुमारी प्रीति ने विश्व रेड क्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने भाषण में बताया कि रेड क्रॉस केवल एक दिवस तक सीमित संस्था नहीं है, बल्कि यह विश्व के लाखों लोगों को जीवन प्रदान करने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस संस्था के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रेड क्रॉस संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा, सहायता और पीड़ित लोगों की रक्षा करना है। यह संस्था युद्ध, प्राकृतिक आपदा, महामारी तथा अन्य संकटों के समय बिना किसी जाति, धर्म या देश के भेदभाव के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रेड क्रॉस के कार्यों पर सुंदर पोस्टर तैयार किए तथा नारा लेखन गतिविधि में भी भाग लिया।

### नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगी ओटीटी वेब सीरीज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे के खतरे के बीच अब युवा कलाकार और फिल्म निर्माता समाज को जागरूक करने के लिए आगे आए हैं। नाहन के युवाओं द्वारा एक खास ओटीटी वेब सीरीज तैयार की जा रही है, जिसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन करना नहीं, बल्कि लोगों खासकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना भी है। इस वेब सीरीज का निर्माण बॉलीवुड निर्देशक की देखरेख में किया जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए बॉलीवुड के फिल्म निर्देशक विपिन कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म के लिए ऑडिशन 10 मई से नाहन में शुरू होंगे। वेब सीरीज के करीब 6 एपिसोड बनाए जाएंगे और हर एपिसोड लगभग 30 मिनट का होगा। उन्होंने बताया कि फिल्म के माध्यम से दर्शाया जाएगा कि कैसे एक गलत कदम उठाने की वजह से पूरा परिवार बिखर जाता है। वहीं फिल्म के आर्टिस्ट अनीश सैनी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट की अधिकतर शूटिंग हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत लोकेशनों पर की जाएगी, ताकि प्रदेश की संस्कृति और संदेश दोनों को एक साथ लोगों तक पहुंचाया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देना है, ताकि मनोरंजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

## भाजपा प्रत्याशी पीयूष गर्ग का हाईकोर्ट ने बहाल किया नामांकन

# फ्रंटफुट में आई भाजपा, वार्ड तीन में प्रचार तेज, होगा बहुकोणीय मुकाबला

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन वार्ड-3 से भाजपा प्रत्याशी पीयूष गर्ग का नामांकन हाई कोर्ट ने बहाल कर दिया है। स्क्रूटनी के दौरान उनका नामांकन रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद अब अदालत के आदेश के चलते उन्हें आधिकारिक रूप से भाजपा का चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, संबंधित शैक्षणिक संस्था के माध्यम से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के आधार पर निर्वाचन अधिकारी ने हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के तहत पीयूष गर्ग को अयोग्य ठहराया था। भाजपा ने इस कार्रवाई को षड्यंत्र बताते हुए कांग्रेस पर निर्वाचन अधिकारी पर दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इसके बाद पीयूष गर्ग ने नामांकन रद्द किए जाने के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत दलीलों के आधार पर कोर्ट ने नामांकन बहाल कर दिया। बताया जा रहा है कि जिस सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी, उसे प्रार्थी पहले ही छोड़ चुके थे, लेकिन यह जानकारी विभागीय रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो सकी। इसी को ध्यान में रखते हुए अदालत ने इसे विभागीय चूक मानते हुए नामांकन बहाल करने का फैसला सुनाया।

कोर्ट का आदेश आने के बाद भाजपा वार्ड-3 में फिर से फ्रंटफुट पर आ गई है। पीयूष गर्ग ने भी राहत मिलने के बाद प्रचार तेज कर दिया है। उन्होंने मतदाताओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया, लेकिन अब वे वार्डवासियों की सेवा के लिए हमेशा मैदान में मौजूद रहेंगे।

### स्क्रूटनी के दौरान रद्द हुआ था नामांकन



### मुकाबला हुआ रोचक

**वार्ड-3** में अब भाजपा से पीयूष गर्ग, कांग्रेस से सरदार सिंह ठाकुर, तथा निर्दलीय प्रत्याशी विपिन बक्शी और गौरव राजपूत चुनावी मैदान में हैं। इससे वार्ड में बहुकोणीय मुकाबले के आसार बन गए हैं। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन बहाल होने के बाद जहां पार्टी फिर से सक्रिय हो गई है, वहीं अन्य प्रत्याशियों ने भी अपना प्रचार तेज कर दिया है।

## वार्ड 16 में गरमाया चुनावी माहौल चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



वार्ड 16 में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव के मद्देनजर वार्ड नंबर 16 में शुक्रवार को चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरी तरह से उत्साह और जोश से सराबोर नजर आया। इस खास मौके पर कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ कर्नल संजय शांडिल की मौजूदगी ने भी कार्यक्रम को और अधिक गरिमा प्रदान की। दोनों नेताओं की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर दिखाई दिया और समर्थकों में जीत को लेकर खासा आत्मविश्वास देखने को मिला।

◆ **स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वार्ड 16 के विकास को नई दिशा देने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सोलन की जागरूक जनता इस बार ऐतिहासिक समर्थन देकर विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति को मजबूत करेगी।

## वार्ड नंबर 16 में बीजेपी प्रत्याशी सीमा ने चुनाव प्रचार कार्यालय का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 16 से बीजेपी प्रत्याशी सीमा ने शुक्रवार को अपने चुनाव प्रचार कार्यालय का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्हें आशीर्वाद देने पार्टी के वरिष्ठ नेता व चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल, डॉ. राजेंद्र कश्यप, रश्मी सूद तथा अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधान अनिल कुमार भी मौके पर मौजूद थे। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रत्याशी सीमा की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग की अपील की। सीमा ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि जनता का समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। यह शुभारंभ आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर बीजेपी की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है।



पार्टी कार्यालय खुलने पर पदाधिकारियों का हुआ स्वागत। अनंत ज्ञान

### भाजपा समर्थित दो उम्मीदवारों ने विधायक रीना कश्यप की अगुआई में किया नामांकन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला परिषद चुनाव भी अब पूरी तरह से राजनीतिक रंग में रंग गया है। जिला परिषद वार्ड 14 सराहां व लाना भल्टा वार्ड 15 से भाजपा समर्थित दो उम्मीदवारों ने विधायक रीना कश्यप की अगुआई में अपने समर्थकों के साथ कुश्ती ग्राउंड सराहां से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। सबसे पहले जिला परिषद वार्ड 15 लाना भल्टा से भाजपा समर्थित उम्मीदवार लेखराज व उसके बाद जिला परिषद वार्ड 14 सराहां से बलदेव भंडारी ने निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पच्छाद को अपना नामांकन सौंपा। वहीं इससे पूर्व जिला परिषद वार्ड 14 सराहां से निर्दलीय उम्मीदवार अजय शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन भरा।

## जिला परिषद सदस्य के दानोघाट वार्ड से अंकिता ठाकुर ने भरा नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** सिरमौर जिला के रेणुका चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत जिला परिषद वार्ड नंबर 2 दाना घाटों से भाजपा प्रत्याशी अंकिता ठाकुर ने शुक्रवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक संगड़ाह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान 22 पंचायतों से आए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ जुलूस निकाला और चुनावी माहौल को गरमा दिया। नामांकन के बाद अंकिता ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षित और जुझारू युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिला परिषद सदस्य बनने पर वे क्षेत्र में लंबे समय से रुके विकास कार्यों को गति देंगी। इसमें विशेष रूप से सड़कों की हालत सुधारना, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना व शैक्षणिक संस्थानों में स्टाफ व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहेगी।



उन्होंने कहा कि गिरीपार क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद वे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी मेहनत करेंगी। इस अवसर पर अन्य भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता आगामी चुनावों में जवाब देगी।

## नाहन केंद्रीय जेल के मोड़ पर अवैध पार्किंग दे रही बड़े हादसे को न्योता




***अनंत ज्ञान, नाहन।*** *शिमला हाइवे पर सेंट्रल जेल के नजदीक तीखे मोड़ पर अवैध पार्किंग किसी भी समय हादसे का करण बन सकती है। नीचे से आने वाले वाहनों और राहगीरों के लिए जोखिम कम नहीं है। हाइवे पर चौगान की तरफ आने वाले छोटे बड़े वाहन अकसर तेज गति से नीचे की और आते हैं। ब्लाइंड कर्व होने से नीचे से आने वाले वाहनों को ऊपर से आने वाले वाहन नजर नहीं आते। ऐसे में अगर आपात स्थिति में नीचे से आने वाले वाहन को अपनी साइड उतरना पड़े तो या वो ऊपर से आने वाले वाहन से भिड़ेगा या फिर अवैध रूप से खड़े इन वाहनों से। हैरानी यह है कि नगर परिषद की पार्किंग कुछ ही दूरी पर है। सिस्टम चुप्पी साधे हुए एक अनहोनी को इंतजार में और अगर वहां कोई दुर्घटना हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। इस बारे प्रशासन को सोचना बहुत जरूरी है।*

**परंपरा** पुश्तैनी पेशे को बचाए रखने संघर्ष कर रहे घुमंतु गडरिये

# गर्मी बढ़ते ही पहाड़ों की ओर लौटे घुमंतु भेड़पालक

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** प्रदेश के निचले क्षेत्रों में तापमान बढ़ने के साथ ही घुमंतु भेड़पालकों ने पहाड़ों की ओर पलायन शुरू कर दिया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी भेड़पालक सर्दियों में मैदानी इलाकों और गर्मियों में ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। चिलचिलाती गर्मी, बारिश और कड़ाके की ठंड के बीच गडरिये अपनी भेड़-बकरियों के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। गर्मियों के मौसम में अधिकांश चरवाहे नारकंडा, किन्नौर और डोडरा क्वार के जंगलों में अपने पशुओं के साथ डेरा डालते हैं।



घुमंतु भेड़पालक पहाड़ों की ओर पलायन करते हुए। अनंत ज्ञान

### भेड़-बकरी पालन पुश्तैनी व्यवसाय : छेरिंग

**किन्नौर** के छितकुल से आए घुमंतु भेड़पालक छेरिंग ने बताया कि भेड़-बकरी पालन उनका पुश्तैनी व्यवसाय है और इसी परंपरा को निभाने के लिए वे सालभर घर से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह जीवन बेहद संघर्षपूर्ण है। छेरिंग के अनुसार किन्नौर में अब इस व्यवसाय से बहुत कम परिवार जुड़े हैं, क्योंकि नई पीढ़ी शिक्षा की ओर बढ़ रही है और अन्य रोजगार अपना रही है।

### निचले क्षेत्रों में चारागाहों की कमी : रामदास

**डोडरा** क्वार से आए भेड़पालक रामदास ने बताया कि निचले क्षेत्रों में चारागाहों की कमी लगातार बढ़ रही है। पहले सरकार से चरागाहों के परमिट आसानी से मिल जाते थे, लेकिन अब शामलात भूमि पर कब्जों के कारण पशुओं को चराने में काफी परेशानी होती है।

### प्रदेश में 19 लाख भेड़ बकरियां, घुमंतु भेड़पालकों को मिल रहीं सुविधाएं

**पशुपालन** विभाग के अनुसार चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में भेड़ पालन बड़े स्तर पर किया जाता है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 19 लाख भेड़-बकरियां हैं, जिनमें लगभग 60 प्रतिशत घुमंतु भेड़पालकों की हैं। वूल फेडरेशन द्वारा समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित कर सोलर लाइट, प्राथमिक उपचार किट, तिरपाल व अन्य जरूरी सामान निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है।

# ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी अवैध

## अमेरिका की फेडरल अदालत ने 10% टैरिफ लगाने का फैसला किया रद्द

## कहा -राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के एक फेडरल ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए गए 10% ग्लोबल टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट ने वीरवार को 2-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि यह टैरिफ 1974 के व्यापार कानून के तहत सही नहीं थे। प्रशासन के पास कांग्रेस की अनुमति के बिना इतने बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगाने का अधिकार नहीं है।





रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने अपने फैसले में कहा कि इसी साल की शुरुआत में लगाए गए ये टैरिफ कानून अमान्य हैं। ट्रम्प ने फरवरी में एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए इन ग्लोबल टैरिफ को लागू करने की घोषणा की थी।

यह मामला इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही ट्रंप प्रशासन के कुछ टैरिफ फैसलों को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि राष्ट्रपति की इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स असीमित नहीं हैं। छोटे व्यापारियों ने कोर्ट में दलील दी थी कि 10% टैरिफ वाला नया आदेश सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले को दरकिनार करने के लिए लाया गया था।

कोर्ट ने माना कि सरकार ने कांग्रेस की दी गई शक्तियों का उल्लंघन किया है। हालांकि, तीन सदस्यीय पैनल में से एक जज ने असहमति जताते हुए कहा कि व्यापारिक मामलों में राष्ट्रपति के पास पावर होना चाहिए।

### कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के तर्क को नकारा

**मामले** में अमेरिकी प्रशासन ने ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 का हवाला देते हुए तर्क दिया था कि अमेरिका 1.2 ट्रिलियन डॉलर के व्यापार घाटे का सामना कर रहा है। हालांकि, जजों ने इसे खारिज करते हुए कहा कि इस तरह का व्यापार घाटा कानून की अनिवार्य शर्तों को पूरा नहीं करता।

### खिलौना निर्माता बोले यह हमारी जीत

**ग्लोबल** सप्लाई चेन पर निर्भर छोटे व्यापारियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। बेसिक फन कंपनी के छ्श्वह्र जे मय फोरमैन ने कहा कि यह उन अमेरिकी कंपनियों के लिए एक बड़ी जीत है, जो सस्ती और सुरक्षित चीजें बनाने के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पर निर्भर हैं। उन्होंने आगे कहा कि गैर-कानूनी टैरिफ की वजह से कंपनियों के लिए बाजार में टिके रहना और आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा था। अब इस फैसले से सप्लाई चेन को मैनेज करने वाली कंपनियों को स्पष्टता मिलेगी। वहीं, अब माना जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन इस फैसले के खिलाफ अपील करेगा। यह मामला सबसे पहले वॉशिंगटन की 'यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट' में जाएगा। अगर वहां भी समाधान नहीं निकला, तो यह मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच सकता है।

# सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प:पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को उन्हें एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने इसे भारत की सभ्यता और आस्था की महानता का प्रतीक बताया और उन विभूतियों एवं वीरों को नमन किया जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सोमनाथ की रक्षा की और उसकी शान को पुनर्जीवित किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में सोमनाथ पर लिखे अपने लेख को साझा करते हुए कहा कि यह अवसर हमें स्मरण कराता है कि इस पावन स्थल की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए देश की कई पीढ़ियों ने निरंतर संघर्ष किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। समुद्र की लहरें हमें यह सिखाती हैं कि चाहे कितने भी तूफान क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है।



प्रभास की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है और यहां आने वाले श्रद्धालु उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का अनुभव करते हैं, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। प्रधानमंत्री ने उन असंख्य विभूतियों का स्मरण किया जिन्होंने आक्रमणों के बीच भी सोमनाथ की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों से लेकर महाराज धारसेन चतुर्थ, भीम प्रथम, जयपाल, आनंदपाल, राजा भोज, कर्णदेव सोलंकी, जयसिंह सिद्धराज, कुमारपाल सोलंकी, भाव बृहस्पति, पाशुपताचार्य, विशालदेव वाघेला, त्रिपुरांतक, महिपाल चूड़ासमा, राव खंगार चूड़ासमा और पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर सहित अनेक नामों का जिक्र करते हुए कहा कि इन सबने कठिन समय में भी भक्ति और परंपरा को जीवित रखा।

# अटलांटिक में जिस जहाज पर हंता वायरस फैला, उस पर 2 भारतीय नागरिक सवार

**एजेंसी, प्राग**



अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप एमवी होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप है, जिस पर हंता वायरस फैला है। बीबीसी के मुताबिक, अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है।

इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है। डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

### मरीज आइसोलेशन में

**डॉक्टर** करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा, ऐसे मामलों में संक्रमित मरीजों को अलग आइसोलेशन रूम में रखा जाता है। ट्रेंड स्टाफ उनकी देखभाल करता है। मरीजों को तब तक आइसोलेशन में रखा जाता है, जब तक उनमें लक्षण दिखाई देते हैं। हालत सुधरने के बाद उनका टेस्ट किया जाता है। अगर रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो आइसोलेशन हटाया जा सकता है। हार्वर्ड के प्रोफेसर एलन ने बताया कि हंतावायरस से संक्रमित लोगों को 40 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा गया है, क्योंकि इसका इन्क्यूबेशन पीरियड लंबा होता है। शरीर में वायरस के घुसने से लेकर पहले लक्षण दिखने के बीच के समय को इन्क्यूबेशन पीरियड कहते है। डॉक्टर के मुताबिक, अभी यह साफ नहीं है कि वायरस किसी व्यक्ति के शरीर में कब तक रह सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रमुख टेड्रोस एडनॉम गेब्रेसियस ने कहा कि हंतावायरस का इंक्यूबेशन पीरियड छह हफ्ते तक हो सकता है। इसलिए आगे भी नए मामले सामने आने की आशंका बनी हुई है।

# सेंसेक्स में 516 और निफ्टी में 150 अंकों की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**



सेंसेक्स 8 मई को 516 अंक की गिरावट के साथ 77,328 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 150 अंकों की गिरावट रही, ये 24,176 पर आ गया। शुक्रवार के कारोबार में बैंक और मेटल शेयरों में बिकवाली रही।

सेंसेक्स 7 मई को 114 अंक (0.15%) की गिरावट के साथ 77,845 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 4 अंकों (0.02%) की गिरावट रही, ये 24,327 पर आ गया। पिछले कल के कारोबार में ऑटो और रियल्टी शेयरों में खरीदारी रही, जबकि एफएमसीजी में बिकवाली देखी गई।

### चांदी 2.55 लाख रुपए किलो और सोना 1.51 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 7 मई को बढ़त रही। 10 ग्राम सोने का भाव 285 रुपए बढ़कर 1.51 लाख रुपए के पार निकल गया है। वहीं चांदी 5,731 रुपए बढ़कर 2.55 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे, जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है।



# सेना ने मणिपुर में सुरक्षा हालातों का लिया जायजा

## सैन्य अधिकारियों ने अग्रिम इलाकों का दौरा कर की तैयारियों की समीक्षा

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में हालिया हिंसा और सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारतीय सेना ने राज्य में अपनी तैयारियों और तैनाती का व्यापक आकलन किया। स्पीयर कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने राज्य के अग्रिम और संवेदनशील इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था तथा सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। सेना की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, लेफ्टिनेंट जनरल कालिया ने रेड शील्ड डिवीजन के अंतर्गत आने वाले कांगवाई, सेंद्र, लितान और वाईकेपीआई क्षेत्रों का दौरा किया।



### परिचालन क्षमता बेहतर करने की जताई प्रतिबद्धता

**कोर** कमांडर ने कहा कि यह दौरा क्षेत्र में परिचालन क्षमता को और मजबूत करने, तकनीकी संसाधनों को बढ़ाने तथा मणिपुर में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में सैनिकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और तकनीकी दक्षता की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में आधुनिक तकनीक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।

### कोर कमांडर ने किया क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण

**कोर** कमांडर क्षेत्र में तैनात जवानों और अधिकारियों से बातचीत कर मौजूदा सुरक्षा हालात की जानकारी ली। कोर कमांडर ने हाल में हुई तांगखुल-कुकी झड़पों से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने जमीन पर तैनात सैनिकों की सतर्कता, पेशेवर क्षमता और कठिन परिस्थितियों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की। सेना के अनुसार, उन्होंने जवानों से कहा कि क्षेत्र में शांति कायम रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बनाए रखना जरूरी है। दौरे के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल कालिया ने लेइमाखोंग सैन्य स्टेशन स्थित रेड शील्ड ड्रोन लैब का भी निरीक्षण किया।

# मोहाली में वर्ल्ड रेडक्रॉस-डे पर 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** डिप्टी कमिश्नर-कम-प्रेसिडेंट जिला रेडक्रॉस ब्रांच, श्रीमती कोमल मित्तल (आईएएस) की अगुवाई में वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के अवसर पर जिला प्रशासनिक परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। विश्वास फाउंडेशन और पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर-76, मोहाली के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके लखविंद्र सिंह को भी विशेष रूप से सराहा गया।




इससे पहले 6 मई को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंजेरी और 7 मई को अमर प्रोफेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दयालपुरा में रक्तदान शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इन कार्यक्रमों में छात्रों को फर्स्ट एड, एचआईवी/एड्स, नशा मुक्ति, भ्रूण हत्या, पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। अमर प्रोफेशनल कॉलेज के छात्रों ने राज्य स्तरीय एंबुलेंस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर गीतिका सिंह ने सम्मानित किया।

असिस्टेंट कमिश्नर अंकिता कंसल ने बताया कि वर्ल्ड रेडक्रॉस डे हर वर्ष 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है, जिन्होंने 1863 में इंटरनेशनल कमिटी ऑफ रेडक्रॉस की स्थापना की थी। इस वर्ष की थीम 'यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी' है।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव हरबंस सिंह ने बताया कि संस्था भाई घनैया जी की सेवा भावना से प्रेरित होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार कार्य कर रही है। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को मानव सेवा और रेडक्रॉस के इतिहास की जानकारी दी गई।

# एनएचआरएसीएफ चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष बने भारत भूषण

**अनंत ज्ञानख चंडीगढ़।** सामाजिक सेवा और भ्रष्टाचार विरोधी गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में भारत भूषण को 'नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटीकरप्शन फोर्स' (एनएचआरएसीएफ) का उपाध्यक्ष (चंडीगढ़, यूटी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बिरेन दवे और राष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट डॉ. के विजयराघवन द्वारा की गई। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, भारत भूषण का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। इस दौरान वे युवाओं, महिलाओं, छात्रों और कर्मचारियों के बीच मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ माहौल मजबूत करने का कार्य करेंगे। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत भूषण ने कहा कि वे संस्था के नेतृत्व के आभारी हैं और उनका मुख्य उद्देश्य चंडीगढ़ में मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना और भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाना रहेगा। संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में चंडीगढ़ में एनएचआरएसीएफ की गतिविधियों को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।



# कुंवर उदय सिंह 'आप' में शामिल

## कांग्रेस को झटका, मंत्री अमन अरोड़ा ने सिरोपा भेंट किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब में लगातार मजबूत हो रही है, जबकि कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन महासचिव कुंवर उदय सिंह राठौर ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस छोड़कर 'आप' की सदस्यता ग्रहण कर ली।



यह शामिली कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और डेराबस्सी से विधायक कुलजीत रंधावा की मौजूदगी में हुई। मंत्री अमन अरोड़ा ने कुंवर उदय सिंह राठौर को सिरोपा भेंट कर पार्टी में औपचारिक रूप से स्वागत किया।

कुंवर उदय सिंह राठौर का राजनीतिक अनुभव काफी व्यापक रहा है। वे इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पूर्व महासचिव, पंजाब प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता, सोशल मीडिया सेल पंजाब के चेयरमैन और मालवा जोन के सचिव इंचार्ज जैसे अहम पदों पर काम कर चुके हैं।

उनके 'आप' में आने से पार्टी को संगठनात्मक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की कार्यशैली और विकास के एजेंडे से प्रभावित होकर हर वर्ग के ईमानदार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राठौर जैसे अनुभवी नेता के आने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी 'रंगला पंजाब' के लक्ष्य की ओर और तेजी से आगे बढ़ेगी।

# रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में जीएसटी पर विशेषज्ञ व्याख्यान



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (यूएसएमएस) के प्रबंधन विभाग द्वारा 'टैक्सेशन से आगे: जीएसटी भारत में व्यवसाय और प्रौद्योगिकी को कैसे बदल रहा है' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जीएसटी की बदलती भूमिका, व्यवसाय संचालन, अनुपालन प्रणाली और डिजिटल शासन के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम में चांसलर गुरविंदर सिंह बहरा और वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए टैक्सेशन, वित्त और व्यावसायिक प्रौद्योगिकी में उद्योग-आधारित ज्ञान के महत्व पर बल दिया। मुख्य वक्ता पूनम ठाकुर, एचपीआरएस, सहायक आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी विभाग, शिमला ने बताया कि जीएसटी ने भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को एकीकृत कर इसे अधिक सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने डिजिटल इनवॉइसिंग, ऑनलाइन टैक्स फाइलिंग, ई-गवर्नेंस और स्वचालित अनुपालन तंत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। डीन प्रो. (डॉ.) सुनैना खुराना ने कार्यक्रम की शुरुआत में वक्ता का परिचय कराया और प्रौद्योगिकी आधारित कर सुधारों के महत्व पर विचार साझा किए।

इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने जीएसटी अनुपालन, करियर अवसरों और डिजिटल वित्तीय प्रणालियों से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रज़िया ने किया, जबकि डॉ. अंशु गौबा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# गुलाब चंद जयपुर का मलमल कॉटन कलेक्शन चंडीगढ़ में

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गुलाब चंद जयपुर एक बार फिर अपने नए मलमल कॉटन कलेक्शन के साथ चंडीगढ़ पहुंचा है। सेक्टर-22 स्थित एरोमा होटल में लगाई गई यह प्रदर्शनी राजस्थान की पारंपरिक कला और आधुनिक फैशन का अनोखा संगम पेश कर रही है। प्रदर्शनी में अजरख, सांगानेरी, बगरू, डाबू और कलमकारी जैसे हाथ से बने ब्लॉक प्रिंट कपड़े उपलब्ध हैं, जो हल्के, आरामदायक और गर्मियों के लिए उपयुक्त हैं। 1930 से स्थापित इस ब्रांड ने इस बार फाइन कॉटन और मलमल फैब्रिक में नई डिजाइन पेश की हैं।



यहां स्टाइलिश सूट, कुर्तियां, अनारकली सेट, को-ऑर्ड सेट के साथ-साथ अंगरखा स्टाइल कुर्तियां और शॉर्ट स्कर्ट्स भी आकर्षण का केंद्र हैं। हल्के रंगों और फ्लोरल प्रिंट के साथ ये परिधान गर्मियों में आराम और स्टाइल दोनों प्रदान करते हैं। इसके अलावा प्रदर्शनी में हैंडमेड बैग्स, दुपट्टे, बेडशीट्स, रजाई और दोहर भी उपलब्ध हैं, जो घर की सजावट और उपयोग दोनों के लिए उपयुक्त हैं। प्रदर्शनी सुबह 10:30 बजे से रात 8:30 बजे तक (एंट्री फ्री) खुली रहेगी। इच्छुक लोग नरेश (जयपुर) से संपर्क कर सकते हैं। यह कलेक्शन गर्मियों में पारंपरिक शिल्प और आधुनिक फैशन का बेहतरीन मेल पेश करता है।

# पंजाब के हालात बंगाल से भी बदतरः नायब सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज पंजाब के हालात पश्चिम बंगाल से भी बदतर हो गए हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था, नशे और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पंजाब सरकार को पूरी तरह विफल करार दिया।

हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सैनी ने कहा कि पंजाब में नशा और कानून व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर हैं। हालिया बम धमाकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार स्थिति को संभालने में असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी आगे निकल गई है और जनता इलाज व बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है। महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के मुद्दे पर भी सैनी ने पंजाब सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं को नियमित रूप से 2100 रुपये दिए जा रहे हैं, जबकि पंजाब सरकार अब तक अपनी घोषणाओं को लागू नहीं कर पाई है।

# ईडी रेड पर अमन अरोड़ा ने किया पलटवार, भाजपा पर लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर और चुनिंदा जानकारी लीक कर राजनीतिक रूप से उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरोड़ा ने ईडी की हालिया कार्रवाई को चुनाव से पहले विपक्ष को डराने और चरित्र हनन की राजनीति करार दिया। उन्होंने कहा कि छापेमारी के समय वे अपनी बीमार मां की देखभाल और आधिकारिक बैठक में व्यस्त थे, इसलिए उन्हें मामले की जानकारी बाद में मिली।

अरोड़ा ने दावा किया कि ईडी के शुरुआती बयान में उनका नाम नहीं था, लेकिन बाद में राजनीतिक दबाव में उनका नाम जोड़ा गया। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि उनका गौरव धीर से 22 वर्षों पुराना निजी संबंध है, लेकिन किसी भी प्रकार का व्यापारिक लेन-देन नहीं रहा है। अरोड़ा ने यह भी कहा कि यदि उनके खिलाफ कोई भी आरोप साबित होता है तो वे राजनीति छोड़ देंगे। ईडी को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग देने को तैयार हैं और उनके फोन की फोरेंसिक जांच भी करवाई जा सकती है। अरोड़ा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत में होगा ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश में लोकप्रिय हो रही शतरंज संस्कृति का लाभ उठाना है। जीसीएल ने कहा कि मेजबान शहर की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आयोजन का तीसरा सत्र पिछले दिसंबर में मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें एल्पाइन एसजी पाइपर्स टीम चैंपियन बनी थी। लीग ने खेल के प्रारूप में बदलाव किया है। रैपिड प्रारूप के मुकाबलों, मिश्रित टीमों और कड़े प्रतिस्पर्धी मैचों के जरिए इसे दर्शकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ''खेल के प्रति भारत का जुनून और इसका तेजी से बढ़ता शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र इसे लीग के लिए एक स्वाभाविक गंतव्य बनाता है। हम एक और रोमांचक सत्र का इंतजार कर रहे हैं, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और वैश्विक प्रशंसक वर्ग को एक साथ लाएगा।'' चौथा सत्र एक बार फिर टीम-आधारित प्रारूप में दुनिया के अग्रणी खिलाड़ियों को एक साथ लाएगा। फिडे के अध्यक्ष अर्कादी ड्वोरकोविच ने कहा, ''ग्लोबल शतरंज लीग ने विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा को एक आकर्षक टीम प्रारूप के साथ जोड़कर खेल में नयी ऊर्जा का संचार किया है। यह नए और मौजूदा दर्शकों दोनों को समान रूप से आकर्षित करता है।'' (अनंत ज्ञान)

### भारत में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल : व्लाडे डिवैक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एनबीए के दिग्गज खिलाड़ी व्लाडे डिवैक का मानना है कि भारत में क्रिकेट भले ही सबसे लोकप्रिय खेल हो, लेकिन बास्केटबॉल भी देश में अपनी मजबूत पहचान बना सकता है। सैक्रामेंटो किंग्स के पूर्व खिलाड़ी डिवैक ने शुक्रवार को अमेरिकन सेंटर में राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों के 100 से अधिक बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ बास्केटबॉल खेली। सात फीट एक इंच लंबे डिवैक भारतीय बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में हैरान हूं। बच्चे काफी प्रतिभाशाली हैं।' दो ओलंपिक रजत और दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीत चुके डिवैक ने विशेष रूप से लड़कियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, 'भारत बड़ा देश है और यहां बहुत सारे बच्चे हैं। अगर सही दिशा में काम किया जाए तो भारत बास्केटबॉल में बड़ी ताकत बन सकता है। एनबीए एक वैश्विक ब्रांड है और भविष्य में भारत से भी एनबीए खिलाड़ी निकल सकते हैं।' भारत की एनबीए में पहले भी मौजूदगी रही है। कनाडा में जन्मे भारतीय मूल के सिम भुल्लर 2015 में एनबीए अनुबंध पाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। उन्हें सैक्रामेंटो किंग्स ने ही टीम में शामिल किया था, जब डिवैक टीम के बास्केटबॉल संचालन के उपाध्यक्ष थे। सतनाम सिंह एनबीए में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 2015 में डलास मावेरिक्स के साथ अनुबंध किया था। डिवैक ने कहा, 'भारत एक विशाल देश है और यहां के लोग बेहद शानदार हैं। हम बच्चों को बास्केटबॉल के लिए तैयार करने में मदद करना चाहते हैं। मुझे पता है कि यहां क्रिकेट सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और इसका जुड़ाव हमेशा बना रहना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

### ईवा लिस का खूबसूरत अंदाज

**जर्मनी।** ईवा लिस अपने देश की नंबर-एक टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने दुबई में हुए डब्ल्यूटीए 1000 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। उनके पिता व्लादिमीर एक पूर्व टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं। ईवा लिस के खूबसूरती के चर्चे हर जगह होते हैं।



गुजरात जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा, राजस्थान को गेंदबाजी सुधार की दरकार

# राजस्थान-गुजरात में टॉप-4 की टक्कर आज

**एजेंसी, जयपुर**



लगातार तीन जीत से आत्मविश्वास से भरी गुजरात टाइटंस शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत की लय कायम रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेगी।

दोनों टीमों का अब तक का प्रदर्शन लगभग समान रहा है। राजस्थान और गुजरात ने 10 मैचों में छह-छह जीत दर्ज की हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण रॉयल्स गुजरात से आगे है। हालांकि, हालिया फॉर्म गुजरात के पक्ष में नजर आती है, जबकि राजस्थान ने पिछले पांच में से तीन मैच गंवाए हैं।

रॉयल्स ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कप्तान रियान पराग की 90 रन की पारी की बदौलत 225 रन बनाए थे, लेकिन गेंदबाज इस बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर सके। यह लगातार दूसरा मौका था जब टीम 220 से अधिक का स्कोर बचाने में विफल रही। राजस्थान की बल्लेबाजी वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और ध्रुव जुरेल (290) के दम पर मजबूत दिखती है, लेकिन मध्य और निचला क्रम अपेक्षित योगदान नहीं दे पाया है। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा ही 150 से ज्यादा रन बना सके हैं। जुरेल टीम के अहम बल्लेबाज हैं, लेकिन उनकी स्ट्राइक रेट चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले तीन मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 42, 16 और 42 रन की पारियां खेलीं, लेकिन अपेक्षित तेजी नहीं दिखा सके। मौजूदा आईपीएल में बड़े स्कोर आसानी से पीछा किए जा रहे हैं, ऐसे में राजस्थान को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में सुधार करना होगा। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस सही समय पर लय में लौटती दिख रही है। कप्तान शुभमन गिल (378 रन) लगातार रन बना रहे हैं, जबकि साई सुदर्शन (385) शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछली चार पारियों में दो अर्द्धशतक और एक शतक जड़ा है।

जोस बटलर (335) की निरंतरता ने गुजरात के शीर्ष क्रम को और मजबूत किया है, जबकि निचले क्रम में टीम के पास मैच फिनिश करने वाले बल्लेबाज मौजूद हैं।

गेंदबाजी में कैगिसो रबाडा (16 विकेट) टीम की अगुआई कर रहे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा (12) और मोहम्मद सिराज (11) के साथ उनकी तेज गेंदबाजी तिकड़ी गुजरात की बड़ी ताकत बनी हुई है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में इस सीजन 220 से ज्यादा के स्कोर दो बार सफलतापूर्वक चेज हो चुके हैं। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), अमन राव, शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जडेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, ब्रिजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, एडम मिल्ने, सुशांत मिश्रा, विग्नेश पुथुर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, यशराज पुंजा, युद्धवीर सिंह।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर (विकेटकीपर), कॉनर एस्टरहुइजन, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जेसन होल्डर, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, निशांत सिद्धू, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, अशोक शर्मा, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, आर साई किशोर, ईशांत शर्मा, ल्यूक वुड, जयंत यादव।

## धोनी का विकेट, अश्विन का 'ओवर सेलिब्रेशन'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया है कि करियर के शुरुआती दिनों में महेंद्र सिंह धोनी का विकेट लेने के बाद उनका 'ओवर सेलिब्रेशन' माही को पसंद नहीं आया था। जियोस्टार के कार्यक्रम में अश्विन ने बताया कि उस समय उन्हें उम्मीद थी कि धोनी को आउट करने से शायद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलने का मौका मिल जाए। अश्विन ने कहा, 'उस समय सीएसके में मुथैया मुरलीधरन जैसे दिग्गज गेंदबाज थे, इसलिए मुझे ज्यादा मौके नहीं मिलते थे। 2008 में मैं नहीं खेला। 2009 में केपटाउन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सचिन तेंदुलकर के सामने पहला मैच खेलने का मौका मिला, लेकिन अगले दो सीजन में भी सीमित अवसर ही मिले।'



**◆ अश्विन बोले-चैलेंजर ट्रॉफी में धोनी को आउट कर इतना जश्न मनाया कि वह नाराज हो गए**

उन्होंने कहा, 'चैलेंजर ट्रॉफी में मैंने धोनी को दो बार आउट किया। एक बार उन्होंने डीप कवर की तरफ शॉट खेला और मैंने डाइव लगाकर कैच पकड़ा। इसके बाद मैं इतना जश्न मनाने लगा कि धोनी सच में नाराज हो गए।' अश्विन के मुताबिक, धोनी ने उनसे पूछा, 'इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है?' इस पर उन्होंने जवाब दिया, 'आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में मौका मिल जाए।' उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'अगले साल मुझे मौका मिल गया।'

दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अश्विन ने कहा कि उनका सपना उसी सीएसके टीम के साथ आईपीएल करियर खत्म करने का था, जहां से उन्होंने शुरुआत की थी। हालांकि उनकी इच्छा चेपॉक में आखिरी मैच खेलने की भी थी, लेकिन उनका अंतिम आईपीएल मुकाबला दिल्ली में हुआ। अश्विन ने अपने आखिरी आईपीएल विकेट वैभव सूर्यवंशी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'वैभव असाधारण प्रतिभा है। मैंने उसे फ्लाइट से चकमा देने की कोशिश की, लेकिन उसने जल्दी खुद को संभाल लिया। तभी लगा कि यह कमाल का खिलाड़ी है।' (अनंत ज्ञान)

## रोनाल्डो ने सऊदी प्रो-लीग में 100वां गोल दागा

### 1000 गोल से बस 29 गोल दूर है यह पुर्तगाली फुटबॉलर

**एजेंसी, रियाद**



दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो-लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली।

इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले साडियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था। चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नासर के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं। अल-हिलाल को अभी तीन मैच खेलने हैं जो अल-नासर से एक अधिक है। पांच बार के बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नासर से जुड़े थे लेकिन उनकी मौजूदगी में इस टीम ने सऊदी अरब में अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है। (अनंत ज्ञान)

### सही शॉट चयन का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं सूर्यांश शेडगे

**एजेंसी, मुंबई।** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे ने कहा है कि उन्होंने पूर्व भारतीय खिलाड़ी और चयनकर्ता जतिन परांजपे की देखरेख में दबाव भरे हालात में अपनी सोच और शॉट चयन पर खास तौर पर काम किया है। 23 वर्षीय शेडगे को आईपीएल में मौके का इंतजार करना पड़ा, लेकिन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 57 रन की शानदार पारी और फिर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 17 गेंदों में 25 रन की तेज पारी से उन्होंने अपनी क्षमता साबित की। शेडगे ने बताया कि उन्होंने वासु परांजपे क्रिकेट सेंटर में अभ्यास के दौरान दबाव की स्थिति में स्पष्ट सोच और आत्मविश्वास पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, 'पिछले डेढ़ साल मेरे लिए बहुत अहम रहे हैं। जतिन सर ने मेरी बल्लेबाजी के साथ-साथ मेरी सोच और आत्मविश्वास पर काम किया। उन्होंने हमेशा मुझे अपने स्वाभाविक खेल पर भरोसा करने और दबाव में साफ सोचने के लिए प्रेरित किया।' जतिन परांजपे ने कहा कि आधुनिक क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि सही फैसले लेने की क्षमता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा, 'आजकल युवा खिलाड़ियों में प्रतिभा होती है, लेकिन अंतर अक्सर उनकी सोच और निर्णय लेने के तरीके से आता है।' (अनंत ज्ञान)

## कोहली का विकेट लेने से अच्छा लगा लेकिन मैच जीतना महत्वपूर्ण : प्रिंस

**एजेंसी, लखनऊ**



लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है।

प्रिंस ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''कोहली का विकेट लेने के बाद मुझे अच्छा लगा, लेकिन सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि हमने मैच जीत लिया। अगर मैंने विकेट लिया होता और हम हार जाते, तो इतना अच्छा नहीं लगता।'' उन्होंने कहा, ''कोई भी गेंदबाज जब किसी भी तरीके से विकेट लेता है तो अच्छा लगता है। अगर परिस्थिति ऐसी होती है कि हम विकेट लेकर ही मैच जीत सकते हैं तो वही हुआ और मुझे अच्छा लग रहा है।'' प्रिंस ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 विकेट लिए हैं, जो शीर्ष पर चल रहे गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार (17) और अंशुल कंबोज (17) से केवल एक विकेट कम है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से नई गेंद से गेंदबाजी करने के बारे में बहुत कुछ सीखा है।

उन्होंने कहा, ''मैंने उनसे (शमी से) नई गेंद से गेंदबाजी करने के बारे में बहुत कुछ सीखा। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी कोई गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा होता है तो वह मिड-ऑन या मिड-ऑफ पर खड़े होते हैं। अगर आपका साथ देने के लिए इतना अनुभवी खिलाड़ी हो तो आत्मविश्वास का स्तर अलग हो जाता है।'' आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने स्वीकार किया कि प्रिंस की गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। पाटीदार ने कहा, ''हमने दिल्ली में प्रिंस के साथ कई घरेलू मैच खेले हैं। मैं उन्हें लंबे समय से देखता आ रहा हूं। उनके पास गति है। (अनंत ज्ञान)

थॉमस कप कांस्य पर फीकी प्रतिक्रिया से निराश स्टार शटलर सात्विक बोले-

## हमें भव्य स्वागत नहीं, सिर्फ देश का समर्थन चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी ने कहा है कि थॉमस कप में भारतीय टीम के कांस्य पदक पर उनकी हालिया टिप्पणी का मकसद किसी तरह की 'भव्य स्वागत' या आर्थिक इनाम की मांग नहीं था, बल्कि सभी खेलों और खिलाड़ियों की उपलब्धियों का समान उत्साह से सम्मान किए जाने की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।

स्वदेश लौटने के बाद सात्विक ने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'अब घर वापस आ गया हूं। हमेशा की तरह, पिछले दो सप्ताह में क्या हुआ, यह किसी को पता नहीं है और लगता है कि किसी को इसकी परवाह भी नहीं है।' शुक्रवार को 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक और पोस्ट साझा कर अपनी बात स्पष्ट की। उन्होंने लिखा, 'मेरी टिप्पणियों पर काफी ध्यान दिया गया, लेकिन कई लोग मूल मुद्दे से भटक गए। मेरे शब्द व्यक्तिगत प्रसिद्धि पाने या किसी अन्य खिलाड़ी की उपलब्धि को कम करने के लिए नहीं थे। मैं हर उस खिलाड़ी का सम्मान करता हूं जो किसी भी खेल में भारत का नाम रोशन करता है।' सात्विक ने कहा कि जरूरत ऐसी खेल संस्कृति बनाने की है, जहां हर छोटी-बड़ी जीत का उत्साह के साथ जश्न मनाया जाए। उनके मुताबिक, थॉमस कप जैसे टूर्नामेंट में सफलता वर्षों की मेहनत, त्याग और संघर्ष का परिणाम होती है और जब ऐसी उपलब्धियों पर चुप्पी छा जाती है तो यह खिलाड़ियों के लिए बेहद निराशाजनक होता है। उन्होंने कहा, 'चाहे विश्व कप का पदक हो या थॉमस कप में पोडियम फिनिश, ये पल वर्षों की मेहनत और बलिदान का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब इन पर प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो यह सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि उन युवा खिलाड़ियों के लिए भी निराशाजनक होता है, जो हमें देखकर प्रेरणा लेते हैं।'

सात्विक ने कहा, 'हमें न पैसे चाहिए, न भव्य परेड। हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि हमारा देश हमें देखे और हमारे प्रयासों को महसूस करे। सभी खेलों को समान उत्साह और जुनून के साथ समर्थन मिलना चाहिए।' उनकी भावनाओं का समर्थन उनके जोड़ीदार चिराग शेट्टी ने भी किया। चिराग ने कहा कि चर्चा इस बात पर नहीं होनी चाहिए कि किसने ज्यादा या कम जीता, बल्कि हर उस खिलाड़ी का जश्न मनाया जाना चाहिए जो भारत की जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करता है। (अनंत ज्ञान)

## 10,057 कंप्लीमेंट्री टिकटों की मांग से बेंगलुरु से छिना आईपीएल फाइनल

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) द्वारा अतिरिक्त 10,057 मानार्थ टिकटों की मांग किए जाने के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से आईपीएल फाइनल और प्लेऑफ मुकाबले हटाए गए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

परंपरा के अनुसार मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को फाइनल की मेजबानी मिलनी थी, लेकिन सीमित क्षमता वाले स्टेडियम में अत्यधिक मानार्थ टिकट मांग के चलते यह संभव नहीं हो सका। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि लगभग 35 हजार दर्शक क्षमता वाले चिन्नास्वामी स्टेडियम में इतनी बड़ी संख्या में कॉम्प्लिमेंट्री टिकट देने के बाद आम दर्शकों के लिए पर्याप्त टिकट उपलब्ध कराना मुश्किल हो जाता।

इस सीजन के प्लेऑफ मुकाबले 26 मई को धर्मशाला और 27 व 29 मई को न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। सूत्र के मुताबिक, केएससीए को नियमों के तहत स्टेडियम क्षमता के 15 प्रतिशत तक मानार्थ टिकट मिलने का अधिकार है, लेकिन उसने इसके अलावा 10,057 अतिरिक्त टिकटों की मांग की थी।

इनमें करीब 900 पास विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के लिए मांगे गए थे। इसके अलावा विशेषज्ञ समिति और कर्नाटक सरकार से जुड़ी प्रतिबद्धताओं के लिए 750 अतिरिक्त टिकटों की जरूरत बताई गई। सूत्र ने कहा कि इन मांगों के बाद आम प्रशंसकों के लिए करीब 20 हजार टिकट ही बचते। केएससीए ने रियायती दरों पर भी टिकट मांगे थे। इसमें क्रिकेट क्लबों के लिए पी3 स्टैंड में 3,007 टिकट, सदस्यों के परिवारों के लिए 900 टिकट, एम4 स्टैंड में 1,000 टिकट और आजीवन सदस्यों के लिए 3,500 टिकट शामिल थे। धूमल ने कहा, 'आईपीएल फाइनल दुनियाभर के दर्शकों को आकर्षित करता है। ऐसे में हमारा प्रयास रहता है कि ज्यादा से ज्यादा प्रशंसकों को टिकट मिल सकें।' (अनंत ज्ञान)

## यूरोपा लीग: नॉटिंघम फॉरेस्ट को 4-0 से हराकर एस्टन विला फाइनल में

**एजेंसी, लंदन**



जॉन मैकगिन के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह पिछले 44 वर्षों में पहला अवसर है, जबकि एस्टन विला ने यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

इंग्लैंड की दो टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल में एस्टन विला ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा था। वह सेमीफाइनल के पहले चरण में 0-1 से हार गया लेकिन आखिर में 4-1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करने में सफल रहा। एस्टन विला 20 मई को इस्तांबुल में होने वाले फाइनल में जर्मन क्लब फ्रीबर्ग से भिड़ेगा। फ्रीबर्ग ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में ब्रागा को 3-1 से हराकर कुल 4-3 से जीत हासिल की। एस्टन विला 1982 में यूरोपा कप में बायर्न म्यूनिख पर जीत हासिल करने के बाद से पहली बार यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

**सख्ती** बीसीसीआई ने होटल व डगआउट में बाहरी लोगों की एंट्री पर लगाई रोक, मालिकों पर भी रहेगी नजर


## आईपीएल में 'हनी ट्रैप' अलर्ट, खिलाड़ियों पर सख्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों के लिए कड़े सुरक्षा और अनुशासनात्मक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने संभावित 'हनी ट्रैप', कानूनी जोखिम और सुरक्षा खतरों का हवाला देते हुए होटल कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) द्वारा मौजूदा सत्र में 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन' की घटनाएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सभी 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी के सीईओ को भेजे पत्र में कहा कि खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफ के होटल कमरों में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश के लिए टीम मैनेजर की पूर्व लिखित अनुमति जरूरी होगी।





पत्र में कहा गया कि कई मामलों में टीम मैनेजर को मेहमानों की मौजूदगी की जानकारी तक नहीं थी। बोर्ड ने इसे गंभीर सुरक्षा जोखिम बताते हुए तुरंत रोकने के निर्देश दिए।

बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजी को 'हनी ट्रैप' और लक्षित यौन शोषण जैसे खतरों को लेकर भी सतर्क किया। बोर्ड के अनुसार, ऐसी घटनाएं खिलाड़ियों और फ्रेंचाइजी को कानूनी मामलों और प्रतिष्ठा संबंधी नुकसान में डाल सकती हैं। नई एसओपी के तहत खिलाड़ी और स्टाफ बिना सुरक्षा अधिकारी (एसएलओ) और टीम इंटीग्रिटी अधिकारी (टीआईओ) को सूचित किए अनियमित समय पर टीम होटल से बाहर नहीं जा सकेंगे। बोर्ड ने मैच के दौरान फ्रेंचाइजी मालिकों और उनके प्रतिनिधियों को खिलाड़ियों से बातचीत या शारीरिक संपर्क करने से भी प्रतिबंधित कर दिया है। बीसीसीआई ने कहा कि डगआउट, ड्रेसिंग रूम और मैदान जैसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जाएगा।

इसके अलावा ड्रेसिंग रूम और अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में वेपिंग और ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर भी सख्त रोक लगाई गई है। बीसीसीआई ने कहा कि भारतीय कानून के तहत ई-सिगरेट प्रतिबंधित हैं और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

बोर्ड ने चेतावनी दी कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर वित्तीय जुर्माने से लेकर निलंबन और अयोग्यता तक की कार्रवाई की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)